# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 11 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 11, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 241 अंकों की गिरावट

वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और सेंसेक्स 241 अंक गिर गया। } 14

## बेहद सफल रहा प्रवासी भारतीय सम्मेलन

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने तीन दिवसीय 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन को बहुत सफल बताया। उन्होंने कहा इस सम्मेलन से देशों के बीच समन्वय और बेहतर होगा। } 16

### संक्षेप

## कक्षा 8 तक के सभी स्कूल 14 तक बंद

लखनऊ। प्रदेश में शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कक्षा आठवीं तक सभी बोर्डों के स्कूलों में अवकाश बढ़ाते हुए 14 जनवरी तक कर दिया है। इस सम्बंध में डीएम ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है। वहीं कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश नहीं किया गया है। डीएम ने इन विद्यार्थियों के लिए 14 जनवरी तक कक्षायें यथासंभव ऑनलाइन करायी जाये। ऑनलाइन व्यवस्था न होने पर इन कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय का संचालन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच होगा। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश ...शेष पृष्ठ 14 पर

## एएमयू परिसर को बम से उड़ाने की धमकी

अलीगढ़ (उप्र)। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है, क्योंकि कुलपति समेत विश्वविद्यालय के सभी शीर्ष अधिकारियों को ईमेल पर परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस अधीक्षक (शहर) मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि ईमेल मिलने के बाद कल शाम से ही परिसर और उसके आसपास के सभी संवेदनशील इलाकों में जांच जारी है और अधिकारी इस धमकी को लेकर कोई जोखिम नहीं उठा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस और विश्वविद्यालय के अधिकारी मौलाना आजाद लाइब्रेरी समेत भीड़ वाले सभी इलाकों पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। एएमयू के प्रवक्ता असीम सिद्दीकी ने बताया कि ईमेल में फिरौती की रकम का भी जिक्र है। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी, जिन्होंने धमकी जारी करने वाले ई-मेल आईडी के स्रोत का पता लगाने के लिए साइबर अपराध प्रकोष्ठ को भी सूचित कर दिया है।

## मेरठ : पांच की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

मेरठ (उत्तर प्रदेश)। शहर की घनी आबादी वाली बस्ती सुहेल गार्डन में परिवार के पांच सदस्यों की हत्या के मामले में तीन नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस इनमें से दो नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। यह जानकारी शुक्रवार को सुबह एक पुलिस अधिकारी ने दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) विपिन ताडा ने बताया कि थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की नौ जनवरी को हुई हत्या के मामले में मृत महिला के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तीन नामजद और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 18.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 08.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- आर्गेनिक टेस्टिंग व टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना होगी (पृष्ठ-02)
- संविदा चालकों-परिचालकों का मानदेय बढ़ा (पृष्ठ-02)
- सोना 250 रुपये बढ़कर 80,550 रुपये पर (पृष्ठ-14)
- जीएसटीआर-1 दाखिल करने की समयसीमा बढ़ी (पृष्ठ-14)
- निवेशकों की पूंजी 12 लाख करोड़ रुपये घटी (पृष्ठ-14)


## संभल शाही जामा मस्जिद मामले में यथास्थिति बनाये रखने के आदेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और अन्य प्राधिकारियों से संभल में मुगलकालीन जामा मस्जिद के निकट स्थित निजी कुएं को लेकर कोई कदम नहीं उठाने का निर्देश दिया।



शाही जामा मस्जिद, संभल की प्रबंधन समिति की याचिका पर विचार करते हुए प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने केंद्र सरकार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के महानिदेशक, संभल के जिला मजिस्ट्रेट और हरि शंकर जैन के नेतृत्व में हिंदू पक्ष से जुड़े व्यक्तियों को नोटिस जारी किए। पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाए, जिसका जवाब 21 फरवरी को देना होगा। इस बीच, प्रतिवादियों को दो सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। प्रतिवादी कुएं के संबंध में किसी भी नोटिस पर अमल न करें। मस्जिद समिति ने एक नयी याचिका में कहा कि संभल जिला प्रशासन शहर में पुराने मंदिरों और कुओं को पुनर्जीवित करने के लिए एक कथित अभियान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राष्ट्र प्रथम की मूल भावना में फिट होने वाले विचारों को अपनायेंगे : मोदी

### सोशल मीडिया ने सूचनाओं को सत्यापित करने के तरीके खोलकर लोकतंत्र को किया मजबूत

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह पुराने विचारों को त्यागने और नए विचारों को अपनाने के लिए तैयार हैं, बशर्ते कि वे राष्ट्र प्रथम की उनकी मूल विचारधारा में फिट हों। निवेश की सुविधा देने वाले ऑनलाइन मंच जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ की मेजबानी में आयोजित एक पॉडकास्ट में मोदी ने कहा कि वह अपनी सफलता को इस बात में देखते हैं कि वह कैसी टीम तैयार करते हैं और वह कैसे चतुराई से चीजों को संभालती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सूचनाओं के सत्यापन के लिए पहले मुट्ठी भर स्रोत ही उपलब्ध थे और इसके लिए विकल्प भी बहुत कम मौजूद थे लेकिन सोशल मीडिया ने अब सूचनाओं को सत्यापित करने के तरीके खोलकर लोकतंत्र को मजबूत किया है। मोदी ने कहा कि पहले बहुत कम लोग सोशल मीडिया पर थे जो घटनाओं के संबंध में रिपोर्टिंग करते थे और उनकी बातों को सच मान लिया जाता था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा दौर में कई ऐसे युवा नेता हैं, जिनमें क्षमता है, लेकिन वह किसी का नाम नहीं लेंगे, क्योंकि ऐसा करना दूसरों के साथ अन्याय होगा। जब कामथ ने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने अपने बाद के समय के लिए कोई योजना बनाई है, मसलन उन लोगों को प्रशिक्षित करना, जिन पर उन्हें विश्वास है और वह भी आज के लिए नहीं, बल्कि 20-30 साल बाद के लिए, तो मोदी ने कहा, मैं उन लोगों को देख सकता हूं, जिनमें बहुत अधिक क्षमता है। जब मैं गुजरात में था, तो मैं कहता था कि मैं अगले 20 साल तक टीम के लिए तैयारी करके जाना चाहता हूं। मैं यही कर रहा हूं। मेरी सफलता इस बात में निहित है कि मैं अपनी टीम को कैसे तैयार करता हूं, जो चतुराई से चीजों को संभालने में सक्षम होगी। यही मेरे लिए मेरा बेंचमार्क है।

उन्होंने कहा कि राजनीति में अच्छे लोग आते रहने चाहिए और वे मिशन लेकर आएं, एंबीशन (महत्वाकांक्षा) लेकर नहीं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह किसी युवा राजनेता में ऐसी क्षमता देखते हैं, उन्होंने कहा, बहुत लोग हैं जी। उन्होंने कहा, वे दिन-रात मेहनत करते हैं। मिशन मोड में काम करते हैं। मैं नाम लूंगा, तो बाकी के साथ अन्याय हो जाएगा। मेरा दायित्व बनता है मैं किसी के साथ अन्याय ना करूं। मेरे सामने कई नाम ...शेष पृष्ठ 14 पर

# वैश्विक पटल पर नयी छाप छोड़ेगा महाकुम्भ

### मुख्यमंत्री योगी ने प्रयागराज में मां की रसोई, कला कुम्भ, कुम्भवाणी व संग्रहालय का किया उद्घाटन

## 150 वर्षों के सफर के प्रशासकीय दस्तावेजों की लगी प्रदर्शनी

जिला संवाददाता

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में आज सेक्टर 7 में तैयार किए गए कला कुम्भ, मां की रसोई, संग्रहालय और कुंभवाणी का भी शुभारंभ किया। उन्होंने सेक्टर 7 में तैयार किए गए कला कुम्भ का भी शुभारंभ किया। यूपी स्टेट पवेलियन का शुभारंभ करने के बाद सीएम योगी ठीक सामने बने कला कुम्भ पहुंचे और यहां उन्होंने उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के द्वारा निर्मित इस अनूठे शिविर का अवलोकन किया। परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक झांकियों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फीता काटकर परिसर का उद्घाटन किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने हॉल में मौजूद कलाकृतियों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की, जबकि थ्रीडी के माध्यम से कला कुम्भ से संबंधित वीडियो भी देखा। यहां से मुख्यमंत्री सीधे प्रदर्शनी हॉल में गए, जहां उन्होंने सजाई गई अनूठी कलाकृतियों, विभिन्न मंदिरों की रेप्लिका और प्रदर्शनी को सराहा। उन्होंने कला कुम्भ को कुम्भ के विकास का प्रमाणिक दस्तावेज करार दिया। इस दौरान प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम ने उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। कला कुम्भ में उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति, पुरातत्व के साथ ही कुम्भ आयोजनों से संबंधित अभिलेखों की अनूठी प्रदर्शनी लगाई गई है। मेला क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ क्षेत्रफल में लगे कलाकुम्भ में प्रदर्शनी स्थल के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच भी सजाया गया है। प्रदर्शनी गैलरी में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की यात्रा, उत्तर प्रदेश के स्मारक, पुरातत्व विभाग के संरक्षित स्मारक, पांडुलिपि और स्मृतियों से संबंधित चित्र, अनुकृति और प्रतिकृति प्रदर्शित किए गए हैं। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को पुरातात्विक और अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ प्रदर्शित किया गया है। कुम्भ के आयोजनों, पौराणिक और ऐतिहासिक ग्रंथों में इससे संबंधित ...शेष पृष्ठ 14 पर




## डिजिटल महाकुम्भ के रूप में जाना जायेगा इस बार का आयोजन

विशेष संवाददाता

लखनऊ,। किसी भी विवादित ढांचे को मस्जिद नहीं बोलना चाहिये। हम जिस दिन मस्जिद बोलना बंद कर देंगे तो उस दिन लोग जाना भी बंद कर देंगे। यह इस्लाम के सिद्धांतों के खिलाफ भी है कि किसी की भी आस्था को ठेस पहुंचाकर, वहां मस्जिद नुमा ढांचा खड़ा कर दिया हो। ऐसे स्थान पर किसी भी प्रकार की होने वाली इबादत खुदा को भी मंजूर नहीं होती है। जब खुदा को मंजूर नहीं होती है तो बेकार में वहां क्यों इबादत की जाए।

वहीं इस्लाम में उपासना के लिए एक स्ट्रक्चर खड़ा हो, यह आवश्यक नहीं है जबकि यह सनातन धर्म में है। सनातनी उपासना के लिए मंदिर जाएगा, इस्लाम के लिए नहीं है। ऐसे में हमें किसी भी ढांचे को मस्जिद बोलने की जिद्द नहीं करनी चाहिये। यह समय एक नये भारत के बारे में सोचना के साथ आगे बढ़ने का है। हमें इस ओर ध्यान देना चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महाकुम्भ मेला क्षेत्र में ऐरावत घाट पर एक निजी चैनल के कार्यक्रम में कही। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक वर्ष पहले अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बस-ट्रक की टक्कर में ड्राइवर और कंडक्टर की मौत

सुलतानपुर। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह रोडवेज की एक बस ओवरटेक करते हुए घने कोहरे के कारण ट्रक से जा टकराई, जिससे उसके परिचालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल चालक ने बाद में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस ने बताया कि घटना बलिया-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की सुबह कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के सूरापुर अंतर्गत पडेला के पास हुई। बिजेथुआ धाम से सुबह अयोध्या जाने वाली परिवहन निगम की अनुबंधित बस निकली जिस पर स्टॉफ समेत तीन से चार लोग सवार थे। पडेला के पास बस समानांतर जा रहे ट्रक को ओवरटेक करते समय घने कोहरे के कारण उससे टकरा गई। हादसे के समय बस परिचालक सौरभ तिवारी (28) उर्फ सूरज बस के गेट के पास खड़े थे। टक्कर के बाद वह बस से गिरे तथा ट्रक के पहिये के नीचे आ गए। उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना में बस चालक इरशाद खान (26), बस पर सवार ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी के कई जिलों में बारिश के आसार

### पश्चिमी विक्षोभ के चलते तीन दिनों तक बदला रहेगा मौसम

विशेष संवाददाता



लखनऊ। कड़ाके की ठंड के बीच उत्तर भारत में एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक उत्तर भारत के कई इलाके में बारिश होने की संभावना है वहीं कई जगहों पर तेज बारिश और ओलावृष्टि के आसार हैं। प्रदेश में शुक्रवार को कई इलाकों में सुबह से ही गुनगुनी धूप हुई और सर्द रात के बाद दिन में लोगों को राहत मिली। लेकिन, पश्चिमी विक्षोभ और पुरवाई से मौसम फिर करवट लेगा। तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ और पुरवाई के असर से मौसम का मिजाज बदलेगा और उत्तर प्रदेश में दो दिन पूरब से पश्चिम तक बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम विभाग ने शनिवार व रविवार के लिए उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है। शुक्रवार को तराई समेत अन्य कई इलाकों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। कुछ जिलों में कोहरे की वजह से दृश्यता प्रभावित हुई। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को सुबह से ही हल्की धूप खिली और गलन से राहत मिली। शनिवार को यहां भी पुरवाई चलने और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दिल्ली : कोहरे के चलते 100 से अधिक उड़ानें प्रभावित

नयी दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाये रहने के कारण दृश्यता शून्य हो गई, जिससे हवाई और रेल परिचालन प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 100 से अधिक उड़ानें विलंबित हैं और 26 ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग ने बताया कि भारतीय समयानुसार तड़के साढ़े चार बजे से पालम में दृश्यता शून्य है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार सफदरजंग में सुबह साढ़े पांच बजे से घने कोहरे के कारण दृश्यता 50 मीटर तक रही। इस बीच दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री कम छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज ...शेष पृष्ठ 14 पर

## निकाय चुनाव में बनेगी भाजपा की सरकार

### उत्तराखण्ड में बेरोजगारी समाप्त करने को उठाये कई कदम : धामी

प्रमुख संवाददाता

चम्पावत (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में जारी स्थानीय निकायों में भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार अभियान को धार देते हुए चम्पावत जनपद के टनकपुर में कहा कि निकाय चुनावों में भाजपा के पक्ष में भारी मतदान करेगी और क्षेत्र में ट्रिपल इंजन की सरकार बनायेगी, जो प्रदेश के विकास और समृद्धि की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। मुख्यमंत्री धामी ने शुक्रवार को टनकपुर में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में नगरपालिका टनकपुर से चेयरमैन पद के भाजपा प्रत्याशी विपिन कुमार के पक्ष में स्थानीय प्रबुद्धजनों और विभिन्न संस्थाओं से जुड़े लोगों को संबोधित किया। सीएम धामी ने सम्मेलन में अपने




भाषण में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मां पूर्णागिरि और मां शारदा से मेरा बचपन का नाता रहा है। बचपन से ही हम शारदा के तट पर रहे हैं और यहीं अपना बचपन व्यतीत किया है। मां पूर्णागिरि के आशीर्वाद और मां शारदा के सानिध्य से ही मुझे यह मुख्य सेवक की भूमिका मिली है और निकाय चुनाव के प्रचार की शुरूआत भी यहीं से हो रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने साफ-सफाई प्रबंधन के लिए 152.37 करोड़ रुपये किये आवंटित

## महाकुम्भ में स्वच्छता के लिए नयी तकनीक का इस्तेमाल

विशेष संवाददाता

नयी दिल्ली। पर्यावरण अनुकूल स्वच्छता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने महाकुंभ में साफ-सफाई प्रबंधन के लिए 152.37 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। जल शक्ति मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस पहल में आधुनिक प्रौद्योगिकी को पारंपरिक उपायों के साथ जोड़ा गया है ताकि स्वच्छ और टिकाऊ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

इसमें कहा गया है कि विशाल मेला मैदान में 28,000 से अधिक शौचालय बनाये गये हैं, जिनमें सेप्टिक टैंक के साथ 12,000 फाइबर-रीइनफोर्स्ड प्लास्टिक शौचालय और 16,100 पूर्वनिर्मित स्टील शौचालय शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा श्रद्धालुओं की स्वच्छता के लिए 20,000 सामुदायिक मूत्रालय बनाये गए हैं। बयान में कहा गया है कि ये प्रयास पर्यावरण के अनुकूल स्वच्छता परंपराओं को बढ़ावा देने संबंधी मिशन के लक्ष्य के अनुरूप हैं। इसमें कहा गया है कि अपशिष्ट प्रबंधन से निपटने के लिए, आयोजकों ने 20,000 कूड़ेदान रखे हैं ताकि पुनर्चक्रण को ...शेष पृष्ठ 14 पर



## आरती संग्रह की एक करोड़ प्रतियां बंटवायेगा अदाणी समूह

नयी दिल्ली। अदाणी समूह ने इस वर्ष प्रयागराज में महाकुंभ में भक्तों के बीच आरती संग्रह की एक करोड़ प्रतियों के मुफ्त वितरण के लिए गीता प्रेस के साथ साझेदारी की है। यह पुस्तक, आरती संग्रह है। इसे गीता प्रेस ने प्रकाशित किया है और यह पहल सनातन साहित्य सेवा का हिस्सा है। भारतीय संस्कृति के संरक्षण, प्रचार और प्रसार के उद्देश्य से समर्पित संगठन गीता प्रेस के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को अहमदाबाद में अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी से मुलाकात की। अदाणी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, महाकुंभ भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्था का महायज्ञ है। हमारे लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## लिफ्ट में फंसकर किशोर की मौत, जमकर हंगामा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग नंबर-9 के पास स्थित पांच मंजिला गाड़ियों के शोरूम की लिफ्ट में फंसकर वर्षीय किशोर शरद राजवंशी मौत हो गयी। दर्दनाक हादसे के बाद वहां हड़कंप मच गया और परिजनों ने हंगामा करना शुरू किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर सबको शांत करा शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक, लखीमपुर के गोकरननाथ निवासी सुरेश अग्रवाल का सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्टनगर के पार्किंग नंबर-9 के पास पांच मंजिला भवन है। इसी भवन में सुरेश का ही भूतल से तीसरी मंजिल तक अशोक लीलैंड की हमरारी ऑटो व चार पहिया वाहनों का शोरूम है। शोरूम में पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर-5 निवासी शैलेंद्र राजवंशी का बेटा शरद राजवंशी एक माह से सफाई का काम कर रहा था। शुक्रवार शाम को करीब 4 बजे तीसरी मंजिल से लिफ्ट से वह नीचे आ रहा था। लिफ्ट में प्रवेश करते समय ही उसका पैर बीच में फंस गया। लिफ्ट दूसरी मंजिल पर आकर रूकी। काफी देर तक लिफ्ट एक ही मंजिल पर रुकने के कारण लोगों ने लिफ्टमैन अनिल को सूचना दी। अनिल ने जब लिफ्ट की जांच की तो दूसरी मंजिल पर रूकी थी। लिफ्ट में शरद फंसा ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता के दर्शन करायेगा यूपी स्टेट पवेलियन : योगी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ/महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महाकुम्भ क्षेत्र में बनकर तैयार हुए यूपी स्टेट पवेलियन (उत्तर प्रदेश दर्शन मंडपम) का उद्घाटन किया। उन्होंने यूपी स्टेट पवेलियन को महाकुम्भ आने वाले देश और दुनिया के श्रद्धालुओं को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह यूपी स्टेट पवेलियन श्रद्धालुओं के लिए प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता को जानने और समझने का केंद्र बनेगा। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने सीएम योगी को पर्यटन सर्किट पर आधारित प्रदर्शनी स्थल को दिखाया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सेल्फी प्वॉइंट पर फोटो शूट भी कराया। इसके बाद उन्होंने यहां लोगों के आवागमन के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान बैकग्राउंड में पर्यटन विभाग का महाकुम्भ थीम सांग एक में अनेक हैं...भी बजता रहा।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा महाकुम्भ के सेक्टर 7 में पांच एकड़ क्षेत्रफल में तैयार किए गए दर्शन मंडपम में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों के पर्यटन सर्किट पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त एक जिला एक उत्पाद, उत्तर प्रदेश ग्रामीण पर्यटन परियोजना और रेशम विभाग के स्टाल लगाए गए हैं। दर्शन मंडपम में उत्तर प्रदेश के व्यंजन, भारत के व्यंजन और ऑर्गेनिक व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए हैं। मुख्य मंडप में धार्मिक स्थलों की भव्य झांकी लगाई गई है। पर्यटन से संबंधित गैलरी में रामायण सर्किट, कृष्ण-ब्रज सर्किट, महाभारत सर्किट, बुंदेलखंड सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी कबीर सर्किट, बुद्धिस्ट सर्किट, जैन सर्किट, वाइल्ड लाइफ एवं ईको टूरिज्म सर्किट, क्राफ्ट सर्किट एवं स्वतंत्रता संग्राम सर्किट के माध्यम से उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन महत्व से जुड़े स्थलों को प्रदर्शित किया गया है। इन 12 सर्किट में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता की तस्वीर देखने को मिलती है। खानपान से जुड़ी तीन तरह की गैलरियां तैयार की गई हैं। उत्तर प्रदेश के व्यंजनों पर आधारित गैलरी, भारत के व्यंजनों पर आधारित गैलरी और ऑर्गेनिक खानपान पर आधारित गैलरी में खानपान के बहुरंगी स्टाल लगाए गए हैं। यहां ओडीओपी और रेशम के उत्पादों के साथ ही ग्रामीण पर्यटन से जुड़ी गैलरियां तैयार की गई हैं और सभी के स्टाल लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश दर्शन मंडपम में बेहतरीन सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं, जो आगंतुकों को आकर्षित कर रहे हैं।

## भू माफिया को खाली करनी ही होगी जमीन : सीएम

**महाकुम्भनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रयागराज में पूर्व स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि राजधानी लखनऊ में पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर मिला और आज प्रयागराज में स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धेय कमला बहुगुणा की प्रतिमा का भी अनावरण करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भू माफिया को भी निशाने पर लिया।

सीएम योगी ने चेतावनी दी कि भू माफिया ने प्रयागराज में जो सैकड़ों एकड़ भूमि कब्जाई है, उसे खाली करना ही पड़ेगा। सीएम योगी ने प्रयागराज के भूमाफिया को निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रयागराज में सैकड़ों एकड़ भूमि पर तमाम भूमाफिया ने कब्जा किया हुआ है। देर सवेर तो इसे खाली होना ही है। इससे पूर्व सीएम योगी के मंच पर चढ़ते जय श्री राम, हर हर महादेव, हर हर गंगा मैया, वंदे मातरम का भी उदघोष हुआ। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूर्व स्वतंत्रता सेनानी कमला बहुगुणा के संघर्ष को भी याद किया। सीएम योगी ने कहा, कमला बहुगुणा ने बचपन से ही ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलन में हिस्सा लिया। 8 साल की उम्र में ही उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ नारे लगाए, जिसके कारण उन्हें ब्रिटिश पुलिस ने प्रताड़ित भी किया। जब उन्होंने घर में अपनी मां से शिकायत की तो मां ने उन्हें और मजबूत किया। मां बोलीं कि यह

- **मुख्यमंत्री ने पूर्व स्वतंत्रता सेनानी कमला बहुगुणा की प्रतिमा का किया अनावरण**
- **लोगों का जो भाव अयोध्या के लिए था वही आज महाकुम्भ के लिए है**

देश की आजादी के लिए संघर्ष का हिस्सा है और हमें इस तरह पिटाई की आदत डालनी होगी। तभी अंग्रेजों से हम अपने देश को आजादी दिला पाएंगे।

सीएम योगी ने बताया कि 2019 के महाकुम्भ के दौरान एक शिविर में पहुंचे। वहां पता चला कि कमला बहुगुणा ने 1954 में ही एक शिविर की शुरूआत की थी, जो आज भी




संचालित होता है। यहां खोया-पाया के साथ ही कई प्रकार से श्रद्धालुओं की मदद की जाती है। मुख्यमंत्री योगी ने बहुगुणा परिवार के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को सराहा। उन्होंने कहा, हेमवती नंदन बहुगुणा ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के पद पर रहते हुए भी कभी भौतिक संपत्ति की चाह नहीं की। वे यहीं प्रयाग में किराए के मकान में रहते थे, जबकि वे आसपास के सभी घर खरीद सकते थे। उनकी यही विशेषता बहुगुणा परिवार को यादगार बनाए रखेगी। सीएम योगी ने महाकुम्भ के आयोजन के महत्व पर भी जोर दिया। सीएम ने कहा कि लोगों के अंतर्मन में जो भाव अयोध्या के लिए था, वही भाव आज महाकुम्भ के लिए भी है। सीएम योगी ने कहा कि प्रयाग एक पवित्र स्थान है, जहां न केवल मनुष्य, बल्कि पवित्र आत्माएं भी पहुंचती हैं। यही कारण है कि स्वच्छ प्रयाग की कल्पना को साकार करने की दिशा में युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ के आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने भी कार्यक्रम के दौरान संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वे विदेश में थे।

# गोरखपुर में होगी आयुर्वेद, योग और नाथपंथ पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

### महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में होगा तीन दिवसीय आयोजन, कई देशों के डेलीगेट्स करेंगे प्रतिभाग

**लखनऊ/गोरखपुर।** आयुर्वेद, योग और नाथपंथ के पारस्परिक अंतरसंबंधों को समझने के लिए गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) की तरफ से आयोजित हो रही इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ 12 जनवरी को और समापन 14 जनवरी को होगा। खास बात यह भी कि कई देशों के डेलीगेट्स की सहभागिता वाली अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन मुख्यमंत्री एवं महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ का विशेष व्याख्यान होगा।

गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम ने बताया कि ह्यआयुर्वेद-योग-नाथपंथह्ल विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ 12 जनवरी को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय का पंचकर्म ऑडिटोरियम में पूर्वाह्न 11:30 बजे से होगा। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में इजराइल के आयुर्वेद औषधि विशेषज्ञ, गई लेविन और विशिष्ट अतिथि के रूप में आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह, श्रीलंका के मशहूर आयुर्वेद चिकित्सक प्रो. पिरयानी पेरिस और श्रीलंका के ही डॉ. मायाराम उनियाल उपस्थित रहेंगे।

संगोष्ठी का समापन समारोह 14 जनवरी को अपराह्न 2 बजे से महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह की अध्यक्षता में होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीलंका के ख्यातिलब्ध आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. विरार्थना और विशिष्ट अतिथि इजराइल की आयुर्वेद विशेषज्ञ आंट लेविन, इंग्लैंड आयुर्वेद एसोसिएशन के डॉ. वीएन जोशी व गोस्वाल फाउंडेशन उडुपी के डॉ. तन्मय गोस्वामी होंगे।

डॉ. गिरिधर वेदांतम ने बताया कि दिन तीन की इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में देश और दुनिया से आए डेलीगेट्स,

- **संगोष्ठी के दूसरे दिन होगा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष व्याख्यान**
- **आयुर्वेद, योग और नाथपंथ के पारस्परिक अंतरसंबंधों को समझने का मिलेगा अवसर, आरोग्यता के विविध आयामों पर होगा मंथन**

आयुर्वेद कॉलेज के विद्यार्थियों को दूसरे दिन 13 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सीएम योगी नाथपंथ की दुनिया की सर्वोच्च पीठ, गोरक्षपीठ के महंत होने के साथ योग के मर्मज्ञ भी हैं और आयुर्वेद के प्रति रुझान उन्हें नाथपंथ की विरासत में मिला है। संगोष्ठी में ह्यआयुर्वेद, योग और नाथपंथ का मानवता के प्रति योगदानह्ल विषय पर विशेष व्याख्यान देंगे। संगोष्ठी में कुल पांच वैज्ञानिक सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में देश और दुनिया के विद्वान आयुर्वेद, योग और नाथपंथ के पारस्परिक संबंधों पर चर्चा करते हुए आरोग्यता के विविध आयामों पर विशद मंथन करेंगे।

अलग-अलग वैज्ञानिक सत्रों में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों के अलावा बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के निदेशक एवं प्रख्यात कैंसर सर्जन डॉ संजय माहेश्वरी, इंटरनेशनल राइस रिसर्च सेंटर (ईरी) के साउथ एशिया निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह, एम्स भोपाल के निदेशक और एम्स गोरखपुर के कार्यकारी निदेशक डॉ. अजय सिंह, यूएसए में आपना संस्था के अध्यक्ष डॉ. शेखर ए., विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष डॉ. जीएस तोमर, बीएचयू वाराणसी के प्रो. बीएम सिंह, एम्स गोरखपुर के डॉ. चेतन साहनी, आईआईटी दिल्ली के प्रो. केके दीपक, बीएचयू के डॉ. अमित कुमार नायक, आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज मैंगलोर के डॉ. प्रह्लाद डीएस, बीएचयू वाराणसी के प्रो. केके पांडेय, ऐमिल के निदेशक डॉ. संचित शर्मा, बीएचयू वाराणसी की प्रो. नम्रता जोशी, मंदसौर विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश के एमए नायडू और इसी विश्वविद्यालय के प्रो. सुनील कुमार पांडेय, गुरु गोरखनाथ चिकित्सालय के निदेशक डॉ. हिमांशु दीक्षित, बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रामकुमार जायसवाल, गुरु गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल डॉ. अरविंद सिंह कुशवाहा आदि की विशेष सहभागिता रहेगी।

# सीएम योगी ने किया इंडियन बैंक के महाकुंभ मेला विशेष डेबिट कार्ड लांच

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महिमा को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंडियन बैंक के महाकुंभ मेला विशेष एटीएम डेबिट कार्ड का अनावरण किया। यह कार्यक्रम महाकुंभ नगरी प्रयागराज में आयोजित हुआ, जहां इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ सुधीर कुमार गुप्ता, क्षेत्र महाप्रबंधक प्रयागराज नवीन कुमार श्रीवास्तव, अंचल प्रबंधक लखनऊ प्राणेश कुमार, अंचल प्रबंधक प्रयागराज पीएन उपाध्याय सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

यह विशेष एटीएम डेबिट कार्ड न केवल राज्य की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, बल्कि उत्तर प्रदेश की गौरवशाली पहचान को आर्थिक




सशक्तिकरण के साथ जोड़ता है। महाकुंभ मेले के 45 दिनों के दौरान राज्यभर में इंडियन बैंक के ग्राहकों को लगभग 2 लाख ऐसे विशेष डेबिट कार्ड वितरित किए जायेंगे। इस कार्ड को महाकुंभ के प्रतीकात्मक लोगो और इंडियन बैंक के लोगो से सुसज्जित किया गया है, और इसे ग्राहकों को शून्य वार्षिक शुल्क पर प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा, यह पहल उत्तर प्रदेश राज्य में डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करने और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार के दूरदर्शी दृष्टिकोण के अनुरूप है। इंडियन बैंक की यह अनूठी पहल महाकुंभ की आध्यात्मिक भावना को आधुनिकता के साथ जोड़ते हुए राज्य के आर्थिक विकास को गति देने का कार्य करेगी।

# भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर हैं। इस सरकार की हर योजना में भ्रष्टाचार की एक कहानी छिपी है। हर योजना में बजट की लूट चल रही है। इस लूट में सरकार के ऊपर से नीचे तक के सभी लोग शामिल हैं। भाजपा सरकार की कमीशन खोरी और लूट के कारण महंगाई बढ़ती जा रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में अस्पतालों और दवाओं का मामला हो या जल जीवन मिशन में घर-घर जल पहुंचाने की योजना हो। निर्माण कार्य हो या सड़क और एक्सप्रेस-वे योजनाएं हर जगह भारी भ्रष्टाचार है। भाजपा सरकार में हुए भ्रष्टाचार के हर दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पूरी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। यादव ने कहा कि जिस बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया था, वह उद्‌घाटन के बाद ही उखड़ और धंस गया था।



अब नया मामला गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे प्रति किलोमीटर के हिसाब से देश का सबसे महंगा लिंक एक्सप्रेस-वे है। इसे 2022 में बनकर तैयार होना था लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे में सरकार का गोरखधंधा चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस एक्सप्रेस-वे की लागत कई गुना बढ़ चुकी है। राइडिंग क्वालिटी भी मानक के अनुसार नहीं है। यह सरकार जनता के पैसे का बड़े पैमाने पर लूटखसोट में जुटी है। पैसे का बंदरबांट हो रहा है। आम जनता को न कोई सुविधा मिल रही है और न मदद हो रही है। लोग परेशान है। इस सरकार में आम जनता लुट रही है। थानों और तहसील से लेकर हर स्तर पर भ्रष्टाचार पूरे सिस्टम में गहराई तक जड़ें जमा ली है। प्रदेश की जनता को बस 2027 के विधानसभा चुनाव का इंतजार है। जनता विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाकर उत्तर प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त करने और समाजवादी सरकार बनाने का पुण्य कार्य करेगी।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर ली कार्यकर्ताओं की राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर शुक्रवार को चौथे दिन संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बुंदेलखण्ड जोन कन्नौज, फतेहपुर, हमीरपुर, चित्रकूट, बांदा, महोबा, जालौन, झांसी, ललितपुर, कानपुर, कानपुर देहात, इटावा और औरैया के

- **कांग्रेस मुख्यालय पर चौथे दिन बुंदेलखण्ड जोन के जिलों से आये कार्यकर्ताओं की हुई बैठक**

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने ली। बैठक में बुंदेलखण्ड जोन के सह प्रभारी, राष्ट्रीय सचिव नीलांशू



चतुर्वेदी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता व सांसद किशोरी लाल शर्मा, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

बैठक में आये हुए इन जिलों के कार्यकर्ताओं से प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने में उनकी राय मांगी गयी, जिस पर सभी अपने-अपने सुझाव शीर्ष नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत किये। उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि संगठन निर्माण की इस प्रक्रिया में में आज यहां जितने भी साथी उपस्थित हैं, सभी को किसी न किसी रूप में कार्य करने का अवसर प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस संगठन सृजन कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्तर प्रदेश के सभी पूर्व अध्यक्षों ने अपना सहयोग एवं मागदर्शन दे रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ संगठन का निर्माण किया जायेगा और आने वाले समय में हम सभी को एक साथ मिलजुल कर युद्धस्तर 2027 की तैयारी में उतरना है और प्रदेश की सत्ता में काबिज भाजपा के अहंकार को तोड़ना है। इसके लिए आप सभी दिन-रात मेहनत करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना होगा।

## टॉप ट्रेंड हुआ डिजिटल महाकुम्भ हैशटैग

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ 2025 को आस्था और आधुनिकता के महापर्व के तौर पर दिव्य-भव्य के साथ डिजिटल महाकुम्भ बनाने का संकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया है। इस दिशा में मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने प्रयागराज दौरे पर स्वयं डिजिटल एक्सपीरिएंस सेंटर और डिजिटल मीडिया गैलरी का उद्घाटन किया। इसके साथ ही डिजिटल महाकुम्भ के सभी सोपानों ने कार्य करना शुरू कर दिया। इसके चलते सोशल मीडिया पर #ॐ३’टँ’४ुँ टॉप पर ट्रेंड करने लगा। हजारों लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डिजिटल मीडिया हैशटैग का उपयोग करते हुए पोस्ट करने लगे। इसमें लोग सीएम योगी के विजन और डिजिटल महाकुम्भ के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते नजर आए। का प्रतीक है कि देश के युवा अपनी पुरातन परंपरा और संस्कृति से किस कदर जुड़े हुए हैं।

# आर्गेनिक टेस्टिंग और टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना होगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** टिश्यू कल्चर लैब उप्र में कृषि क्षेत्र का कायाकल्प करने तथा आर्गेनिग टेस्टिंग लैब कृषि उत्पादों की जांच कर अंतरराष्ट्रीय बाजारों के मानकों के अनुसार प्रदेश की कृषि उत्पादों को वैश्विक बाजार से अधिक

- **मंत्री ने कृषि विश्वविद्यालयों के टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना पर देखा प्रस्तुतीकरण**
- **कृषि विभाग के 150 वर्ष पूरे होने पर किसान हित के व्यापक कार्यक्रम आयोजित करने के अधिकारियों को दिये निर्देश**

लाभ कमाने का मौका देंगे, जिससे प्रदेश के किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। यह बात शुक्रवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानभवन में आयोजित एक प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम के दौरान कही।

कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में केला, आलू, गन्ना, बांस और अंजीर



की खेती को किसानों के लिए अधिक लाभदायी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में टिश्यू कल्चर लैब की स्थापना की जानी प्रस्तावित है। इसके साथ ही प्रदेश की कृषि उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आर्गेनिक टेस्टिंग लैब भी स्थापित किए जाने है। दोनों प्रकार की प्रयोगशालाओं की स्थापना पर सभी संबंधित विश्वविद्यालयों द्वारा मंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया गया।

इन प्रयोगशालाओं की प्रस्तावित स्थापना पर कृषि मंत्री ने कहा कि आर्गेनिक उत्पादों की टेस्टिंग के लिए अभी तक हमें अन्य प्रदेशों पर निर्भर रहना पड़ता था जिससे अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे कृषि उत्पाद पैदा करने वाले प्रदेश के किसानों को पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। यह आर्गेनिक टेस्टिंग लैब एनएबीएल सहित यूरोप तथा अमेरिका के मानकों के अनुसार उत्पादों की जांच कर सकेंगे। इसके साथ टिश्यू कल्चर लैब अच्छी गुणवत्ता वाले केले, आलू, गन्ना, बांस तथा अंजीर की उन प्रजातियों को विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगी जो किसानों की मांग को पूरा कर सकेंगे। कृषि मंत्री ने बांदा, अयोध्या तथा मेरठ कृषि विश्वविद्यालयों में प्रस्तावित ऑडिटोरियम का प्रस्तुतीकरण भी देखा। उन्होंने अपेक्षित सुधारों पर सुझाव दिए तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑडिटोरियम के निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालयों के उप-कुलपतियों को निर्देश दिए कि वे अपनी समस्त प्रापर्टी का रजिस्टर बनाएं तथा अपनी कृष्य भूमि का विवरण भी दर्ज करें। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को इस बात के लिए भी निर्देशित किया कि यह वर्ष कृषि विभाग की स्थापना का 150वां वर्ष है, इसलिए इस मौके पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए जिससे विभागीय योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने में और अधिक सक्रियता आ सके। इस अवसर पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव, कृषि रविन्द्र, निदेशक कृषि, उपकार के महानिदेशक, संजय सिंह, अयोध्या तथा कानपुर कृषि विश्वविद्यालयों के उप-कुलपति तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# संविदा चालकों-परिचालकों का मानदेय बढ़ा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने आज बताया कि 01 जनवरी से संविदा चालकों/परिचालकों को पुनरीक्षित दर से मानदेय का भुगतान उप्र परिवहन निगम द्वारा किया जायेगा।

- **चालकों एवं परिचालकों के मानदेय में क्रमश: 09 प्रतिशत एवं 07 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी**
- **संविदा चालको परिचालकों को 01 जनवरी से बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिलेगा: दयाशंकर सिंह**

उन्होंने बताया कि चालकों के मानदेय में 09 प्रतिशत एवं परिचालकों के मानदेय में 07 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि वर्तमान समय में चालकों एवं परिचालकों को 1.89 रुपए प्रति किमी की दर से मानदेय मिल रहा था जिसे बढ़ाकर क्रमशः 2.06 रुपए प्रति किमी एवं 2.02 रुपए प्रति किमी कर दिया गया है अर्थात चालकों के मानदेय में 17 पैसे प्रति किमी एवं परिचालकों के मानदेय



में 13 पैसे प्रति किमी की वृद्धि की गयी है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि नोयडा क्षेत्र के नगरीय सेवाओं एवं ग्रामीण सेवाओं के अलावा एनसीआर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कौशाम्बी, साहिबाबाद एवं लोनी डिपो के चालक, परिचालक, गोरखपुर क्षेत्र की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित सोनौली, सिद्धार्थनगर एवं महराजगंज डिपो के संविदा चालक के अंतर्गत उपनगरीय सेवाओं के चालक परिचालक के मानदेय यथावत रखे गये हैं।

**चालको, परिचालकों के लिए नवीन उत्तम प्रोत्साहन योजना :** परिवहन मंत्री ने बताया कि नवीन उत्तम प्रोत्साहन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए चालकों को दो वर्ष की निरन्तर सेवा एवं परिचालकों को 04 वर्ष की निरंतर सेवा जरूरी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए वित्तीय वर्ष में उन्हें 288 दिन की डयूटी एवं 66000 किमी की दूरी पूर्ण किया जाना जरूरी है। जबकि इसके पूर्व लागू नवीन उत्कृष्ट योजना में 78000 किमी की दूरी पूर्ण किया जाना प्राविधानित था। इस प्रकार लगभग 12000 किमी की दूरी की सीमा कम की गयी है। इसके अतिरिक्त उस वित्तीय वर्ष में कोई दुर्घटना घटिन न हुई हो।

# कॉलोनियों के विकास के लिए बनाया जा रहा नया बाईलाज, अनधिकृत कॉलोनियों पर लगेगी रोक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शहरों का नियोजन अब 20 से 40 वर्ष के स्थान पर 80 वर्ष के लिए करना होगा। उसी हिसाब से अवस्थापना समेत अन्य सुविधाएं विकसित करनी होंगी। वर्तमान दौर में 10 से 15 वर्ष में ही प्लानिंग फेल हो जा रही है। एससीआर का विकास हो या नयी टाउनशिप का निर्माण, अब इन्हें ऐसा बनाना होगा ताकि यह सेल्फ सस्टेनेबल हों। लखनऊ आर्किटेक्ट एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार से इकाना स्टेडियम में शुरू हुए तीन दिवसीय लखनऊ वास्तुकला महोत्सव में विशेषज्ञों ने शहरों के विकास व प्लानिंग पर चर्चा की। वास्तुकला महोत्सव में देश भर के 2000 से ज्यादा आर्किटेक्ट पहुंचे। लखनऊ के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, नगर निगम वर्तमान व पूर्व के वरिष्ठ अधिकारी भी आए। एलडीए के पूर्व वीसी व नगर आयुक्त रहे दिवाकर त्रिपाठी ने शहरों का विकास 80 की प्लानिंग करने को कहा। दिल्ली के जाने माने आर्किटेक्ट विवेक गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2040 तक 66 प्रतिशत जनता शहरों में निवास करने लगेगी। केवल 34 प्रतिशत लोग ही ग्रामीण क्षेत्रों में रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह समाज में बदलाव आया है उसी तरह निर्माण के क्षेत्र में भी बदलाव आ रहा है। आर्किटेक्ट शुभ्रा मित्तल ने कहा कि वर्तमान से लेकर पुराने तक का प्लान कर उनका विकास कराना होगा।

**वर्ष 2040 तक शहरों में निवास करने लगेगी 66 प्रतिशत आबादी**

आवास आयुक्त बलकार सिंह ने कहा कि कालोनियों के विकास के लिए अब नया बाईलाज बनाया जा रहा है। शहर की बढ़ती जनसंख्या के आधार पर सड़कें, पार्क व अन्य अवस्थापना सुविधाओं की जरुरत होगी। बाईलाज में इसका ध्यान रखा जा रहा है। ताकि आने वर्षों में कोई अनाधिकृत कालोनी न बने। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि शहर को कचरा मुक्त करना बड़ी चुनौती है। नगर निगम इसके लिए लगातार काम कर रहा है। 2000 मीट्रिक टन कचरे के निस्तारण के लिए नगर निगम ने प्लाण्ट लगाया है। एससीआर बनने के बाद कचरा और बढ़ेगा। इसके लिए भी नगर निगम तैयारी कर रहा है। दिल्ली में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का पीएम आवास डिजाइन कर चुके दिल्ली के आर्किटेक्ट विवेक गुप्ता ने कहा कि कोविड ने लोगों के जीवन में बदलाव का रास्ता दिखाया। पहले लोग सेविंग पर जोर देते थे लेकिन अब लीविंग पर पैसा खर्च कर रहे हैं। अब बजट व आय के अनुसार लोग अच्छे से अच्छा घर बनाकर रहना चाहते हैं। । विवेक गुप्ता ने कहते हैं कि कोविड के बाद लोगों ने मकान के बारे में दूसरे नजरिए से सोचना शुरू किया। आर्किटेक्ट होने के नाते हम लोगों ने भी जरुरत के अनुसार बदलाव किया। अब ऐसे मकान बनाए जा रहे हैं जो बहुत ही इको फ्रेंडली हैं। हरे भरे होने के साथ बड़े हों। लखनऊ के आर्किटेक्ट अनुपम मित्तल ने कहा कि कोविड के बाद बड़े मकान का कल्चर आया है। देश भर के बड़े बिल्डर अब दो बेड रूम के फ्लैट बनाना ही नहीं चाह रहे हैं क्योंकि इनकी डिमांड कम हो गयी है। अनुपत मित्तल कहते हैं कि अब लोग अपने मकान में गार्डेन चाहते हैं। टेरेस गार्डेन बना रहे हैं। इसके लिए प्लानिंग की जा रही है। हवादार मकान के साथ साथ एनर्जी बचाने वाले मकान बन रहे हैं। लोगों के घरों में सूर्य की पर्याप्त रोशनी आए। गर्मियों में घर कम गर्म हो और जाड़े में ठण्ड कम रहे। ऐसे मकान प्लान किए जा रहे हैं। कजारिया, जयपुरिया जैसे तमाम बड़े संस्थानों के लिए काम कर रही दिल्ली की जानी मानी आर्किटेक्ट नताशा कोचर ने भी कहा कि अब लग्जरी होम की डिमांड बढ़ी है।

# काकोरी में दो अवैध प्लाटिंग के निर्माण तोड़े, चार इलाकों में सात निर्माण सील

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी के बाद अवैध निर्माणों के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को विभिन्न इलाकों में कार्यवाही की।

इस दौरान काकोरी में 02 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा अमीनाबाद, हुसैनगंज, निशातगंज व बालागंज में 07 अवैध निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि मुकेश यादव व अन्य द्वारा काकोरी के मौदा में टीएस मिश्रा कॉलेज से पहले लगभग 08 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए वेलकम सिटी नाम से कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह मनीष सिंह व अन्य की ओर से काकोरी के समदा में महावीर हार्डवेयर के पीछे लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में सिंह प्रॉपर्टीज नाम से अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध 08 वर्ष पहले ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी थी।

वर्तमान में डेवलपर की तरफ से पुनः स्थल पर निर्माण एवं विकास का कार्य कराया जा रहा था। जिसे प्रवर्तन टीम ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से दोबारा ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि आमिर, गौरव व अन्य की ओर से हुसैनगंज में लालकुआं रोड पर लगभग 101 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। वहीं, योगेन्द्र पाल, रेहान व अन्य की ओर से निशातगंज के न्यू हैदराबाद में 220 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा मो. अजान, शकील अहमद व सरसू की ओर से अमीनाबाद की मारवाड़ी गली में लगभग 100-100 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 03 भूखण्डों पर अवैध निर्माण कराया जा रहा था।

**अमीनाबाद, हुसैनगंज, निशातगंज व बालागंज में हुई सीलिंग की कार्रवाई**

इसी तरह अजय अग्रवाल व अन्य की ओर से अमीनाबाद की झौवे वाली गली में लगभग 80 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से किये जा रहे इन 06 निर्माण कार्यों को प्रवर्तन टीम ने सील करा दिया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि मो. इलियास की ओर से बालागंज में हरदोई रोड स्थित रईम नगर में लगभग 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से भवन का निर्माण करवाया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त निर्माण कार्य को प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को सील कर दिया।

# नामांतरण नियमावली की उपविधि बनाये जाने की मांग




**लखनऊ।** नगर निगम में नामांतरण नियमावली बनाए जाने को लेकर नगर निगम कर्मचारी संघ ने मांग उठायी है। इसके लिए संघ ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा है। सभी जोनों में अलग अलग विधि अनुसार नामांतरण की कार्रवाई होती है। प्रकरण पर कार्यवाही में हो रही देरी के कारण ऑनलाइन पोर्टल, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनसूचना स्तर पर बीते काफी समय से कई प्रकरण लंबित है। वहीं कर्मचारियों को कार्य सम्पादन में हो रही कठनाइयों के साथ -साथ जनता को परेशानियों हो रही हैं। नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनन्द वर्मा ने नियमावली की उपविधि शीघ्र बनवाये जाने की करने की मांग की है। शुक्रवार को नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के नाम से दिए गए ज्ञापन में तथ्यों और तकनीकी दिक्कतों की सूची भी दी गयी है। कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष शमीम एखलाक ने बताया कि नामान्तरण के लिए कई विक्रय विलेख, श्रृंखला विलेख न होने की स्थिति में नामान्तरण शुल्क की गणना भी ऑनलाइन आवेदन में लिया जाए। प्रत्येक विक्रय विलेख आधार पर शुल्क भी पोर्टल पर प्रदर्शित व आगणित हो। इसके अतिरिक्त नामान्तरण के लिए ऑन लाइन आवेदन में साक्ष्य स्वरूप विक्रय विलेख, श्रृंखला विक्रय विलेख, मृत्यु प्रमाण-पत्र, शपथ-पत्र, अनापत्ति शपथ-पत्र, उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, सक्षम न्यायालय की ओर से प्रदत्त, अभिलेख जिसके आधार पर आवेदन किया जा रहा है, समस्त अभिलेखों को स्कैन कर अपलोड करने के उपरान्त ही आवेदन स्वीकार्य किये जाने की मांग की गयी है।

# यातायात नियमों का सख्ती से करायें पालन



**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में शुक्रवार को यातायात व्यवस्था सुगम और सुदृढ़ बनाने के लिए स्मार्ट सिटी कार्यालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करवाया जाना चाहिए, क्योंकि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं ट्रैफिक नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि समस्त जनपदों में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित करके आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। इसी के साथ अभी तक क्या कार्यवाही की गई है, इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में ब्लैक स्पाट्स का चिन्हींकरण जनपद के आरटीओ, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग व स्थानीय प्रशासन द्वारा करा लिया गया है। ब्लैक स्पाट्स के सही चिन्हांकन के बाद टीम द्वारा उसके निदान के लिये साइनेज लगाना, सड़क चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाना, सड़क की मरम्मत करना, डिवाइडरों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगवाना, ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था करने का विवरण तैयार कर एक कार्य योजना के तहत कार्य किया जा रहा है।

**ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित करने के निर्देश, सड़कों के अवैध कट तत्काल करें बंद**

# अवकाश में भी नगर निगम में हाउस टैक्स

**लखनऊ।** माह के द्वितीय शनिवार होने व रविवार को सार्वजनिक अवकाश में भी नगर निगम के गृहकर काउन्टर खुले रहेगें। इस दौरान नगर निगम अधिकारियों की ओर बकाया गृहकर की वसूली अभियान के चलते कई वार्डों में भी गृहकर वसूली के लिए कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें जोन एक में गोलागंज, जेसी बोस, महात्मा गांाधी ,जोन दो के रोन्द्र नगर, लेबर कॉलोनी, कुंवर ज्योति प्रसाद, राजा बाजार, जोन तीन के डालीगंज, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, फैजुल्लागंज, जोन चार के खरगापुर, जोन पांच के सरोजनी नगर प्रथम ,सरोजनी द्वितीय, रामजी लाल सरदार पटेल नगर ,चित्रगुप्त नगर, गीता पल्ली, गुरूनानक नगर, जोन छह के लालजी टण्डन वार्ड, हैदरगंज, भवानी गंज, हुसैनाबाद, बालागंज, आलमनगर, सआदतगंज, कल्याण सिंह, हैदरगंज द्वितीय व मल्लाही टोला व जोन आठ के अर्न्तगत आने वाले इब्राहिम पुर, अटल बिहारी बाजपेई व राजाबिजली पासी वार्ड में कैंप लगाया जायेगा। रविवार अवकाश के दिन भी समस्त जोन में कैंप में गृहकर जमा होगा।

# युवाओं को आकर्षित करेगा सोनाटा नया कलेक्शन

**लखनऊ।** सोनाटा ने अपनी आइकोनिक स्लीक सीरीज के छठे संस्करण स्लीक कलेक्शन का अनावरण किया। स्लिम मैन्स वॉचकेस लेकर आई सोनाटा का यह कलेक्शन आज के युवा प्रोफेशनल्स की पसंद को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। प्रतीक गुप्ताए हेड ऑफ ब्राण्ड ने बताया कि यह स्लीक कलेक्शन सदाबहार डिजाइन के साथ आधुनिकता का बेहतरीन संयोजन है। इस कलेक्शन की घड़ियों में मैटलए लैदर और मैश स्ट्रैप के विकल्प हैं।

# पुण्य तिथि पर याद किये गये अम्बेडकरवादी नेता पारसनाथ

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। अम्बेडकरवादी नेता पारस नाथ मौर्य की प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर जुटे अम्बेडकरवादी शुभचिंतकों ने उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी। दिवंगत पारस नाथ मौर्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश तथा रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व अम्बेडकर महासभा के संस्थापक सहित राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य भी रह चुके थे। सर्वलोकहित फाउंडेशन द्वारा यू.पी प्रेस क्लब में आयोजित श्रधांजलि कार्यक्रम में रिसालदार बुद्ध विहार के विहाराध्यक्ष पूज्य भंते ज्ञानालोक ने दिवंगत श्री मौर्य को बौद्ध एवं अम्बेडकरी आन्दोलन का महान नेता बताया तथा उनके चाहने वालो से बौद्ध आन्दोलन को गतिशील बनाने का आह्वान भी किया।

कार्यक्रम का आयोजन सर्वलोकहित फाउंडेशन के चेयरमैन व पारस नाथ मौर्य के पुत्र डॉ. राजीव रत्न मौर्य ने किया। आईपीएस डॉ. बी.पी.अशोक ने कहा मौर्य जी सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे। उन्होंने अपने राजनैतिक हितों का समय-समय पर बलिदान किया लेकिन फुले-पेरियार-अम्बेडकर के मिशन से रंचमात्र भी समझौता नहीं किया। उनका व्यक्तित्व शानदार था, उनके जीवन का एक-एक पल बहुजन समाज के लिए मूल्यवान साबित हुआ। पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने कहा, मौर्य जी हम सबके नेता थे उन्होंने राजनैतिक हितों का बलिदान कर समाजहित में जीवनभर लगे रहे। बहुजन चिंतक श्रीराम मौर्य ने कहा, पारस नाथ मौर्य के पाखंड और अन्धविश्वास विरोधी धारदार तर्कों के कारण बहुत से लोग उन्हें पेरियार भी कहते थे। उनमे पेरियार जैसा तेवर था सही मायने में पारस नाथ मौर्य हम सबके पेरियार थे। अम्बेडकर महासभा के रामचंद्र पटेल ने कहा पारस नाथ मौर्य मंडल आन्दोलन के अग्रणी नेता थे वे मुलायम सिंह यादव के साथी थे तथा उनके प्रयासों से मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री रहते अम्बेडकर महासभा कैंपस से मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू करने की घोषणा की थी। इस अवसर पर सचिवालय अधिकारी संघ के अध्यक्ष अर्जुन देव भारती, न्यूरो सर्जन परमात्मा मौर्य, युवा नेता अशोक उत्कृष्ट मौर्य, वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी डी. के राव, सी.एल राजन, ए.के सिंह शिक्षा अधिकारी पद्मशेखर, चिनहट ब्लॉक प्रमुख उषा सेन, लखनऊ हाईकोर्ट के अनुभाग अधिकारी भारत सिंह, गौतम राणे सागर, अब्दुल नसीर नासीर, एम. के. निम्बेकर, मुकेश साजन, प्रसिद्द संविधान प्रचारक राम लौट बौद्ध, संविधावादी कार्यकर्त्ता विमला बौद्ध, वित्त अधिकारी रेशमी मौर्य सहित भारी संख्या में अम्बेडकर मिशन के लोग उपस्थित रहे।

# धनंजय शुक्ला को मिला अतिरिक्त कार्यभार

**लखनऊ।** राज्य कर विभाग में राज्य कर अधिकारियों की तैनाती में फेरबदल किया गया है। शुक्रवार को जारी विभिन्न स्तर के अधिकारियों का तबादला किया गया। अपर आयुक्त व आईएएस अधिकारी धनंजय शुक्ला को अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर लखनऊ जोन प्रथम का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। उपायुक्त टैक्स आडिट आगरा रमेश कुमार सिंह को संयुक्त आयुक्त पद पर प्रोन्नत कर संयुक्त आयुक्त कार्यपालक रेंज सी कानपुर में तैनात किया गया है। अपर आयुक्त ग्रेड-दो जय शंकर सहाय अयोध्या (अपील- 1) को अपर आयुक्त ग्रेड-दो अपील-दो का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मिजार्पुर में अपर आयुक्त ग्रेड-दो शरद शुक्ला अब इसी पद पर सोनभद्र में तैनात किया गया है। गाजियाबाद में अपर आयुक्त ग्रेड-दो अपील- एक धर्मवीर सिंह को इसी पद पर अपील-तीन में तैनात किया गया है। लखनऊ में तैनात अपर आयुक्त ग्रेड- दो (एसआईबी) अंजनी कुमार अग्रवाल इसी पद पर आगरा में तैनात किए गए हैं। लखनऊ में तैनात अपर आयुक्त ग्रेड-दो (अपील-4) कैलाश नाथ पाल अब इसी पद पर कानपुर भेजे गए हैं।

# आनंद और योगेंद्र ने किया नामांकन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। लखनऊ महानगर चुनाव अधिकारी राज्यसभा सदस्य नवीन जैन ने बताया कि लखनऊ महानगर से मात्र दो नामांकन वर्तमान अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और योगेंद्र सिंह ने किये। महानगर स्थित द सेलिब्रेशन लॉन में 2 से 4 बजे के मध्य लखनऊ महानगर अध्यक्ष और प्रदेश परिषद पद के नामांकन लिए पर्चा दाखिल करने का का समय निर्धारित किया गया था।

**भाजपा महानगर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न**

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बड़ी संख्या में उपस्थित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ दोपहर 3:00 बजे नामांकन पत्र नवीन जैन को सौंपा। इस दौरान एमएलसी मुकेश शर्मा, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, चुनाव सह अधिकारी रामावतार कनौजिया, राकेश सिंह, रमेश तूफानी और मनोहर सिंह उपस्थित रहे।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि प्रदेश परिषद पद के लिए कुल 20 नामांकन दाखिल किया, जिसमें ऋषि पाल सिंह, राहुल निगम, शिवकुमार बाबा, रामाशंकर त्रिपाठी, विनोद बाजपेई, प्रवीण श्रीवास्तव, राजकुमारी मौर्य, अनुपम सिंह भंडारी, चंद्र प्रकाश सिंह, राजकुमारी मौर्य, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, सुरेंद्र कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र सोनकर, सुधीर कुमार अवस्थी, दिलीप साहू, मंगलमय शुक्ला, सुरेंद्र पाल वर्मा, अमरपाल सिंह और आशीष त्रिवेदी ने पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद चुनाव अधिकारी नवीन जैन द्वारा दाखिल नामांकन पत्रों को सूचीबद्ध व संकलित करके प्रदेश नेतृत्व को भेजा जाएगा। निर्धारित योग्यता प्रपत्रों की जांच के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों की आधिकारिक घोषणा प्रदेश नेतृत्व द्वारा की जाएगी।

# अग्निवीर भर्ती रैली छावनी एएमसी स्टेडियम में शुरू





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (यूपी और यूके) भर्ती कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में अग्निवीरों के लिए भर्ती रैली 10 जनवरी, 2025 की सुबह लखनऊ छावनी में एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में शुरू हुई।

भर्ती रैली के पहले दिन अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए कानपुर नगर जिले के अंतर्गत कानपुर, घाटमपुर, नरवल और बिल्हौर तहसील के अभ्यर्थियों ने भाग लिया। अग्निवीर जनरल ड्यूटी के लिए इन क्षेत्रों से कुल 1245 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिसमें से 947 (76.06%) अभ्यर्थियों ने रैली में भाग लिया।

11 जनवरी 2025 को अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए फतेहपुर जिले के अंतर्गत बिंदकी, फतेहपुर, खागा तहसील और गोंडा जिले के अंतर्गत गोंडा, तरबगंज, मनकापुर और कर्नलगंज तहसील के अभ्यर्थी भाग लेंगे। अप्रैल 2024 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) पास करने वाले अभ्यर्थी 10 से 22 जनवरी 2025 तक भर्ती रैली में भाग ले रहे हैं।

इस भर्ती रैली में 13 जिलों - औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ के लगभग 10,000 शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी भाग लेंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सतर्क रहें और दलालों के शिकार न बनें या किसी अनुचित साधन का सहारा न लें। सशस्त्र बलों के लिए उपयुक्त सर्वोत्तम अभ्यर्थियों का चयन करने के उद्देश्य से सेना में चयन पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी है।

# एल्डिको पर चक रोड कब्जाने का आरोप

लखनऊ, । हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित याचिका दाखिल करते हुए, आरोप लगाया गया है कि एल्डिको सिटी लिमिटेड ने आईआईएम रोड के पास स्थित मुतक्कीपुर गांव की एक चक रोड पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। इस पर न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को निर्देश प्राप्त कर कोर्ट को यह अवगत कराने को कहा है कि क्या एल्डिको द्वारा ऐसा कोई अतिक्रमण किया गया है। मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने इश्तियाक अहमद की याचिका पर दिया है। याची के अधिवक्ता मयंकार सिंह ने बताया कि मुतक्कीपुर से आईआईएम रोड को जाने वाले चक मार्ग को एल्डिको द्वारा अपनी पुरानी बाउंड्री वाल को तोड़कर नई बाउंड्री वाल बनाते हुए, इसके अंदर कर लिया गया है।

# क्या आईसीडीएस स्कीम के अनियमितताओं के अध्ययन की आवश्यकता है : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए, केंद्र व राज्य सरकार समेत अन्य पक्षकारों से पूछा है कि क्या एकीकृत बाल विकास सेवा योजना (आईसीडीएस स्कीम) में कथित अनियमितताओं के अध्ययन की आवश्यकता है। न्यायालय ने कहा कि अध्ययन से योजना के उद्देश्यों को प्राप्त करने के उपायों को तलाशा जा सकता है। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी के लिए 27 जनवरी की तिथि नियत करते हुए, सबी पक्षकारों को शपथ पत्र दाखिल करने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति ए आर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने शिप्रा देवी की जनहित याचिका पर पारित किया। मामले की पूर्व की सुनवायी में न्यायालय ने पाया था कि प्रदेश में कुल 1,89,140 आंगनबाड़ी केंद्र उक्त आईसीडीएस स्कीम को चलाने के लिए कार्य कर रहे हैं जबकि आंगनवाड़ी वर्कर्स की संख्या 1,78,706 है और इस योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या, 2,22,33,550 है।

न्यायालय ने कहा कि वर्ष 1975 में शुरू की गई उक्त योजना का मूल उद्देश्य शिशुओं और स्तनपान करने वाली मांओं के स्वास्थ्य का ख्याल रखना है। न्यायालय ने कहा कि हमारे समक्ष प्रस्तुत डाटा के अवलोकन से पता चलता है कि योजना के कार्यान्वयन में, मुख्य रूप से पौष्टिक आहार के सप्लाई को लेकर, पारदर्शिता की आवश्यकता है। इसके साथ ही न्यायालय ने आंगनबाड़ी केंद्रों का अध्ययन कराने के आदेश रक्षा खाद्य व अनुसंधान लैबोरेट्री मैसूर के निदेशक को दिया। आदेश के अनुपालन में रिपोर्ट भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वुमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष ने खुद को मारी गोली, मौत



● सुसाइडनोट में लिखा दुआओं में याद रखना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। शुक्रवार सुबह मुजीबुर्रहमान उर्फ बबलू ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या की है। वे लंबे समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित चल रहे थे। माना जा रहा है कि कैंसर की बीमारी से ऊबकर उन्होंने आत्महत्या जैसा घातक कदम उठाया है। वे लखनऊ के वजीरगंज एरिया में परिवार के साथ रहते थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। परिजनों में कोहराम मचा रहा। उधर, समाजवादी पार्टी के विधायक रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि- जबसे कोरोना वैक्सीन लगी है, तब से लोगों को कैंसर, हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियां हो रही हैं। बबलू भाई भी कैंसर से लड़ रहे थे, काफी दिनों से इलाज चल रहा था लेकिन उनका इंतकाल हो गया।

**फैमिली ग्रुप पर लिखा आखिरी मैसेज:** मुजीबुर्रहमान उर्फ बबलू अपने फैमिली व्हाट्सएप ग्रुप पर आखिरी मैसेज लिखा- आप सब की मुहब्बत का बहुत शुक्रिया, दुआओं में याद रखें। परिजनों की मानें तो मुजीबुर्रहमान की तबीयत का हाल-चाल जानने के लिए परिवार के लोगों का ग्रुप बना है। इसी ग्रुप पर उन्होंने मैसेज डाला था।

**2 साल से लीवर कैंसर का चल रहा था इलाज:** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि मुजीबुर्रहमान उर्फ बबलू (51) पुत्र स्व. मोहम्मद सईद निवासी मकान नंबर 158/92 गंगा प्रसाद रोड थाना वजीरगंज लखनऊ ने खुद को गोली मार ली है। वो पिछले 2 वर्षों से लिवर कैंसर से पीड़ित थे। इसका इलाज भी चल रहा था। शुक्रवार को सुबह उन्होंने आज अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## लॉ की छात्रा ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** एमिटी यूनिवर्सिटी में लॉ स्टूडेंट ने सुसाइड कर लिया। पुलिस को हॉस्टल के कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें लिखा है- सॉरी मॉम-डैड, मैं अच्छी बेटी नहीं। छात्रा गर्ल्स हॉस्टल में थर्ड फ्लोर पर रहती थी। शुक्रवार सुबह उसका शव फंदे पर लटकता मिला। हॉस्टल की लड़कियों का कहना है कि सुसाइड से पहले वह किसी लड़के से फोन पर बात कर रही थी। उनके बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस ने कमरे से मोबाइल फोन और एक रजिस्टर जब्त किया है। सुसाइड नोट भी मिला है। घटना स्थल को सील कर दिया गया है। परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**लॉ की पढ़ाई कर रही थी अक्षिता:** अक्षिता उपाध्याय (21) मथुरा की रहने वाली थी। वह एमिटी यूनिवर्सिटी से इअ-छछइ की पढ़ाई कर रही थी। कैंपस में बने हॉस्टल के चौथे ब्लॉक में कमरा नंबर- 308 में रहती थी। चीफ वार्डन प्रज्ञा मिश्रा ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

**दरवाजा खटखटाया तो नहीं खुला:** प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि अक्षिता इअ-छछइ सेकेंड ईयर की स्टूडेंट थी। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे अक्षिता उपाध्याय की दोस्त अलीशा खान ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला।

उसने असिस्टेंट वार्डन दीप्ति मिश्रा को इसकी जानकारी दी। दीप्ति गार्ड के साथ पहुंची और दरवाजा खोला गया। अंदर देखा तो छात्रा का शव कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। सूचना मिलते ही तुरंत सहायक पुलिस आयुक्त, विभूति खंड, थाना प्रभारी चिनहट पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। कमरे की जांच पड़ताल की। फारेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि घटना की वजह अभी सामने नहीं आई है। हमने स्टूडेंट्स को सलाह दी है कि किसी भी तरह की परेशानी हो तो तत्काल यूनिवर्सिटी प्रशासन से संपर्क करें। किसी तरह का दबाव या तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। छात्राओं का कहना है कि सुसाइड से पहले वह अपने दोस्त से फोन पर बात कर रही थी। बातचीत के दौरान ही दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। डीसीपी ईस्ट जोन शशांक सिंह ने बताया, अक्षिता ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जांच की जा रही है। छात्रा के परिजन लखनऊ पहुंच रहे हैं।

**युवक का शव जंगल में पेड़ से लटकता मिला:** शुक्रवार दोपहर एक युवक का शव गोमती नगर विस्तार में जंगल में मिला। उसका शव रस्सी के सहारे एक पेड़ से लटका हुआ था। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। गोमतीनगर विस्तार पुलिस के मुताबिक राप्ती अपार्टमेंट के सामने गोमती नदी के पास जंगल में 21 साल के सनी का शव मिला। गोमतीनगर विस्तार सेक्टर चार के पास झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाला सनी मूल से रूप से सीतापुर के लहरपुर अकवापुर का रहने वाला था। घटना को लेकर परिजनों को सूचना दे दी गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विधानसभा के बाहर आत्मदाह करने पहुंचा परिवार, पुलिस ने बचाया

● पुलिस की तत्परता से बची परिवार की जान, कहा साहब मर जाने दो

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विधानसभा के बाहर पति ने पत्नी और तीन बच्चों के साथ आत्मदाह करने की कोशिश की। वह 5 लीटर की पिपलिया में ढाई लीटर पेट्रोल लेकर पहुंचा था। पेट्रोल डालते देख विधानसभा के पास तैनात सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे। सभी को पकड़कर हजरतगंज थाने भेजा। यहां पूछताछ में उसने इलाके के दबंगों द्वारा परेशान करने का आरोप लगाया।

उसने कहा- हमको मर जाने दो साहब। हम बहुत दुखी हैं। हालांकि हजरतगंज पुलिस ने परिवार को कार्रवाई का आश्वासन देकर घर भेज दिया है। निगोहां पुलिस से भी मामले को लेकर बातचीत की गई है। आत्मदाह करने आए युवक का नाम राजकमल रावत (34) है। वह थाना निगोहां क्षेत्र का रहने वाला है। वह पत्नी नीतू कुमारी (27) तीन छोटे बच्चे- जिया (6), रुद्रांश (3) जियांशी (8 महीना) के साथ आत्मदाह करने पहुंचा था।



हजरतगंज थाने में राजकमल रावत के साथ पत्नी नीतू कुमारी (27) तीन छोटे बच्चे- जिया (6), रुद्रांश (3) जियांशी (8 महीना) हजरतगंज थाने में राजकमल रावत के साथ पत्नी नीतू कुमारी (27) तीन छोटे बच्चे- जिया (6), रुद्रांश (3) जियांशी (8 महीना) दबंगों ने झूठे केस में फंसाकर भेजा जेल राजकमल का कहना है- 'विपक्षी शहंशाह, इशरत अली और समीर अली ने झूठे आरोप में फंसा दिया है। कुछ दिन पहले धारा 307 का मुकदमा लगवाया। इसके चलते 3.5 महीने जेल में रहा। अब जेल से रिहाई मिलने के बाद भी परिवार को परेशान किया जा रहा है।' आत्मदाह करने पहुंचा राजकमल एक हफ्ते पहले जेल से छूटा है। इसके लिए न्यायालय में मानसिक सतुंलन ठीक न होने का प्रमाण पत्र लगाया था। आरोप है कि प्रापर्टी डीलर शंहशाह से उसका पैसों का विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर उसने गोली भी चलाई थी।

## अखिलेश ने मुजीबुर्रहमान के निधन पर जताया शोक

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लखनऊ के पूर्व महानगर अध्यक्ष मुजीबुर्रहमान उर्फ बबलू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अखिलेश यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। मुजीबुर्रहमान उर्फ बबलू लंबे समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे।

## चाकलेट का लालच देकर बच्ची से किया दुष्कर्म का प्रयास

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके में गुरुवार को अपने परिवार संग मामा के घर बर्थडे पार्टी में शामिल होने पहुंची एक अबोध चार वर्षीय मासूम संग गाँव के ही एक युवक ने चाकलेट का लालच दे मकान के छत पर ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। वहीं परिजनों ने बच्ची की चीख-पुकार सुन आरोपित को दबोच उक्त युवक की जमकर पिटाई कर कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दी लेकिन इस बीच मौका पाकर आरोपित युवक भाग निकला। पीड़ित परिवार ने आशियाना थाने पहुँच कर मामले की जानकारी देते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की है। एसीपी कैंट अभय मल्ल ने जानकारी देते हुए बताया आशियाना थाना क्षेत्र के किला मोहम्मदी गाँव में रहने वाला एक परिवार अपनी चार वर्षीय मासूम बेटी संग गुरुवार शाम घर से कुछ दुरी पर स्थित अपने ससुराल में बर्थडे पार्टी में शामिल होने गए थे।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड/देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 27.01.2025 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 28.01.2025 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी । निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन- स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/ पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www. mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत् है:- **1. ई-निविदा संख्या 116 एच (एफ) (कार्य) / 2024 - 25:** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - तृतीय, मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन जमा योजना के अन्तर्गत प्राथमिक/ उच्च प्रथामिक विद्यालयों (43 अदद) के लाइन निर्माण का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 7000.00।
**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या।**
**''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''**
**(पत्रांक 298 / दि. 10.01.2025)**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पति गुरदयाल द्वारा एक बीमा पॉलिसी (PNB Met Life) सं. 21017034 कराई गई थी जिसमें नॉमिनी के जगह पर त्रुटिवश मेरा नाम मीरा वर्मा अंकित हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी अभिलेखों में मेरा सही नाम मीरा देवी दर्ज है। पॉलिसी में भी मेरा सही नाम ही लिखा, पढ़ा व समझा जाये। **मीरा देवी पत्नी गुरदयाल नि. ग्राम विष्णु बेहड़ पोस्ट घरथनिया तहसील गोला जिला खीरी।**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2645565 मूल प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **रिफाकत हुसैन पुत्र हबिबुल्लाह ग्राम परसा उर्फ अगलगहवा पोस्ट ककरही जनपद -गोरखपुर।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पुरखीपुर विकासखंड कूरेभार, जनपद सुल्तानपुर**

**पत्रांक मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25** **दिनांक 10.01.2025**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत पुरखीपुर, विकासखंड कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में मनरेगा व राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भट्ठा मालिक,दुकानदार दिनांक 11.01.2025 से दिनांक 17.01.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पुरखीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 17.01.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. स. | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राष्ट्रीय राजमार्ग से रामलाल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | मनरेगा | 5.73 लाख रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री |
| 2 | कृष्णकांत के घर से चिंतामणि के खेत तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | मनरेगा | 7.77 लाख रुपये | गिट्टी मोरंग, सीमेंट, बालू, पत्थर ईंट व अन्य निर्माण सामग्री |
| 3 | राम मिलन वर्मा के खेत से नईम के घर तक खड़ंजा तक मिट्टी, खड़ंजा निर्माण कार्य। | मनरेगा | 2.86 लाख रुपये | एस.ओ.बी. ईंट व अन्य निर्माण सामग्री |
| 4 | राकेश के घर से राम कुमार के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 3.03 लाख | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री |
| 5 | राजेश के घर से तालाब तक अंडर ग्राउंड नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | 1.58 लाख रुपये | सीमेंट,मोरंग, ह्यूम पाइप 350 एम.एम. व अन्य निर्माण सामग्री |

**नोट:**- समस्त नियम व शर्ते गाइड लाइन के अनुसार लागू।

**सचिव /ग्राम प्रधान**
**ग्रां पं. - पुरखीपुर, वि.खं. कूरेभार,**
**जनपद सुल्तानपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

**पत्रांक मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2024-25** **दिनांक-10/01/2025**

**अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 17.01.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | इण्टरलाकिंग टायल्स | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | कमल किशोर के घर से श्याम किशोर के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 22.37 घन मी. | 10855 नग | 44.74 घन मी. | 19558 नग | 162 बैग | 7.38 घन मी. |

**नियम शर्तः-**

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ के कार्यालय में 11.01.2025 से 17.01.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 11.01.2025 से दिनांक 17.01.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 17.01.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**सावित्री**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**भास्कर राय**
**ग्रा.पं.वि. अधिकारी**
**ग्राम पंचायत डिहुआकलॉ**
**विकास खण्ड धौरहरा**

## लिव-इन रिलेशन में रह रहे युवक की मौत, हत्या का आरोप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंदिरानगर में मंगेतर के साथ रहने वाले युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मंगेतर अपनी बहन और बहनोई के साथ उसको गंभीर हालत में राम मनोहर लोहिया अस्पातल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना गुरुवार रात की है।

परिजनों ने शव ले जाने की कोशिश की तो अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। दूसरी तरफ घटना की जानकारी पर शुक्रवार शाम पहुंचे परिजनों ने युवक की मंगेतर और उसकी बहन पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि मृतक के गले और सिर पर चोट के निशान है। पुलिस के मुताबिक परिजनों की तहरीर पर पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मूल रूप से देहरादून के मोतीचूर रायवाला के हरिहरपुर निवासी आशीष मिश्र की गुरुवार रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह लखनऊ के इंदिरानगर सेक्टर नौ में रमेश चंद्र पाल के घर में मंगेतर विभा के साथ रह रहा था। चचेरे भाई शशांक ने बताया कि आशीष की गोंडा के विश्वेसर गंज की विभा के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसके चलते दोनों की शादी तय कर दी गई थी। 15 फरवरी को दोनों की शादी होनी थी। उससे पहले की रश्में अदा हो चुकी थीं। उन्होंने बताया कि गुरुवार रात आठ बजे के करीब आशीष ने अपनी मां विजय लक्ष्मी से बात की थी। बताया था कि विभा का अब शादी करने का मन नहीं है। मुझे कुछ गड़बड़ लग रहा है। उसके कुछ ही देर बाद विभा ने आशीष की तबीयत बिगड़ने की बात बताई। जब रिश्तेदार शशांक मौके पर पहुंचे तो पता चला कि आशीष की मौत हो चुकी है। आशीष की मां विजय लक्ष्मी के मुताबिक विभा के फोन आने पर भतीजे शशांक को आशीष के पास भेजा था। जब वह लोहिया अस्पताल पहुंचा तो देखा विभा और उसकी बहन सुरभि और बहनोई सौरभ मौजूद थे।

**हाथ-पैर बंधे युवक का शव बरामद :** शुक्रवार सुबह युवक का हाथ-पैर बंधा शव मिला है। डेडबॉडी के मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। सुबह राहगीरों ने लाश मिलने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची बीकेटी पुलिस, फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल की है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। बीकेटी में लखनऊ-सीतापुर नेशनल हाइवे पर रुखारा गांव के मोड़ के पास किनारे शव पड़ा था। इसकी पहचान अंकित वर्मा (25) निवासी सिरसा कमालपुर के तौर पर हुई है। युवक का शव मिलने के बाद घटनास्थल पर पुलिस और लोगों की भीड़। युवक का शव मिलने के बाद घटनास्थल पर पुलिस और लोगों की भीड़। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की और परिजनों को भी घटना की जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि अंकित अलीगंज का रहने वाला था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मौके पर फॉरेंसिक फील्ड यूनिट टीम को भी बुलाया गया है। एडीसीपी उत्तरी जितेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया है। पुलिस के मुताबिक अंकित वर्मा पेशे से मजदूर था और उसकी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं थी, लेकिन जिस तरह से उसकी बॉडी मिली है, वह हत्या की ओर इशारा करती है। पीएम रिपोर्ट के बाद हत्या के कारणों का खुलासा होगा। मां अनीता वर्मा ने बताया कि अंकित खाना खाकर रात करीब दस बजे घर से बाहर चला गया था। इसके बाद पूरी रात घर वापस नहीं लौटा। सुबह उसकी मौत की सूचना मिली। मां ने बताया कि मैं अपनी ननद नीलम वर्मा के सीतापुर रोड पर स्थित मुस्कान क्लिनिक के पास बेटे के साथ रहती थी। ननद की अब मौत हो चुकी है। परिवार में मैं और मेरा बेटा ही थे।

## दबंगों ने पुराने विवाद के चलते युवक को बुलाकर बेरहमी से पीटा, हालत गंभीर



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके के फतेहअली आनद चौराहे पर पुराने विवाद के चलते विपक्षी को समझौत के बाद बुलाकर अपने दर्जन भर साथियो संग लात गुम्मो और इट से बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों ने बीचबचाव किया तो दबंग धमकी देते हुए फरार हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दे युवक के परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे घायल के पिता ने बेटे को इलाज के लोकबंधु अस्पताल में भर्ती करा गुरुवार को आलमबाग थाने पहुँच लिखित शिकायत की है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी कपिल गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित

मुनव्वर बाग आलमबाग निवासी राजेश यादव पुत्र बाबू लाल यादव के अनुसार वह वर्तमान में अपने परिवार संग रॉयल सिटी बिजनौर में रहते है। बीते 8 जनवरी की रात्रि उनके पुत्र दिपांशु यादव को आनन्द नगर चौराहे पर अभिषेक मिश्रा निवासी बडा बरहा ने पुराने विवाद की बात करने के लिए बुलाया वही पर दिलीप कुमार निवासी नर्स कालोनी फतेहली व 10-15 अज्ञात व्यक्ति भी आ गए पुराने विवाद के समझौते को लेकर दबाव बनाने पर कहा सुनी हुई और विरोध करने पर उनके पुत्र को सभी लोगो ने लात घुसो व ईट पत्थर से मारा जिससे शिर पर गंभीर चोट आयी लडाई झगडे का बीच बचाव राह चलते लोगो द्वारा किया गया जिससे उनके बेटे की जान बची। मारपीट करने वाले लोग जान से मारने की धमकी व गाली गलोज करते हुए फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर वह मौके पर पहुँच बेटे को रेलवे अस्पताल ले गए जहाँ से उसे लोक बन्धु अस्पताल रेफर किया गया अस्पताल में बेटे का सिटी स्कैन के बाद डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती कर लिया। पुलिस के अनुसार पीड़ित के पिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित दबंगो की तलाश की जा रही है।

## सेना के जवान से 60 लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एक रिटायर्ड सैनिक ने अपने ही साथी सैनिक को प्रॉपर्टी के नाम पर धोखा दिया। मामला वृंदावन कॉलोनी का है, जहां सेवानिवृत्त सैनिक ने अपने दोस्त और उनकी पत्नी को झांसा देकर करीब साठ लाख रुपए की ठगी की। पीड़ित की पत्नी गायत्री देवी के अनुसार, सुनील कुमार शुक्ला उनके पति विजय कुमार के साथ सेना में कार्यरत थे। दोनों परिवारों के बीच अच्छे संबंध थे।

सेवानिवृत्ति के बाद सुनील लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने लगे। पिछले साल अक्टूबर में उन्होंने विजय कुमार को फोन कर वृंदावन कॉलोनी सेक्टर 14बी में स्थित 1744 वर्ग फीट के मकान को बेचने का प्रस्ताव रखा। नवंबर के पहले सप्ताह में, विजय कुमार और गायत्री देवी मकान देखने लखनऊ आए। शुक्ला ने अपने साथियों के साथ उन्हें भवन संख्या 14बी/218 दिखाया, जो सेंट मैरी स्कूल से दूसरा मकान था। मकान पसंद आने पर 80 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। बाद में पता चला कि शुक्ला ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए 6074911 लाख रुपए धोखाधड़ी की है। इंस्पेक्टर गायत्री देवी ने बताया कि पति ने 2 लाख रुपए नकद बयाना के रूप में दिया। 31 जुलाई 2024 तक प्रार्थिनी और उसके पति ने कुल 73 लाख 99 हजार 911 बताए गए खाते में जमा किए। जब मकान का रजिस्ट्री बैनामा नहीं हुआ तो प्रार्थिनी ने सुनील कुमार शुक्ला से अपने रुपए वापस मांगे। उन्होंने बताया कि सुनील कुमार शुक्ला और उसके साले विपिन शुक्ला ने कई तिथियों में सवा 13 लाख रुपए हम दोनों के बैंक खाते में आन लाइन ट्रांसफर किए। शेष बची राशि मांगी तो जान से मारने की धमकी दी। इस पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया जेल का निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोसाईंगंज स्थित जिला जेल लखनऊ व नारी बंदी का शुक्रवार को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल व्यवस्था देख कर वह संतुष्ट दिखी। उन्होने जेल में बंद महिलाओं के पास रोजगार न होने के कारण चिंता व्यक्त करते हुए उन्हें रोजगार दिलाने के लिए अधिकारियों से चर्चा की।

जेल निरीक्षण के दौरान उप्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबिता सिंह ने निरीक्षण के बाद हुई मुलाकात के दौरान बताया कि जेल में साफ सफाई, बैरको में कैदियों के रख रखाव की व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने जेल में बंद महिलाओं के पास किसी प्रकार का रोजगार न होने के पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि महिला बंदियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं को बात करने पर चर्चा की। उन्होंने जेल में बंद करीब 15 बच्चों के रहने व प्ले ग्राउंड देख जेल की सराहना की। उन्होंने बताया कि पुरुषों को तो जेल में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन महिलाएं खाली रहती है। उन्हें भी रोजगार मिले तो वह खाली न बैठे। वह भी रोजगार के माध्यम से अपनी सजा के साथ इंकम कर सके। जिससे जेल से छूटने के बाद उन्हें किसी मे आगे हाथ न फैलाना पड़े।

## डिलीवरी ब्वॉय ने किशोरी से की छेड़छाड़

**लखनऊ।** पीजीआई इलाके में एक 16 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ की गई। बुधवार दोपहर को अपार्टमेंट के बाहर कुत्तों को खाना खिलाते समय एक डिलीवरी बॉय ने किशोरी के साथ अश्लील हरकत की। विरोध पर मौके से फरार हो गया। घटना से आहत किशोरी के परिजनों ने महिला हेल्पलाइन 1090 और स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान अनूप मिश्रा के रूप में की। उसे वृंदावन क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी के अनुसार, पीड़िता के पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना से किशोरी मानसिक रूप से परेशान है।

# प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर आज निकलेगी शोभायात्रा

## राजधानी लखनऊ के मंदिरों में सुंदरकांड, भजन संध्या, भंडारे संग होंगे विविध आयोजन, तैयारियां पूरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अयोध्या धाम में श्री रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पौष शुक्ल द्वादशी (11 जनवरी) को मनायी जाएगी। लखनऊ में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को उत्सव के रूप में मनाये जाने की तैयारियां तेज हैं। इस दिन कई मंदिरों में विशेष रूप से सुंदरकांड का पाठ, अभिषेक, पूजन व भजन होंगे। श्रीराम लला उत्सव यात्रा निकाली जाएगी। हनुमान सेतु मंदिर परिसर में अयोध्या से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। वहीं कई स्थानों पर भंडारे व अन्य आयोजन होंगे।

**अलीगंज हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ व भंडारा :** अलीगंज श्री महावीर जी ट्रस्ट द्वारा श्री हनुमान जी मंदिर में ठीक प्राण प्रतिष्ठा के समय (दोपहर 12.30 बजे) सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के सचिव व सेवानिवृत्त आईपीएस राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि पाठ के बाद शाम को भंडारा होगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पौष शुक्ल द्वादशी यानी 22 जनवरी 2024 को हुई थी। इस वर्ष पौष शुक्ल द्वादशी 11 जनवरी शनिवार को पड़ रही है।

**भारती भवन से निकलेगी शोभायात्रा:** श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर राजेन्द्र नगर स्थित भारती भवन से प्रभु राम की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। श्रीराम लला उत्सव यात्रा गुरुतेग बहादुर सिंह द्वार भारती भवन से प्रारंभ होकर नाका चौराहा, गणेशगंज, अमीनाबाद झंडेवाला पार्क होते हुए मौलवीगंज, रकाबगंज, पांडेयगंज होते हुए भारती भवन पर समाप्त होगी। इस दौरान जगह-जगह राम भक्तों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। समापन पर सामूहिक आरती होगी।

**हनुमान सेतु पर होगा श्रीरामलला का अभिषेक व भजन:** हनुमान सेतु मंदिर में सुबह श्रीराम लला का अभिषेक व पूजन होगा। मंदिर के सचिव दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि अयोध्या में होने वाले मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मंदिर की पार्किंग में बड़ी स्क्रीन पर किया जाएगा। वहीं श्रीराम लला का अभिषेक होगा। भंडारा लगाया जाएगा प्रसाद वितरण होगा और प्रवचन हॉल में भजन संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**दो घंटे बढ़ेगा रामलला के दर्शन का समय:** तीनों दिन सुबह छह बजे से रात्रि साढ़े नौ बजे तक दर्शन होगा। इसके अलावा तीनों दिन अपराह्न में 12:30 बजे से 1:30 बजे तक होने वाली मंदिर बंदी को आधे घंटे कम किया जाएगा। इसकी घोषणा ट्रस्ट ने पहले ही कर रखी है। बंदी के बाद मंदिर एक बजे खुलेगा और दर्शन प्रारंभ हो जाएगा। सामान्य दिनों में सुबह सात बजे से रात्रि नौ बजे तक दर्शन होता है और इसी बीच एक घंटे तक मंदिर बंद रहता है।

## द्वादशी की तिथि के कारण आज मनाई जायेगी राम मंदिर की वर्षगांठ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रामजन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ होने वाली है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पूरे धूमधाम से गई थी। इसे अब एक साल पूरे होने वाले हैं। पहले वर्षगांठ को लेकर अयोध्या में खास तैयारियां चल रही है। उत्तर प्रदेश सरकार भी इस आयोजन को खास बनाना चाहता है, लेकिन, एक खास बात है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ 11 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी।

अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की सालगिरह 11 जनवरी को मनाई जाएगी। दरअसल, हिन्दू पंचांग के अनुसार, 22 जनवरी 2024 के दिन पौष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी की तिथि थी। इस साल ये खास तिथि 11 जनवरी को ही पड़ रही है। ऐसे में प्रतिष्ठा द्वादशी का उत्सव इसी दिन मनाया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर अयोध्या राम मंदिर में 11 जनवरी से 13 जनवरी तक तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। जानकारी अनुसार प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव के दिन यानी 11 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10 बजे मंदिर में पहुंचकर रामलला का अभिषेक और पूजा-अर्चना करेंगे। इस दौरान अयोध्या में कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। जानकारी अनुसार इस समारोह में देशभर के 170 संत-धमार्चार्य मेहमान के रूप में शामिल होंगे।

**पिछले साल पौष शुक्ल द्वादशी को थी 22 तारीख:** संयोग से वह तिथि अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक 22 जनवरी को पड़ी। अब राम मंदिर प्रबंधन ने प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाने का फैसला किया तो इसके लिए मुहुर्त पौष शुक्ल द्वादशी का ही निकाला गया। हिन्दू कैलेंडर के मुताबिक इसी तारीख को मंदिर के एक साल पूरे भी हो रहे हैं। चूंकि इस बार पौष शुक्ल द्वादशी की तारीख 11 जनवरी को पड़ रही है, इसलिए कहा जा रहा है कि 11 जनवरी को वर्षगांठ मनाई जा रही है। बता दें कि पिछले साल राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़ा जश्न मना था। इस जश्न में देश विदेश से आए राम भक्त शामिल हुए थे. कई देशों के राजनयिक भी इस कार्यक्रम में पहुंचे थे।

# दर्शकों का प्यार हमारी मेहनत का सबसे बड़ा इनाम : खुशी कक्कड़

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भोजपुरी म्यूजिक इंडस्ट्री में धमाल मचाने वाला एक नए गाने 'हमके देखेला दुश्मन जैसे' ने दस्तक मारी है। रिलीज होते ही ये गाना दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो गया है। इस गाने में दो यूथ आइकॉन खुशी कक्कड़ और माही श्रीवास्तव का स्वैग खूब दिख रहा है, जहां खुशी कक्कड़ ने अपनी सुरीली आवाज से गाने को खास बना दिया है, वहीं माही श्रीवास्तव का जबरदस्त परफॉर्मेंस और स्क्रीन प्रेजेंस इसे और भी दिलचस्प बना रहा है।

यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है और इसके आते ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। दर्शक न केवल गाने की धुन और बोल की तारीफ कर रहे हैं, बल्कि खुशी कक्कड़ और माही श्रीवास्तव की जोड़ी को भी खूब सराह रहे हैं। माही श्रीवास्तव ने गाने को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा, 'हमके देखेला दुश्मन जैसे एक ऐसा गाना है, जो हर किसी को झूमने पर मजबूर कर देगा। इस गाने में मेरे किरदार को बहुत मजबूती और आत्मविश्वास के साथ दिखाया गया है। खुशी कक्कड़ की आवाज ने इस गाने में जान डाल दी है और यह सुनने में उतना ही मजेदार है जितना कि इसे फिल्माने में मजा आया।' उन्होंने आगे कहा, 'गोल्डी जयसवाल और सनी की कोरियोग्राफी ने मुझे अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित किया। इस गाने की पूरी टीम ने बहुत मेहनत की है और दर्शकों का यह प्यार हमारी मेहनत का सबसे बड़ा इनाम है। मैं उम्मीद करती हूं कि यह गाना हर किसी की प्लेलिस्ट में जगह बनाएगा और लंबे समय तक लोगों के दिलों में बसा रहेगा।' गाने का निर्माण रत्नाकर कुमार ने किया है, जबकि बोल रवि यादव ने लिखे हैं। संगीत की धुन विकी वॉक्स ने तैयार की है, जो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना रही है। गाने का निर्देशन सुनील बाबा ने किया है, और इसे गौरव और रंजन की शानदार सिनेमैटोग्राफी ने जीवंत बना दिया है।

# कुंभ वाइब्स वीकेंड फेस्टिवल में दिखेगी कला-संस्कृति की अद्भुत छटा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** शहर के हृदय स्थल सहारागंज में थ्री वीकेंड फेस्टिवल कुंभ वाइब्स का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इसके तहत सहारागंज की ओर से पहली कड़ी के रूप में पहले वीकेंड शनिवार 11 जनवरी को मकर संक्रान्ति और लोहड़ी स्पेशल कार्यक्रम होगा। दूसरे वीकेंड शनिवार 18 जनवरी को कुंभ स्पेशल त्रिधारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

अंतिम कड़ी के रूप में 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष रूप से वीरों को नमन कार्यक्रम का आयोजन सहारागंज में किया जाएगा। आयोजन स्थल पर विशाल कलश भी महाकुंभ के सेल्फी प्वाइंट के रूप में रखा जाएगा। यह आयोजन दोपहर तीन से रात आठ बजे तक होंगे। इन कार्यक्रमों में भागीदारी पूरी तरह से निःशुल्क रहेगी। इसलिए एक बार फिर तैयार है सहारागंज आप सभी की आवभगत के लिए। प्रथम कड़ी के रूप में 11 जनवरी को महाकुंभ जी.के. क्विज के माध्यम से आगंतुकों को पुरस्कार जीतने का अवसर मिलेगा। प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 कब से शुरू हो रहा है और महाकुंभ कितने वर्ष बाद आयोजित होता है, जैसे आसान प्रश्नों के उत्तर इसमें देने होंगे। इसके विजेताओं को यूथ स्किल वॉल्कैनो द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर महाकुंभ पर आधारित अभिलेख-चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। इसके माध्यम से लोग कुंभ के इतिहास से रूबरू हो सकेंगे। लोग यह भी जान सकेंगे कि समुद्र मंथन के उपरांत कौन से 14 रत्न प्राप्त हुए थे और महाकुंभ कहां-कहां होता है। इसके साथ ही पेन्टिंग वर्कशॉप का भी आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में ह्लकाइट मेकिंग कॉन्टेस्टह्व का आयोजन अन्य आकर्षण बनेगा। इसकी खासियत यह रहेगी कि यह पतंग भले ही उड़े नहीं पर उसकी सजावट के आधार पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें साज-सज्जा के लिए फोम फ्लावर, स्टीकर्स आदि का प्रयोग किया जा सकेगा। इसके भी विजेताओं को यूथ स्किल वॉल्कैनो द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। ह्लपंजाबी ट्रेडिशनल फैशन परेडह्व इसका अन्य आकर्षण बनेगी। इसमें प्रतिभागी पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा पहन कर रैंप वॉक करेंगे। यही नहीं प्रोफेशनल ग्रुप द्वारा गिद्दा, भांगड़ा और पंजाबी ढोल की प्रस्तुतियां इस आयोजन को परवान चढाएंगी। आर्टिफिशियल बोनफायर के साथ पारंपरिक रूप से लोहड़ी मनायी जाएगी। गजक, रेवड़ी, मुरमुरा, पीनट, जैगरी, पॉपकॉर्न के साथ यह इवेंट होगा।

इस कड़ी के दूसरे वीकेंड 18 जनवरी को कुंभ स्पेशल त्रिधारा कार्यक्रम में भी महाकुंभ जी.के. क्विज होगी। समुद्र मंथन में किस नाग का प्रयोग किया गया था जैसे आसान प्रश्नों का उत्तर देने वाले विजेताओं को यूथ स्किल वॉल्कैनो द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कलश सज्जा की दिलचस्प प्रतियोगिता में प्रतिभागी एक्रेलिक रंग, शीशे, धागे आदि से सजावट कर सकेंगे। इसके विजेताओं को भी यूथ स्किल वॉल्कैनो द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। संध्या का मुख्य आकर्षण रहेगी वरिष्ठ कथक गुरुओं के दल द्वारा कथक की प्रस्तुतियां। लखनऊ की मशहूर जुड़वा रतन बहनों द्वारा कथक की विशेष प्रस्तुति भी दी जाएगी। 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष रूप से वीरों को नमनह्व कार्यक्रम का आयोजन सहारागंज में किया जाएगा। उसमें स्लोगन मेकिंग कम्पटीशन के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। उसमें स्वच्छ भारत-विकसित भारत, गणतंत्र दिवस, तिरंगा आदि विषयों पर स्लोगन लिखने होंगे। इसी क्रम में राष्ट्रभक्ति पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता भी होगी।

# हिन्दी के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता : डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा विश्व हिन्दी दिवस समारोह के शुभ अवसर पर दिन शुक्रवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के निराला सभागार में किया गया। दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण के उपरान्त वाणी वंदना डॉ. कामिनी त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत की गयी। अतिथि डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित, डॉ. सुधाकर अदीब, डॉ. कैलाश देवी सिंह, डॉ. सूर्यकान्त का स्वागत स्मृति चिह्न भेंट कर राज बहादुर, निदेशक, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा किया गया।

डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा-हिन्दी के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता है। हिन्दी भाषा को विश्व के विभिन्न देशों में प्रचार-प्रसार में गिरमिटिया मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मॉरीशस, सूरीनाम में गिरमिटिया मजदूरों ने हिन्दी भाषा को सम्पन्न और समृद्ध किया। प्रवासी भारतीयों ने हिन्दी भाषा व संस्कृति को बढ़ाने में अपना बहुत योगदान दिया है। वैश्विक चेतना के कारण भी हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार हो रहा है। अप्रवासी भारतीयों ने विदेशों में हिन्दी भाषा, संस्कृति व साहित्य को काफी बढ़ावा दिया है। विदेशी लेखकों व भाषा विद्वानों ने अनुवाद, कोशकारिता, पत्रकारिता, व्याकरण द्वारा भी हिन्दी को समृद्ध किया। विश्व स्तर पर आज हिन्दी की अनिवार्यता बढ़ती जा रही है। हिन्दी की महत्ता व्यापार के बढ़ने से भी काफी प्रचलित हो रही है।

डॉ. सुधाकर अदीब ने कहा-कबीर, सूर, तुलसी, बिहारी, मीरा, मतिराम, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, दिनकर जैसे ऋषि तुल्य कवियों, कवयित्रियों ने भक्ति साहित्य को सुशोभित किया। आज हिन्दी भाषा निरन्तर समृद्ध होती जा रही है। विश्व स्तर पर हिन्दी की स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। विश्व में बौद्धिक सम्पदा के रूप में हमारे तकनीकी, शिक्षा, प्रबन्धन, कम्प्यूटर के विशेषज्ञ हिन्दी का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। विदेशी लेखकों ने भी अनुवाद के माध्यम से हिन्दी को बढ़ावा दिया है। भारत में प्रदेशों की साहित्यिक अकादमियों व संस्थाओं द्वारा भी हिन्दी भाषा को बढ़ाने व प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जा रही है। हिन्दी भाषा का भविष्य गरिमामयी है।

डॉ. कैलाश देवी सिंह ने कहा- हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए विश्व हिन्दी सम्मेलनों को प्रारम्भ किया गया। विश्व भाषा के रूप में उसी भाषा को मान्यता मिल सकती है, जिसमें मानव चेतना के तत्व विद्यमान हो। विश्व में हिन्दी का स्थान तीसरा है। विश्व के अनेक देशों के विश्वविद्यालयों में हिन्दी भाषा पढ़ाई जा रही है। विश्व में हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में प्रवासी लेखकों, साहित्यकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 19 वीं व 20वीं शताब्दी में विदेशों में हिन्दी भाषा के क्षेत्र में अनुवाद व व्याकरण के माध्यम से प्रचार-प्रसार हुआ। विदेशी साहित्यकारों, लेखकों ने हिन्दी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। विदेशों में कबीर व सूरदास के भक्ति साहित्य को प्रमुखता से सराहा गया तथा इस विधा में काफी कार्य किया गया। प्रवासी लेखकों, साहित्यकारों ने विदेशों में हिन्दी में पत्रिका का प्रकाशन कर हिन्दी भाषा का काफी प्रचार-प्रसार किया है।

# एक्सप्रेशन-एन इनवोकेशन ऑफ ए ब्रश स्ट्रोक प्रदर्शनी का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सिनैप्स इंटरनेशनल आर्ट गैलरी ने द सेंट्रम होटल के साथ मिलकर एक समूह कला प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें सात कुशल कलाकारों की उत्कृष्ट कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं: पश्चिम बंगाल से आशीष मंडल और मोनालिसा सरकार मित्रा, इंदौर से प्रभात जोशी और अविनाश यादव, पश्चिम बंगाल से बिभास बैद्य, वाराणसी से सुरेश कुमार सौरभ और बैंगलोर से संजय जी एन केतन। 'एक्सप्रेशनः एन इनवोकेशन ऑफ ए ब्रश स्ट्रोक' शीर्षक वाली प्रदर्शनी को गैलरी के संस्थापक और निदेशक राकेश कुमार मौर्य ने क्यूरेट किया था।

शो का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन समारोह के साथ, सम्मानित मुख्य अतिथि विनोद कुमार शाही, अतिरिक्त महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश सरकार एवम बिसिस्थ आतिथि यू श्रीनिवासन, कॉर्पोरेट संचार, राष्ट्रीय संचालन और भारती एयरटेल, के द्वारा दिनांक 10 जनवरी, 2025 को शाम 5 बजे किया गया। उल्लेखनीय उपस्थित लोगों में सर्वेश गोयल, एक उद्यमी, शिक्षाविद्, मैराथन धावक, होटल व्यवसायी और फिल्म निमार्ता, नमित अग्रवाल, पाट्र्नर-मुरालेज, भास्कर सिंह, व्यवसायी, पूर्णिमा वर्मा, गुल मोहर ग्रीन स्कूल के संस्थापक और प्रबंधक, राहुल राय-कलाकार, मौसम दास- मॉडल, राजेंद्र मिश्रा, राहुल रॉय -आर्टिस्ट और भगवती पंथ, महाप्रबंधक, द सेंट्रम होटल शामिल थे। गैलरी के संस्थापक निदेशक राकेश कुमार मौर्य ने मीडिया को एक्सप्रेशन - एन इनवोकेशन ऑफ ए ब्रश स्ट्रोक नामक प्रदर्शनी के बारे में बताया, जो प्रतिष्ठित घाटों, मंदिरों और वाराणसी के निवासियों की जीवंत जीवनशैली की खोज करती है। यह आंदोलन के गतिशील सार और जीवन की जीवंत भावना को समाहित करता है, जबकि प्रभाववाद, शास्त्रीयता और रोमांटिकतावाद के तत्वों को मिश्रित करता है। कलाकृतियों का उद्देश्य बीजों के चित्रण के माध्यम से सार्वभौमिक प्रेम को व्यक्त करना, प्रकृति में शांति की विरोधाभासी उपस्थिति को उजागर करना और आध्यात्मिक संबंधों पर जोर देना है। वे बचपन की कहानियों और यादों को दशार्ते हैं, उपलब्धियों और अधूरी आकांक्षाओं को स्वीकार करते हैं।

# ओडिसी नृत्य में ढलीं भगवान शिव और जगन्नाथ की महिमा

- भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् की क्षितिज श्रृंखला कार्यक्रम
- वृंदावन धाम की ओडिसी गुरु कुंजलता मिश्रा ने दी प्रस्तुति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् की क्षितिज श्रृंखला के अंतर्गत वृंदावन धाम की ओडिसी गुरु कुंजलता मिश्रा ने पारंपरिक ओडिसी नृत्य से दर्शकों को आनंदित कर दिया। संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित कार्यशाला में उन्होंने अपनी प्रभावी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की शुरूआत में संचालक कथक नृत्यांगना अदिति थपलियाल ने गुरू कुंजलता का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि गुरु कुंजलता मिश्रा का जन्म जाजपुर (उड़ीसा) में हुआ। आपने 9 वर्ष की आयु से ही ओडिसी नृत्य की शिक्षा प्रसिद्ध गुरु श्री पीताम्बर विश्वाल और गुरु श्री दुर्गा चरण रणबीर से प्राप्त किया। आपने अखिल भारतीय गन्धर्व महाविद्यालय मुंबई में अलंकार करने के उपरांत ओडिसी नृत्य में परास्नातक की शिक्षा उत्कल महाविद्यालय के डॉ. विदुत कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में करने के साथ ही आपने ओडिसी नृत्य में एम. फिल. की शिक्षा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय से प्राप्त की।

गुरु कुंजलता ने जगन्नाथ अष्टकम शीर्षक प्रस्तुति से भगवान जगन्नाथ की महिमा का अद्भुत वर्णन-किया। यह दिव्य स्तोत्र आदि शंकराचार्य द्वारा रचित है, जिसमें आठ धोकों के माध्यम से भगवान जगन्नाथ के अलौकिक स्वरूप, उनकी लीलाओं और भक्तों पर उनकी अनंत कृपा का वर्णन किया गया है। रवाकरस्थित श्याम, जगदाधाररूपिणम्। मदा मंगलदं देवं, जगनार्थ नमाम्यहम्॥ राग - मालिका, ताल-मालिका, नृत्य संयोजन गुरु दुर्गा व्हारण रणवीर और याहि माधव याहि केशव, याहि माधव याहि केशव मा वद कैतववादम्। रचनाओं पर प्रभावी नृत्य कर खूब प्रशंसा पाई। राग - बैरागी, एक ताल, नृत्य संयोजन स्व. गुरु देव प्रसाद दास.... में ढले शिवाष्टकम- निवाष्टकम भगवान शिव की महिमा का वर्णन कर पूरा वातावरण शिवमय कर दिया। आईसीसीआर के क्षेत्रीय निदेशक अरविंद कुमार ने गुरू कुंजलता का स्वागत किया और दर्शकों का आभार जताया।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001:2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.), पी.बी.एक्स. नं. : 1800 1800 5000, वेबसाइट : www.ldaonline.co.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्री मोहन | भूखण्ड संख्या-ई-14, सेक्टर-सी-1 | कानपुर रोड योजना | 20.09.1998 | श्री राजेन्द्र कुमार | 1. श्री विनोद कुमार-पुत्र 2. श्री राकेश कुमार-पुत्र 3. श्रीमती सरला देवी-पुत्रवधू 4. श्री दिलीप कुमार-पौत्र 5. श्री शुभम-पौत्र 6. श्री सुजीत कुमार-पौत्र | पुत्र |
| 2. | स्व० उज्जल कुमार सेन | भूखण्ड संख्या-4/30 | विपुल खण्ड | 08.03.2021 | श्रीमती नूपुर सेन | श्री तुषित सेन-पुत्र | पत्नी |
| 3. | स्व० अजय कुमार श्रीवास्तव | भूखण्ड संख्या-D-1/238 | विभव खण्ड गोमती नगर | 04.01.2021 | श्रीमती आराधना श्रीवास्तव श्री देवांश श्रीवास्तव | उत्तराधिकार के आधार पर | पत्नी पुत्र-नाबा० |
| 4. | श्रीमती आशा देवी | भूखण्ड संख्या-C-1/154, सेक्टर-जी | जानकीपुरम | 22.12.2022 | श्री गौरव प्रकाश सक्सेना (पुत्र) | ——— | पुत्र |
| 4. | श्री इश्तियाक अहमद | एल०आई०जी० भवन संख्या-डी-668/II | टिकैतराय योजना | 05.07.2020 | 1. श्रीमती सीमा परवीन (पत्नी) 2. सनाया अहमद मुश्तफा-नाबालिग/संरक्षणाधीन श्रीमती सीमा परवीन | ——— | पत्नी/नाबालिग पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से **30 दिनों** के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

# पाटलिपुत्र, छपरा व मऊ से चलेंगी कुंभ स्पेशल ट्रेनें

- श्रद्धालुओं की सहुलियत के लिए रेलवे लगातार कर रहा है स्पशल गाड़ियों का संचालन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 05297/05298 पाटलिपुत्र-बलिया-पाटलिपुत्र डेमू विशेष गाड़ी का संचलन पाटलिपुत्र एवं बलिया से 10 जनवरी से 31 मार्च तक 81 फेरों के लिये किया जायेगा।

05297 पाटलिपुत्र-बलिया डेमू विशेष गाड़ी 10 जनवरी से 31 मार्च तक पाटलिपुत्र से 08.15 बजे प्रस्थान कर दीघा ब्रिज हाल्ट, भरपुरा पहलेजाघाट, परमानन्दपुर, नयागांव, सीतलपुर, दिघवारा, अवतार नगर, बड़ा गोपाल, गोल्डिनगंज, छपरा कचहरी, छपरा, गौतम स्थान, मांझी, बकुलहा, सुरेमनपुर, दलछपरा, रेवती, सहतवार तथा बांसडीह रोड होते हुए बलिया 12.45 बजे पहुंचेगी ।

वापसी यात्रा में 05298 बलिया-पाटलिपुत्र डेमू विशेष गाड़ी 10 जनवरी से 31 मार्च तक बलिया से 13.00 बजे प्रस्थान कर बांसडीह रोड, सहतवार, रेवती, दलछपरा, सुरेमनपुर, बकुलहा, मांझी, गौतम स्थान, छपरा, छपरा कचहरी, गोल्डिन गंज, बड़ा गोपाल, अवतार नगर, दिघवारा, सीतलपुर, नयागांव, परमानन्दपुर, भरपुरा पहलेजाघाट तथा दीघा ब्रिज हाल्ट होते पाटलिपुत्र 17.55 बजे पहुंचेगी । इसी क्रम में 05157 छपरा-झूसी कुम्भ मेला विशेष अनारक्षित गाड़ी 14, 28 एवं 30 जनवरी तथा 03 फरवरी को 04 फेरे के लिये छपरा से 12.30 बजे प्रस्थान कर सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना, चितबड़ा गाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड तथा हंडिया खास होते हुए झूसी 20.40 बजे पहुँचेगी। 05158 झूसी-छपरा कुम्भ मेला विशेष अनारक्षित गाड़ी 15, 26, 28, 29, 30 एवं 31 जनवरी तथा 04 फरवरी को 07 फेरे के लिये झूसी से 06.30 बजे प्रस्थान कर हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार, नन्दगंज , गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीनपुर, चितबड़ा गाँव, फेफना, बलिया, बाँसडीह रोड, सहतवार तथा सुरेमनपुर होते हुए छपरा 14.50 बजे पहुँचेगी।

05127 छपरा-झूसी कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 14, 28, 29 एवं 30 जनवरी को 04 फेरे के लिये छपरा से 23.15 बजे प्रस्थान कर, दूसरे दिन सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना, चितबड़ा गाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड तथा हंडिया खास होते हुए झूसी 07.45 बजे पहुँचेगी। 05128 झूसी-छपरा कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 27 जनवरी को 01 फेरे के लिये झूसी से 22.35 बजे प्रस्थान कर हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार, नन्दगंज , गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीनपुर, चितबड़ा गाँव, फेफना, बलिया, बाँसडीह रोड, सहतवार तथा सुरेमनपुर होते हुए छपरा 07.30 बजे पहुँचेगी। 05129 छपरा-झूसी कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 12, 13, 25, 26, 27 एवं 28 जनवरी तथा 02, 11 एवं 25 फरवरी को 09 फेरे के लिये छपरा से 18.30 बजे प्रस्थान कर सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना, चितबड़ा गाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड तथा हंडिया खास होते हुए झूसी 02.25 बजे पहुँचेगी। 05130 झूसी-छपरा कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 13, 14, 15, 29, 30 एवं 31 जनवरी तथा 03, 12 एवं 26 फरवरी को 09 फेरे के लिये झूसी से 13.30 बजे प्रस्थान कर हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार, नन्दगंज , गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर , करीमुद्दीनपुर, चितबड़ा गाँव, फेफना, बलिया, बाँसडीह रोड, सहतवार तथा सुरेमनपुर होते हुए छपरा 21.30 बजे पहुँचेगी। इन गाड़ियों में सामान्य द्वितीय/शयनयान श्रेणी के 12 तथा एस.एल.आर.डी के 02 कोचों सहित कुल 14 कोच लगाये जायेंगे 05125 छपरा-प्रयागराज रामबाग कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 12, 13, 14, 27, 28, 29 एवं 30 जनवरी तथा 02 एवं 03 फरवरी को 09 फेरे के लिये छपरा से 10.05 बजे प्रस्थान कर सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना, चितबड़ा गाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नन्दगंज, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड तथा हंडिया तथा झूसी खास होते हुए प्रयागराज रामबाग 18.35 बजे पहुँचेगी। 05126 प्रयागराज रामबाग-छपरा कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 12, 13, 14, 27, 28, 29 एवं 30 जनवरी तथा 02 एवं 03 फरवरी को 09 फेरे के लिये प्रयागराज रामबाग से 21.55 बजे प्रस्थान कर झूसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार, नन्दगंज , गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीनपुर, चितबड़ा गाँव, फेफना, बलिया, बाँसडीह रोड, सहतवार तथा सुरेमनपुर होते हुए छपरा 06.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय/शयनयान श्रेणी के 12 तथा एस.एल.आर.डी के 02 कोचों सहित कुल 14 कोच लगाये जायेंगे।

05119 मऊ-प्रयागराज रामबाग कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 27, 28, 29 एवं 30 जनवरी को 04 फेरे के लिये मऊ से 10.30 बजे प्रस्थान कर पनियरा, पिपरी डीह, नायकडीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर, सादात , माहपुर, औंड़िहार, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधो सिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास तथा झूसी होते हुए प्रयागराज रामबाग 16.45 बजे पहुँचेगी। 05120 प्रयागराज रामबाग-मऊ कुम्भ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 27, 28, 29 एवं 30 जनवरी को 04 फेरे के लिये प्रयागराज रामबाग से 21.45 बजे प्रस्थान कर झूसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, दूसरे दिन बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार, माहपुर, सादात, हुरमुजपुर, जखनियाँ, दुल्लहपुर, नायकडीह, पिपरी डीह तथा पनियरा होते हुए मऊ 03.45 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय/शयनयान श्रेणी के 12 तथा एस.एल.आर.डी के 02 कोचों सहित कुल 14 कोच लगाये जायेंगे।

## विश्व स्तर पर हिन्दी भाषा को स्थापित करना लक्ष्य : प्रो. आलोक

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्व हिन्दी दिवस पर अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ की ओर से कार्यशाला और संगोष्ठी का आयोजन हुआ। हिन्दी भाषा को वैश्विक स्तर पर प्रमुख भाषा के रूप में स्थापित करना विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने संदेश दिया। कहा कि कोई भी भाषा अपने उद्भव व विकास के साथ एक संस्कृति को पुष्पित, पल्लवित करती है। संस्कृत से उद्भूत हिन्दी मानवता के उदात्त गुणों को आत्मसात करते हुए वसुधैव कुटुंबकम के लक्ष्यों को प्रसारित प्रचारित कर रही है। वर्तमान भू राजनैतिक परिवेश में हिन्दी विश्व भाषा बनने में सर्वदा सक्षम है।

हिन्दी भाषा हमारी संस्कृति और पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. रवीन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हिन्दी को विश्व भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने में इसके राजभाषा प्रारूप और भाषाई स्वरूपों में सरलीकरण पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। आनंद अबेसुन्दरा, अक्षय भारद्वाज, नीतीश कुमार सिंह, धर्मेंद्र भारद्वाज, रोहित यादव, अदिति कुमार, पूर्णिमा पुष्पा, सहारमल सहार, शेकिब लोदिन, अभिषेक कुमार गुप्ता, सिबोसिसो, मरवान अलकोजई, एहसान उल्लाह हिम्मत, मल्लिका शुक्ला समेत अन्य भारतीय और अंतरराष्ट्रीय छात्र, रिसर्च स्कॉलर कार्यशाला में प्रतिभागी रहे।

**कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया:** इस कार्यशाला में श्रीलंका, अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, थाईलैंड आदि देशों के छात्रों ने प्रतिभाग कर हिन्दी के प्रचार प्रसार जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसमें हिन्दी भाषा का महत्व, वैश्विक प्रसार के लिए चुनौतियां व अवसर और हिंदी भाषा को वैश्विक स्तर पर प्रमुख भाषा के रूप में स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्यक्रमों पर परिचर्चा की गई।

## इरिटेम लखनऊ में दिव्यांगजन पर संवेदनशीलता सत्र का आयोजन



**लखनऊ।** दिव्यांगजन पर संवेदनशीलता विषय पर एक सत्र भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान (इरिटेम), लखनऊ में आयोजित किया गया। यह सत्र मृदु गोयल और राम के. गोयल द्वारा लिया गया, जो दिव्यांगजन के अधिकारों और समावेशन के क्षेत्र में अपने दशकों के अनुभव के लिए जाने जाते हैं।

कार्यक्रम की शुरूआत आईआरएमएस परिवीक्षाधीन अधिकारी अक्षिता निधि द्वारा परिचय के साथ हुई, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण सत्र की पृष्ठभूमि प्रस्तुत की। मृदु गोयल, जो हैंडिकेयर-भारतीय दिव्यांगजन व्यक्तियों का संघ की अध्यक्ष हैं, और श्री राम के. गोयल ने के से जुड़ी समस्याओं और समावेशी वातावरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मृदु गोयल, जिन्हें अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, ने लखनऊ को भारत के सबसे सुलभ शहरों में से एक बनाने में अपनी भूमिका साझा की। उनके कार्यों में 100 से अधिक सरकारी भवनों का एक्सेसिबिलिटी ऑडिट, नीति सुधार, और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। इस सत्र में इरिटेम के अपर महानिदेशक संजय त्रिपाठी, डीन शिशिर सोमवंशी, वरिष्ठ प्रोफेसर स्वदेश कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रोफेसर काजी मैराज अहमद और प्रगति कुमार सहित 2022 और 2023 बैच के आईआरएमएस परिवीक्षाधीन अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## लविवि ने बीबीए पाठ्यक्रमों के लिए देश में 22वां स्थान किया हासिल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) कार्यक्रमों के लिए भारत में प्रतिष्ठित 22वां स्थान प्राप्त करते हुए एक और उपलब्धि हासिल की है। यह पाठ्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संस्थान द्वारा संचालित होता है। यह उपलब्धि अकादमिक उत्कृष्टता, समग्र शिक्षा और उद्योग के लिए तैयार स्नातकों को प्रशिक्षित करने के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

यह रैंकिंग गतिशील और अभिनव पाठ्यक्रम, विशेषज्ञ शिक्षकों का मार्गदर्शन और अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय के समर्पण को दशार्ती है। यह उपलब्धि अपने छात्रों के बीच नेतृत्व, उद्यमशीलता कौशल और नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देने पर विश्वविद्यालय के अटूट ध्यान को भी प्रदर्शित करती है। एजुकेशन पोस्ट द्वारा प्रबंधित भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ), एक प्रसिद्ध रैंकिंग प्रणाली है जो एक मजबूत और पारदर्शी पद्धति के आधार पर पूरे भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन करती है। यह शैक्षणिक उत्कृष्टता, प्लेसमेंट प्रदर्शन, शोध आउटपुट, उद्योग इंटरफेस, बुनियादी ढाँचा और समावेशिता जैसे मापदंडों पर संस्थानों का मूल्यांकन करता है। आईआईआरएफ प्रबंधन, अभियांत्रिकी, विधि, वास्तुकला, कला और विज्ञान सहित विभिन्न विषयों में वार्षिक रैंकिंग को प्रकाशित करता है, जो छात्रों, शिक्षकों और भर्तीकताओं के लिए व्यापक जानकारी प्रदान करता है। रोजगार और उद्योग की तत्परता पर अपने फोकस के लिए जाना जाने वाला आईआईआरएफ संतुलित मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए अकादमिक विशेषज्ञों, उद्योग के शीर्ष अधिकारियों और छात्रों से इनपुट शामिल करता है। लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रबंधन विज्ञान संस्थान, जिसके तहत बीबीए पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं, अत्याधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है। ये पाठ्यक्रम सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच संतुलन पर जोर देते हैं, जिसमें इंटर्नशिप, उद्योग सहयोग और कौशल निर्माण कार्यशालाओं के अवसर शामिल हैं।

## एकेटीयू और टी हब हैदराबाद मिलकर नवाचार और उद्यमिता को देंगे बढ़ावा

- एकेटीयू के इनोवेशन हब और टी हब के बीच हुआ एमओयू
- 40 सदस्यों का दल तीन दिनों तक टी हब में ले रहा प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) और हैदराबाद स्थित टी हब मिलकर प्रदेश में इनोवेशन और स्टार्टअप को नई दिशा देंगे। इनोवेशन और स्टार्टअप के लिए टी हब देश का जाना माना संस्थान है। यहां के विशेषज्ञ एकेटीयू के साथ मिलकर छात्रों को स्टार्टअप और इनोवेशन के लिए तैयार करेंगे। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में शुक्रवार को टी हब हैदराबाद में विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी केशव सिंह एवं टी हब के सीईओ सुजीत जागीरदार ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। दोनों संस्थानों के बीच एमओयू होने से इनोवेशन और स्टार्टअप के क्षेत्र को काफी फायदा होगा। इसी क्रम में सही तरीके से कार्य करने और अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 40 नये स्थापित प्री इन्क्युबेशन सेंटर के प्रतिनिधियों के लिए तीन दिवसीय कैपिसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह कार्यशाला 9 से 11 जनवरी तक हैदराबाद के टी हब में दी जा रही है, जिसमें इनोवेशन हब की टीम के साथ 40 प्री इन्क्युबेशन सेंटर के प्रतिनिधियों शामिल हैं। टीम को टी हब के विशेषज्ञ स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा देने के टिप्स दे रहे हैं। इन्क्युबेशन सेंटर किस तरह नये आइडिया को स्टार्टअप में बदलने में मदद करेगा इसकी भी जानकारी दी जा रही है। इस प्रोग्राम के दौरान, प्रतिभागियों को इन्क्यूबेशन स्थापित करने, संचालन, ऑनबोर्डिंग, मेंटरिंग और अन्य प्रमुख पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान इनोवेशन एंड सोशल एंटरप्रेन्योरशिप के एसोसिएट डीन, डॉ. अनुज कुमार शर्मा, लेखाधिकारी यामिनी जैन, इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह, वंदना शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## समाज को एक प्रकार का नया संविधान लिखने की जरूरत : बैजनाथ रावत

- विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को वितरित किये टैबलेट
- बीबीएयू ने मनाया अपना विश्वविद्यालय दिवस

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 'विश्वविद्यालय दिवस' धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसके द्विवेदी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर सेंटर फॉर स्टडी ऑफ सोशल सिस्टम, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. विवेक कुमार, राममनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. एसके भटनागर, बीबीएयू के सेवानिवृत्त शिक्षक प्रो. आरबीराम, कुलसचिव प्रो. यूवी किरण एवं आयोजन सचिव प्रो. शशि कुमार उपस्थित रहे।

इसके बाद आयोजन समिति की ओर से अतिथियों एवं शिक्षकों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। सर्वप्रथम आयोजन सचिव प्रो. शशि कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। साथ ही कैप्टन (डॉ.) राजश्री ने सभी को अतिथियों के परिचय से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं शिक्षकों के हाथों विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किये गये। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजिकल एंड डिसीजन साइंस के संकायाध्यक्ष प्रो. बाल चंद्र यादव द्वारा लिखित पुस्तक 'कॉम्प्लेक्स एंड कम्पोसाइट मेटल ऑक्साइड्स फॉर गैस, वीओसी एंड ह्यूमिडिटी सेंसर्स' का विमोचन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसके द्विवेदी ने विश्वविद्यालय दिवस पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अपनी शैशवावस्था से होकर 28 वर्ष पूर्ण कर चुका है, जिसमें अनंत शक्तियां समाहित है।

चाहे विद्यार्थी हो या शिक्षक व गैर शिक्षण कर्मचारी, विश्वविद्यालय की उन्नति के लिए सभी की कर्तव्यनिष्ठा, कर्त्तव्यपरायणता एवं सेवाभाव के कदम सराहनीय है। इसके अतिरिक्त कुलपति ने बैजनाथ रावत से अनुसूचित जाति और जनजाति विद्यार्थियों के लिए पुरुष एवं महिला छात्रावास और छात्र गतिविधि केंद्र के समक्ष बिरसा मुंडा की प्रतिमा की स्थापना करवाने में सहयोग का निवेदन किया। उत्तर प्रदेश अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने चर्चा के दौरान कहा कि समाज को एक प्रकार का नया संविधान लिखने की जरूरत है, जिसमें युवा पीढ़ी को संस्कार, आदर्शों एवं मूल्यों के आधार पर कार्य करने को प्रेरित किया जाये क्योंकि नौजवानों से ही सामाजिक परिवर्तन संभव है और यह परिवर्तन वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज की युवाशक्ति को महापुरुषों को अपना आदर्श बनाना चाहिए, जिससे सभी के लिए सुरक्षित एवं समृद्ध समाज का निर्माण हो सके। जवाहरलाल नेहरू विवि, नई दिल्ली के प्रो. विवेक कुमार ने कहा कि हमें अम्बेडकर के दो व्यक्तित्वों एक्टिविस्ट अम्बेडकर एवं एकेडमिशियन अम्बेडकर को गंभीरता से पढ़ना चाहिए। विद्यार्थी होने के नाते हमें एकेडमिक अम्बेडकर के व्यक्तित्व शिकायत करने की जगह चुनौतियों का सामना करना सीखना चाहिए। इसके अतिरिक्त इन्होंने बाबासाहेब के शैक्षणिक जीवन पर प्रकाश डाला। अंत में धन्यवाद ज्ञापन का कार्य विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. यूवी किरण ने किया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 1050 से अधिक विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किये गये। कार्यक्रम के दौरान छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नरेन्द्र कुमार, प्रॉक्टर प्रो. एमपी सिंह, आइक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. राम चंद्रा, विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहें।

## आरडीएसओ में मनाया गया हिंदी दिवस




लखनऊ। आरडीएसओ में राजभाषा हिंदी को वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित किए जा रहे प्रयासों के तहत शुक्रवार को विश्व-हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजभाषा हिंदी विषयपरस्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे विभिन्न निदेशालयों के लगभग 25 रेलकर्मियोंनेभागलिया। साथही, वर्ष 2025 मेंविश्व हिंदी दिवस के थीम हिन्दीः एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजनकियागया।इस संगोष्ठी मेंसंगठनकर्मियोंद्वाराअपनेबहुमूल्य विचार प्रस्तुत किए गए एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ.वीणा कुमार ी वर्मा द्वारा पुरस्कार प्रदानकर विजेताओं का उत्साहवर्धन किया गया।

## रेलकर्मियों को आयकर टीडीएस के बारे में दी गयी जानकारी




लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में आज मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के सभागार में वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक डा. आर.के. भारती एवं आयकर अधिकारी/टीडीएस-प्रथम विशुन दत्त दीक्षित की उपस्थिति में आयकर विभाग के साथ टीडीएस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेलकर्मियों के आयकर/टीडीएस के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। आयकर अधिकारी/टीडीएस-प्रथम श्री विशुन दत्त दीक्षित ने डीडीओ आदि विषय पर व्याख्यान दिया तथा उपस्थित कर्मचारियों की आयकर संबंधी जिज्ञासा का समाधान भी किया गया एवं सभी डीडीओ को उनके कर्मचारियोंके आधार-पैन से लिंक कराने पर बल देते हुए नोटिस के समाधान के बारे मे चर्चा की गयी। इस अवसर पर मण्डल वित्त प्रबन्धक उमेश कुमार, सहायक वित्त प्रबन्धक दीपक कुमार सिंह एवं आयकर निरीक्षक ब्रजेश यादव एवं सहायक वैष्णवी व अन्य लेखा व कार्मिक विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## पर्यावरण कुंभ मित्र के रूप में नामित शिक्षा संकाय




लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय द्वारा पर्यावरण कुंभ मित्र के रूप में नामित छात्रों को संकायाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार और पर्यावरण नोडल ऑफिसर डॉ. हेमेंद्र कुमार सिंह द्वारा 'एक थाली- एक थैला' अभियान के तहत प्रयागराज प्रस्थान के लिए हरी झंडी दिखाई गयी। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और मां गंगा के घाटों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पर्यावरण कुंभ मित्र के रूप में अपना योगदान प्रदान करना है।

कुंभ मेले में पर्यावरण संरक्षण एक महत्वपूर्ण विषय है। यहां कुछ बिंदु दिए गए हैं जो कुंभ मेले में पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हैं, जिसमें कुंभ मेले में प्लास्टिक का उपयोग कम करने के लिए कई पहल की जाती हैं। इसमें प्लास्टिक की थैलियों के बजाय कपड़े की थैलियों का उपयोग और प्लास्टिक की बोतलों के बजाय मिट्टी के बर्तनों का उपयोग शामिल है। कुंभ मेले में जल संचयन और पुनर्चक्रण पर भी ध्यान दिया जाता है। इसमें वर्षा जल संचयन प्रणाली की स्थापना और जल पुनर्चक्रण संयंत्रों का उपयोग शामिल है। कुंभ मेले में ऊर्जा की बचत के लिए भी कई उपाय किये जाते हैं। इसमें एलईडी बल्बों का उपयोग और सौर ऊर्जा पैनलों की स्थापना शामिल है।

## उप्र महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम पहली बार नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में लेगी भाग



लखनऊ। कोच्चि केरल में होने वाले इंडसलन बैंक महिला नेशनल ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम पहली बार भाग ले रही है। यह टूर्नामेंट क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में देश की 19 राज्यों की टीमें भाग ले रहीं है। जिनको पांच ग्रुपों में विभाजित किया गया है। यह टूर्नामेंट 13 से 18 जनवरी आयोजित किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट खेलने के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड की चयन समिति द्वारा 14 खिलाड़ियों को चयनित किया है। उत्तर प्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शौकत अली ने बताया। उत्तर प्रदेश महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम में कमरुननिशा (कप्तान), बबीता (उपकप्तान), ज्योति पाल, अंजू शर्मा, शालिनी, सविता, शेफाली रावत, सोनाली गुप्ता, अंकिता, ऐमन बानो, राजकुमारी, रोशनी मौसिक, पूनम अहके, रंजना, शौकत अली (मैनेजर), सुमन यादव (कोच) और विपिन (सहायक कोच) हैं।

## लखनऊ विवि के प्रो. विमल जायसवाल के भ्रष्टाचार की जांच के आदेश

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने लखनऊ विश्वविद्यालय के अप्लाइड इकोनामिक्स विभाग के प्रोफेसर बिमल जायसवाल के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने उनके खिलाफ नान क्रीमीलेयर में नियुक्ति, केंद्र आवंटन में भ्रष्टाचार, शिक्षकों की नियुक्ति में अनियमितताओं, अंकों के हेरफेर की जांच करने के आदेश दिए हैं। समिति को 15 दिन में जांच कर रिपोर्ट शासन को सौंपनी है। साथ ही उनके खिलाफ लोकायुक्त ने भी जांच शुरू कर दी है। शासन द्वारा गठित जांच समिति में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक राय, उच्च शिक्षा विभाग में संयुक्त सचिव डीपी शाही, चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ के कुलसचिव धीरेंद्र कुमार और क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. सुधीर कुमार सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। यह आदेश उच्च शिक्षा विभाग में अनु सचिव संजय कुमार द्विवेदी की ओर से जारी किए गए हैं।

बिमल जायसवाल पर आरोप हैं कि वर्ष 2005 में उन्हें ओबीसी श्रेणी नान क्रीमीलेयर में सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किया गया, तब वह क्रीमीलेयर में आते थे। उन्होंने पद पर रहते हुए परीक्षा केंद्र निर्धारण, शिक्षकों की नियुक्ति में भारी अनियमितताएं कीं। यही नहीं अंकों में हेरफेर किया गया। शोध विद्यार्थियों का शोषण करने की भी शिकायतें थीं। इस संबंध में अधिवक्ता रोहित कांत द्वारा शिकायत की गई थी।

संक्षेप

## महिला ने सिपाही पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**कुशीनगर।** जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के मुजहाना दास निवासी एक महिला ने एसपी से मिलकर हाटा कोतवाली मे तैनात एक सिपाही के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने जांच के आदेश दिए हैं ।महिला का आरोप है कि तीन जनवरी की रात सिपाही अपने एक सहयोगी के साथ पहुंचा उस समय महिला का पति घर में मौजूद नहीं था ।दरवाजा खोलने पर अंदर ले गया और दुष्कर्म किया ।इस दौरान सिपाही का सहयोगी ने भी उसे पकड़ लिया था और धमकी दी कि फर्जी मुकदमे में फंसा दूंगा। इस संबंध में पूछे जाने पर हाटा कोतवाली प्रभारी सुशील कुमार शुक्ला ने बताया कि महिला के पति मनोज माली के खिलाफ किरन देवी पत्नी हरेंद्र सिंह निवासी पकवा इनार थाना कसया ने जमीन दिलाने के नाम पर तीन लाख रुपये हड़पने और जमीन बैनामा न कराने को लेकर दो जनवरी को तहरीर दी थी ।उक्त मामले में सिपाही महिला के घर उसके पति को ढूढते हुए गया था अन्य आरोप निराधार है।

# जिलाध्यक्ष के 50, तो प्रांतीय परिषद पद के लिए मैदान में 18 दावेदार



**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व के तहत शुक्रवार को कुशीनगर में जिलाध्यक्ष और प्रान्तीय परिषद के लिए नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। प्रक्रिया रविन्द्र नगर स्थित भाजपा कार्यालय में जिला

- नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न

चुनाव अधिकारी डॉ. रंजन शर्मा और संगठन चुनाव पर्यवेक्षक पूर्व सांसद लल्लू सिंह की देखरेख में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष पद के लिए कुल 50 और प्रान्तीय परिषद के लिए 18 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। वर्तमान जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने भी पुनः दावेदारी पेश की है। उनके अलावा 7 वर्तमान जिला पदाधिकारी और कई पूर्व पदाधिकारी इस पद के लिए मैदान में हैं। दावेदारों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं, जिनमें महिला मोर्चा की वर्तमान जिलाध्यक्ष चंद्रप्रभा पांडेय भी शामिल हैं। डॉ. रंजन शर्मा ने बताया कि प्रदेश संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुसार नामांकन प्रक्रिया शान्तिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। इस बार जिलाध्यक्ष पद के लिए कई वरिष्ठ नेताओं ने दावेदारी पेश की है। प्रमुख दावेदारो में वर्तमान जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पांडेय, जिला महामंत्री संतोष दत्त राय, सुदर्शन पाल, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, विजय शुक्ला, अवधेश सिंह, मनोज जायसवाल, और पूर्व जिला महामंत्री मार्कण्डेय शाही सहित कई प्रमुख नाम शामिल हैं। इस दौरान राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय, हाटा विधायक मोहन वर्मा, तमकुही राज विधायक डॉ. असीम राय, और फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा के जिलाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर जिले में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। आगामी चरणों में प्रक्रिया और भी दिलचस्प हो सकती है।

## ग्रामप्रधानों को अधिकार और कर्तव्य की एडीओ ने दी जानकारी



**कुशीनगर।** उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में क्षेत्र पंचायत कसया के सभागार में ब्लाक के ग्रामप्रधान गण का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्य शाला सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में उप्र पंचायती राज अधिनियम, महिला सशक्तिकरण, अधिकार और कर्तव्य पर जानकारी दी गयी ।शुक्रवार को प्रोजेक्टर के माध्यम से कसया ब्लाक के सभागार में 11 बजे से एक बजे तक प्रधान गण का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में उप्र पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 15 के तहत ग्राम पंचायत के कार्य, उप्र पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ) के प्राविधान के अनुसार प्रधान को पद से हटाया जाना, आयकर रिटर्न को दाखिल करना, महिला प्रधानों के अधिकार व कर्तव्य को विस्तृत रूप से प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एडीओ पंचायत नीरज कुमार चतुर्वेदी ने पंचायती राज एक्ट और अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामप्रधान अपने कर्तव्यों को समझें और ग्राम विकास में अपनी भूमिका का निर्वाह करें। प्रधानसंघ के जिलाध्यक्ष अकबर अधिकारियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## दिव्यांगजनों में ट्राई सायकिल का वितरण



**देवरिया** ।लार ब्लाक कार्यालय परिसर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की तरफ से आयोजित शिविर में दिव्यांगों में ट्राई साइकिल का वितरण एवं किसान मेला का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य कर रही है। दिव्यांगों का जीवन सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल दी जा रही है जिससे उनके जीवन में सुगमता आएगी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू ने कहा कि ट्राई साइकिल की सहायता से दिव्यांगों को आने-जाने में सुविधा होगी। दिव्यांगों के सशक्तीकरण के लिए इस तरह के विशेष कार्यक्रम नियमित तौर पर आयोजित करने की आवश्यकता है, जिससे प्रत्येक पात्र व्यक्ति को ट्राइसाइकिल मिल सके।

जिला दिव्यांग अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि इन दिव्यांगों को पूर्व में चयनित किया गया था, जिन्हें आज ट्राई साइकिल दी गई है। खण्ड विकास अधिकारी रमेश दत्त मिश्र, टी.के. सिंह, अजय दूबे वत्स, आसनारायण सिंह, बृजेश धर दूबे, एडीओ बैजनाथ प्रजापति, रजनीश श्रीवास्तव, शिवप्रसाद साहनी, दरोगा सिंह, अशोक कुशवाहा, रूपेश सिंह, लल्लन सिंह आदि मौजूद रहे।

## झांसा देकर स्कूटी लेकर भागने का आरोप, थाने में दी तहरीर

**भटनी(स्थानीय)** ।स्थानीय नगर के ईसरी गुलजार टोला निवासी एक व्यक्ति की स्कूटी किसी जालसाज द्वारा झांसा देकर लेकर भागने का मामला प्रकाश में आया है। स्कूटी मालिक ने इस मामले को लेकर पुलिस को लिखित सूचना दिया है। ईसरी गुलजार टोला निवासी चंदन वर्मा ने बताया है कि उसकी नकहनी चौराहे पर बाटी चोखा की दुकान है। गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति उसकी दुकान पर बाटी चोखा खाने के बाद आटा लाने के लिए स्कूटी मांगा। दुकानदार के अनुसार वह अपने एक मित्र के साथ स्कूटी लेकर भेज दिया। खुखुन्दू थाना क्षेत्र के मुजूरी चौराहे पर रुकने के बाद वह उसके मित्र के लेकर एक व्यक्ति के घर गया। वहां पानी पिलाने के बाद वह रुकने के लिए बोला और स्कूटी लेकर चला गया। काफी देर तक वापस नहीं आने पर दुकानदार का मित्र वापस आकर सारी बात बताई। काफी खोजबीन के बाद स्कूटी का कहीं पता नहीं चल सका। स्कूटी मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है ।

## 40 पेटी बरामद, दो गिरफ्तार



**देवरिया।** ट्रक के केबिन में छुपा कर ले जा रहे अवैध अंग्रेजी शराब को मुखबिर की सूचना पर सुरौली पुलिस ने पकड़ लिया। इस दौरान पुलिस ने ट्रक चालक के साथ तीन अन्य युवकों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कार लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से न्यायालय उन्हें जेल भेज दिया। बरामद शराब की कीमत बाजार में दो लाख 65 हजार की बताई जा रही है। ट्रक चालक और आरोपी शराब छुपा कर बिहार ले जाने की फिराक में थे। आइए बताते हैं क्या है पूरा मामला जिले के सुरौली थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह क्षेत्र में हमराहियों के साथ गश्त पर थे। तभी मुखबिर ने एक संदिग्ध ट्रक के बारे में सूचना दी। सूचना पर सक्रिय पुलिस टीम ने देवरिया पकड़ी रोड़ पर घेराबंदी कर दी। तभी मझगावां के सामने से एक ट्रक निकलता दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक को पकड़ा लिया। चेकिंग के दौरान ट्रक के केबिन से 12 पेटी ओल्ड मक 750 टछ, 3 पेटी ओल्ड मंक 375 टछ और 25 पेटी आफिसर्स च्वाइस को बरामद किया। ट्रक ड्राइवर के साथ दो अन्य युवक भी ट्रक में मौजूद थे। पूछताछ में ट्रक ड्राइवर ने शराब को बिहार ले जाने की बात बताई। पूछताछ में पकड़े गए दोनों युवकों ने अपना नाम नितेश यादव पुत्र लालबाबू यादव निवासी पिपरा टोला बलुआ थाना डोरीगंज छपरा बिहार, बिट्टू यादव पुत्र लालबाबू निवासी कसदेवर पूर्वी बलुआ थाना डोरीगंज छपरा बताया ।क्या बताया थानाध्यक्ष ने थानाध्यक्ष सुरौली देवेंद्र सिंह ने बताया कि शराब को बरामद कर लिया गया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया।

## ईंट भट्ठा परिसर में अवैध शराब गतिविधियों पर होगी सख्त कार्रवाई: जिलाधिकारी

**देवरिया** ।जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम, 1910 की धारा 57 के प्रावधानों के तहत सभी ईंट भट्ठा मालिकों और संचालकों का यह दायित्व है कि उनके भट्ठा परिसर में अवैध शराब निर्माण या बिक्री जैसी गतिविधियां न होने पाएं। यदि ऐसी कोई गतिविधि सामने आती है, तो इसकी सूचना तुरंत राजस्व, पुलिस या आबकारी विभाग को देना अनिवार्य है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि ईंट भट्ठा परिसर में किसी कर्मचारी द्वारा अवैध शराब का निर्माण या बिक्री की जाती है और भट्ठा संचालक इसे रोकने में विफल रहते हैं या समय पर सूचना नहीं देते, तो उस कर्मचारी के साथ-साथ संबंधित भट्ठा मालिक/संचालक भी जिम्मेदार माने जाएंगे। ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कोतवाली क्षेत्र में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान



**देवरिया** । विक्रान्त वीर के निर्देशन में आगामी त्यौहार मकर संक्रान्ति, श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के मद्देनजर जनपद में शांति एवं कानून/व्यवस्था को सुदृढ़ तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने हेतु क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी द्वारा कोतवाली पुलिस फोर्स, जीआरपी देवरिया व डाग स्क्वायड टीम के साथ रेलवे स्टेशन, अबू बकर नगर, सदर तहसील परिसर आदि संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग की गई । इस चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखना और अपराधियों पर रोकथाम करना है ।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्री दिलीप सिंह, प्रभारी निरीक्षक जीआरपी थाना देवरिया श्री विनोद कुमार राय व प्रभारी यातायात श्री गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे ।

## नपा अध्यक्ष ने निरीक्षण कर दिए अहम निर्देश



**कुशीनगर।** जिले के नगर पालिक परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरण जयसवाल ने देर रात्रि में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षक के दौरान जहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, वही अपने कर्मचारियों का आवश्यक निर्देश भी दी। श्री जयसवाल द्वारा कसया बस स्टेशन के भवन में बने रैनबसेरा को देखा गया। इस दौरान ठहरे मुसाफिरों से बात की, और वहां के रजिस्टर को देखा। मुसाफिरों एवं लोगो से बात कर यह भी पूछा कि कोई शिकायत या सुझाव हो तो उसे बताया जाय, ताकि आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रख, उसे अम्ल में लाया जा सके। इस क्रम में कस्बे के फाजिलनगर रोड स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा मन्दिर स्थित रैनबसेरा की भी स्थिति जानी। भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली पर सफाई कर्मियों से बात कर उनके कार्य की सराहना की। यहां कहा कि मौसम को देखते हुए कार्य को समय से पूरा कर ठंड से अपना बचाव भी करें।

इस दौरान उन्हें कम्बल भी भेंट किया। विभिन्न स्थानों पर जल रहे अलाव की स्थिति को जाना एवं वहां लोगों से संवाद किया। उन्होंने कसया- देवरिया मार्ग पर हाइवे-चौराहे, दीवानी कचहरी के पास, कुशीनगर के हाइवे तिराहे, ब्लड बैंक के पास सहित अन्य कई प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया। इस दौरान राहुल सोनी, रजनीश आदि मौजूद रहे।

# ग्राम चैती खास में बसंत कालीन गन्ना गोष्ठी



**कुशीनगर।** गन्ने की उत्पादकता एवं चीनी परता में वृद्धि करने तथा गन्ना विकास के लिए उत्तर प्रदेश शासन व चीनी मिल द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी देने तथा गन्ने की वैज्ञानिक खेती , पेड़ी प्रबंधन, सहफसली खेती आदि के विषय में जानकारी देने के

- गन्ने की उन्नत प्रजातियां ही उत्पादन बढ़ा सकती हैं: ओम प्रकाश गुप्ता
- एक एकड़ गन्ने में मेरा 100 से 120 कुंतल आलू होगा: किसान लक्ष्मण प्रजापति
- आधा एकड़ गन्ने में एक लाख का लहसुन होगा: किसान पिंटू यादव

लिए उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर द्वारा पडरौना गन्ना समिति परिक्षेत्र के ग्राम चैती खास में वसंत कालीन गन्ना गोष्ठी का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर गन्ना संस्थान के गन्ना कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता ने किसानों को फोटोग्राफ दिखाकर बताया कि बसंत काल में गन्ने की अधिक उपज एवं अधिक चीनी देने वाली प्रजाति को. 0118, को. लख. 14201, को. शा. 18231, को. 15023 आदि की बुवाई ट्रेन्च विधि से बोएं। जनवरी-फरवरी में गन्ने के साथ प्याज, भिंडी, मूंग, कद्दू , खीरा अपनी की बुवाई करें और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कृषि यात्रा में जाने हेतु कहा।

किसान लक्ष्मण प्रजापति ने बताया एक एकड़ गन्ने में नवंबर के पहले सप्ताह में को. 0118 गन्ना तथा आलू की राजेंद्र प्रजापति बोया हूं, एक एकड़ में 14 कुंतल आलू का बीज लगा है, 100 दिनों में 100 से 120 कुंतल उपज होगी जो एक लाख से अधिक का होगा। गन्ने के दो लाइनों के बीच दो लाइन आलू बोया हूं। दूसरे किसान पिंटू यादव ने कहा कि मैंने गन्ने में आलू, प्याज, लहसुन बोया हूं। आधा एकड़ में लगभग एक लाख का लहसुन होगा। ढाढ़ा चीनी मिल के गन्ना विकास अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि चीनी मिल को. 0118, 15023 का बीज गन्ना दे रही है। ।ढाढ़ा चीनी मिल के अधिशासी निदेशक करन सिंह ने ओम प्रकाश गुप्ता को बताया कि ऑटोमेटिक केन प्लांटर से गन्ने की बुवाई करा रहे हैं। गन्ना काटने, छीलने तथा लादने वाला यंत्र का प्रदर्शन कराया जा रहा है। बीज गन्ना दिया जा रहा है। गन्ना किसान संस्थान पिपराइच द्वारा इस क्षेत्र के ग्राम कोठिलवा, डुमरी, धौरहरा, पड़री, त्रिलोकपुर, खड़साल, शाहपुर, खिरकिया, सोनवल आदि गांव में गोष्ठी का आयोजन कराया गया है। मौके पर जाकर ओम प्रकाश गुप्ता ने किसानों के साथ गन्ने व आलू की सह फसली खेती देखी।

# अंतर्जनपदीय चोर गैंग का पर्दाफाश, सरगना सहित 5 गिरफ्तार



**कुशीनगर।** जनपद के थाना कोतवाली हाटा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने अन्तर्जनपदीय चोरी गैंग का पदार्फाश करते हुए गैंग के सरगना सहित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार, नकद ?14,000, एक लकड़ी का बाक्स, तीन मोबाइल फोन, बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल और दो तमंचे बरामद किए हैं। थाना कोतवाली हाटा में 6 दिसंबर 2024 को अशोक कुशवाहा ने अपनी स्विफ्ट डिजायर कार चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर गठित टीम ने मामले की गहराई से जांच की और 10 जनवरी 2025 को गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि गैंग का सरगना दीपू यादव उर्फ ब्रो है, जो देवरिया का रहने वाला है। यह गैंग कुशीनगर और देवरिया में चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। गैंग के सदस्य सीसीटीवी से बचने के लिए बिना नंबर के वाहनों का इस्तेमाल करते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में दीपू यादव उर्फ ब्रो, निवासी पिपरपाती, देवरिया, दिव्यांशु यादव, निवासी गोबराई खास, देवरिया, अभय यादव, निवासी गोबराई खास, देवरिया, रमेश सिंह, निवासी ढाढ़ा बुजुर्ग, कुशीनगर, किशन मद्धेशिया, निवासी धनौती खुर्द, देवरिया शामिल है। गिरफ्तारी और बरामदगी में प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला, एसओजी प्रभारी आलोक कुमार यादव, और कस्बा चौकी प्रभारी अनुराग शर्मा सहित 18 पुलिसकर्मियों की टीम शामिल रही ।पुलिस ने बताया कि गैंग के खिलाफ कुशीनगर और देवरिया में कई गंभीर मामले दर्ज हैं। इन अभियुक्तों पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अधिकारियों के साथ सभापति ने की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर-प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय और प्रशासकीय विलम्ब समिति के सभापति पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में कुशीनगर व देवरिया जनपद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

शुक्रवार को बैठक में जनवरी वर्ष 2019 से दिसंबर 2022 के बीच विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य देयकों का लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। इसके अलावा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की, तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में संचालित योजनाओं का लाभ देने के लिए निर्देशित किया ।सभापति द्वारा छात्रवृत्ति योजना का लाभ समय से लाभार्थियों को दिलाये। उन्होंने इसके लिये सभी विभागों को एकीकृत प्रयास करने का निर्देश भी दिया। कृषि विभाग, उद्यान विभाग और पीडब्लूडी के अधिकारियों को भी निर्देशित किया की वो शासन की ओर से चल रही योजनाओं को आमजन तक पहुचाएं।

- जनवरी वर्ष 2019 से दिसंबर 2022 के बीच विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य देयकों का लंबित प्रकरणों की समीक्षा की
- बैठक में अनुपस्थित जिला युवा कल्याण अधिकारी, पर्यटन अधिकारी, ईओ सुकरौली, मथौली को नोटिस देने के निर्देश

खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के साथ जिलाधिकारी को बैठक कर इनके कार्यों की समीक्षा करने की अपेक्षा की गई। बैठक दौरान सभापति द्वारा कुछ विभागों की छोड़कर सभी विभागों के कार्यों पर संतुष्टि व्यक्त की गई। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति से सम्बंधित विभागों के साथ बैठक कर उनका जल्द से जल्द निस्तारण कराएं। छात्रों को शासन की ओर से चल रही कृषि विभाग की ओर से संचालित मिलेट्स कार्यक्रम के तहत मोटे अनाजों का उत्पादन कर रहे किसानों को प्रोत्साहित करने का के साथ ही उनको पुरस्कृत करने का निर्देश भी सभापति ने दिया। वन विभाग की ओर से चलाये जा पौधारोपण अभियान के तहत रोपित किये गये पौधों के सही रख-रखाव सहित नगरपालिका क्षेत्र में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था करने के लिये निर्देश दिया। कहा कि गर्मी के दृष्टिगत विद्युत संबंधी तैयारी अभी से पूरी कर लें। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर ले, जिससे परीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति की जा सके। बेसिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग और राजस्व विभाग को भी निर्देशित किया कि वो अपने विभागों में लंबित प्रकरणों का निपटारा जल्द से जल्द करें। सभी विभागों से 07 बिंदुओं पर जानकारी ली गई, जैसे जनपद अंतर्गत सभी समस्त कार्यालय में जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2022 के मध्य कितने कार्मिक सेवा निवृत हुए से संबंधित पेंशन ग्रेच्युटी व अन्य देयको के भुगतान की स्थिति क्या है, तथा वृद्धावस्था विधवा पेंशन के कितने मामले विगत 3 वर्षों से अधिक समय से लंबित है, किसानों के प्रतिकर से संबंधित कितने मामले 3 वर्षों से जिसमें अधिग्रहण हो गया है प्रतिकर का भुगतान न किया गया, एवं जनपद में बिजली पानी से संबंधित कितने मामले हैं जिनकी स्वीकृति मिल जाने के बाद भी विगत 1 वर्ष से लंबित है, इसके अलावा भवनों के मानचित्र की स्वीकृति तथा भूमि सीलिंग संबंधित प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में मामले विगत एक वर्ष से अधिक लंबित है, एवं इस जनपद की सभी विभागों में मृतक आश्रित के कितने मामले विगत 3 वर्षों से लंबित हैं, तथा कितने मृतक आश्रितों को सेवायोजित किया जा चुका है, और अंत में जनपद में जीपीएफ के वर्ष 2019 से दिसंबर 2022 तक कितने सेवानिवृत हुए और उनके समस्त देयकों के भुगतान की स्थिति क्या है ।सभापति द्वारा उक्त बिंदुआर सूचना के संबंध में समस्त विभागों से एक एक कर जानकारी ली गई, तथा लंबित प्रकरणों वाले विभागों से जवाब तलब करते हुए सभी की अवधि निर्धारित करते हुए शीघ्र भुगतान कराए जाने कं लंबित हैं उन्हें शासन स्तर पर बैठ कर लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराया जाएगा ।बैठक दौरान अनुपस्थित रहने वाले जिला युवा कल्याण अधिकारी, पर्यटन अधिकारी, ईओ सुकरौली, मथौली, के अधिकारियों को नोटिस दिए दिए जाने का निर्देश सभापति जी द्वारा दिए गए।

## जद यू के मण्डल अध्यक्ष की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने उमड़ा भारी जनसमूह

**भटनी(देवरिया)** ।निकटवर्ती विजयीपुर ( बिहार )प्रखण्ड के ग्राम बनकटा जिला गोपालगंज निवासी जद यू के विजयीपुर प्रखण्ड के अध्यक्ष रहे सत्येन्द्र सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर जद यू के मण्डल अध्यक्ष नितेन्द्र सिंह द्वारा एक श्रध्दांजलि का आयोजन अपने आवास किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के शिक्षामंत्री सुनील राम ने सबसे पहले क्षेत्र के लोकप्रिय नेता रहे सत्येन्द्र सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रध्दांजलि अर्पित किया और गरीब असहायो को कम्बल वितरण का शुभारंभ किया ।कम्बल वितरण व श्रध्दांजलि अर्पित करने क्रम सायंकाल तक जारी रहा ।अपने नेता को श्रद्धांजलि करने वालो को भारी जनशैलाब उमड पडा ।श्रद्धांजलि समारोह को सबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री सुनील राम ने कहा कि बाबू सत्येन्द्र सिंह मिलसार व्यक्तित्व व मिलसार सहित नेतृत्य करने की असीमित क्षमताके प्रतिमूर्ति थे ।संगठन शक्ति के धनी थे आम जनता की समस्याओं का समाधन कराने मे भी पुरी तरह से सफल रहे । अपने कार्यों से हमेशा जनमानस के बीच एक यादगार के रुप मे बने रहेगेंकार्यक्रम मे जदयू गोपालगंज के जिलाध्यक्ष आदित्यशंकर शाही महासचिव प्रमोद पटेल जदयू के महिला मोर्चा के प्रदेश महासचिव अनुपमा सिंह पूर्व प्रमुख संजय सिंह के अलावे नितेन्द्र सिंह विकास सिंह विशाल सिंह के अलावे भोरे कटेया विजयीपुर के जदयू एवं भाजपा के कार्यकताओं पदाधिकारियों व कटेया प्रमुख आनंद मिश्रा भोरे उप प्रमुख दीपू मिश्रा कटेया जदयू अध्यक्ष नंदलाल मौर्य भोरे जदयू अध्यक्ष विंदा कुशवाहा सहित प्रमंडल प्रभारी रणविजय कुमार विधान सभा प्रभारी सुनील ठाकुर के नेताओं ने भी अपनी श्रध्दा सूमन अर्पित किया ।अन्त मे पूर्व मण्डल अध्यक्ष रहे सत्येन्द्र सिंह के पुत्र विकास सिंह एवं मण्डल अध्यक्ष व नेता जी के भतीजा नितेन्द्र सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया ।इस अवसर पर दो हजार गरीबो मे वितरित किया गया ।

## राजपाल यादव को दी गयी श्रद्धांजलि

**देवरिया** ।सपा कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव 'नेताजी' के अनुज व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के चाचा राजपाल सिंह यादव के निधन पर एक शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित कि गयी। शोक सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष व्यास यादव व संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन ने किया। श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव 'नेताजी' के अनुज व मा. राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के चाचा राजपाल सिंह यादव जी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया गया। उनकी प्रेरणा से उनकी पत्नी सैफई ब्लाक प्रमुख के रुप मे व उनके पुत्र अभिषेक यादव अंशुल जिलापंचायत अध्यक्ष इटावा के रुप मे आमजन की सेवा कर रहे हैं। श्री यादव ने ईश्वर से श्री राजपाल सिंह यादव जी के पुण्य आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया। बैठक मे अवधेश चौधरी, राजवंशी राजभर, पारसनाथ यादव, जयराम राजभर, रामप्रकाश यादव मुन्ना, प्रमोद गुप्ता, प्रज्ञानंद यादव, कदीर आलम, गब्बूलाल विश्वकर्मा, अंबिका यादव, सिराजुद्दीन खां, मुन्ना यादव, बाबूलाल यादव, खुश मोहम्मद, वीरेंद्र गुप्ता, विवेक सिंह पटेल, रामबली यादव, आफताब आलम, संतोष यादव, प्रभुनाथ यादव, रामबहादुर यादव, सुनील यादव, अशोक मद्देशिया, छेदीलाल यादव, एन0 पी0 यादव, रामआधार यादव, बलवंत गुप्ता, प्रमोद गौतम, रुदल त्यागी, हरेन्द्र त्यागी, सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।

## गोरी तेरा गांव बड़ा प्यारा मैं तो गया मारा..




**कुशीनगर।** जिले के कसया नगर क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्यायनगर स्थित डीडी मंत्रा नृत्य संगीत विद्यालय परिसर में सुप्रसिद्ध गायक यसुदास का जन्मदिन समारोह धूमधाम से मनाया गया। यसुदास के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी ।शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। यसुदास के गीतों को कला साधकों ने गाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। हर्षित ने 'गोरी तेरा गांव बड़ा प्यारा मैं तो गया मारा आ के यहा रे....' जिसकी सभी ने सराहना की। कृष्णा ने चांद जैसे मुखड़े पर बिंदिया सितारा, सोनू ने 'मधुबन खुशबू देता है सागर सावन देता है', अभिषेक चौधरी ने 'जब दीप जले आना जब शाम ढले जाना, काश्वी ने 'तोरी मंद मंद मुस्कनिया' भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व प्रवक्ता सुरेश गुप्ता ने कहा कि यसुदास ने तमाम सुपरहिट गीत गाए उनके गीत हमेशा सुने जाएंगे। संस्था के निदेशक कृष्णानंद त्रिपाठी ने कहा कि यसुदास के गीत मधुर सहज सरस है। इन्होंने हर प्रकार का गीत गाए हैं। उनके योगदान को देखते हुए पदमश्री, पद्मभूषण पद्म विभूषण आदि पुरस्कार से सरकार ने सम्मानित किया। इस मौके पर नाल पर रुदल, शमशेर, संस्था के छात्र नरेंद्र शर्मा, गीता वर्मा, काशवी, नीतू कृष्णा, अभिषेक, राजा आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## किशोर की टैक्टर-ट्राली के नीचे दबकर मौत

महमूदाबाद, सीतापुर ! मामा के साथ पिराई कराने के लिये खस लादकर जा रहे टैक्टर-ट्राली के नीचे दबकर किशोर गम्भीर रूप से घायल को गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा, जहां डाक्टरों ने देखते ही किशोर को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पीएम कराये बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। रामपुर मथुरा के मेड़ईपुरवा सेमरी निवासी अनिल वर्मा अपनी खस टैक्टर-ट्राली में लादकर पेराई के लिए ससुराल रामपुरकलां के श्यामपुर जा रहे थे। खस की जड़ लदी ट्राली को अनिल का साला श्यामपुर के अजय वर्मा पुत्र बेनीराम चला रहा था जिसपर उसका भांजा कृष्णा वर्मा (12) पुत्र अनिल वर्मा भी बैठा था। महमूदाबाद-रेउसा मार्ग पर उमा मैरिज लान के पास अचानक अनियंत्रित होकर ट्राली पलट गई। ट्राली पलटने से लगे झटके में ट्रैक्टर से गिरकर कृष्णा वर्मा टैज्क्टर के नीचे दब गया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया, जबकि चालक बच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीछे से आ रही फूस भरी ट्राली भी अनियंत्रित होकर पलट गई किन्तु उसमें किसी को चोंट नहीं आई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से ट्रालियों को सीधा कराया। परिजन पुलिस कार्रवाई करवाए बिना किशोर के शव को लेकर चले गए।

## कंप्यूटर ऑपरेटर की इलाज के दौरान मौत

सीतापुर। थाना संदना क्षेत्र के सरैंया अथार्पुर गाँव निवासी आशुतोष वर्मा उम्र 26 वर्ष पुत्र अरुण वर्मा गोंदलामऊ विकासखंड कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर तैनात थे। गत मंगलवार को वे खंड विकास कार्यालय से घर के लिए निकले लेकिन घर नहीं पहुंचे। इस पर परिजन उन्हें तलाशने निकल पड़े। इसी बीच उन्हें संदना थाना क्षेत्र में रामगढ़ - रामपुर के बीच वे घायल अवस्था में पड़े मिले। उनका मोबाइल और पर्स गायब था। हेलमेट गन्ने के खेत में पड़ा हुआ था। परिजनों ने पुलिस के मदद से आनंद-पालन घायल अरुण वर्मा को गोंदलामऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए, उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने अरुण वर्मा को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में शुक्रवार को अरुण वर्मा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएँ हैं। अरुण वर्मा का मोबाइल और पर्स न मिलाना पूरी घटना को संदिग्ध बना रहा है। लोगों का कहना है कि शायद अरुण वर्मा को लुटेरों ने अपना शिकार बनाया है। इधर पुलिस का कहना है की लूट संबंधी कोई तहरीर थाने में नहीं दी गई है। घटना के हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल की जा रही है। ।थाना प्रभारी संदना चंद्रभान यादव का कहना है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी।

## संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी

सीतापुर। झरेखापुर मंडल में संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम को लेकर मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह की अध्यक्षता मे एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने कार्यक्रम मे उपस्थित सभी कार्यकर्ताओ से अपील की और कहा कि भाजपा द्वारा 26 जनवरी तक चलाये जा रहे संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकताओं को मंडल से लेकर प्रत्येक बूथ पर जाकर कार्यक्रम के तहत अनुसूचित/ अनुसूचित जन जाति के वर्गो के लोगों को बताना है कि भाजपा ही बाबा साहेब अम्बेडकर के सिद्धांतों पर आधारित पार्टी है। कांग्रेस पार्टी ने सदैव संविधान तथा बाबा साहेब का अपमान किया है। कांग्रेस ने सदैव संविधान को कमजोर करने का काम किया है और बाबा साहेब को चुनाव हराने का काम भी कांग्रेस पार्टी ने किया था। बाबा साहेब अम्बेडकर को भारत रत्न दिलाने के लिये भी भाजपा ने ही संघर्ष किया था। इस मौके पर ब्रजेन्द्र सिंह, बाबूराम विश्वकर्मा, अनुज शुक्ला, कौशलेंद्र सिंह, पंकज पांडेय, अभय सिंह, शैलेंद्र शुक्ला, जयशंकर अवस्थी, चंद्रभाल कनौजिया, कामेश, सुनील मौर्य, अंकित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# आदर पाना है तो दूसरों को दें सम्मान

जिला संवाददाता(vol)

महमूदाबाद, सीतापुर । सम्मान व्यक्ति, समूह, समुदाय या किसी विशिष्ट कार्य व्यवहार के प्रति शाबाशी या प्रशंसा करने की भावना होती है। इसके लिये यह महत्वपूर्ण है कि हम दूसरों से सम्मान प्राप्त करने के लिए पहले उन्हें सम्मान दें। हम अपने जीवन में मिलने वाले हर किसी का सम्मान करे उतना ही जरूरी यह भी है कि हम ऐसे कार्यों का पालन करें जो सम्मान प्राप्त करने में हमारी सहायता कर सके।

उक्त बातें सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के शास्त्री सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने कही। उन्होंने कहा कि माता पिता अपने बच्चों को जब आस पास रहने वाले लोगों का सम्मान करना सिखाएंगे तभी हम एक सकारात्मक समाज का निर्माण करने में सक्षम जो सकेंगे। कार्याक्रमाध्यक्ष के रूप में पधारे सरदार बल्लभ भाई फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रद्युम्न वर्मा ने विद्यार्थियों से मेहनत व लगन से पढ़ाई करते हुये अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही।





विशिष्ट अतिथि के रूप में आजाद इंटर कॉलेज फतेहपुर के प्रधानाचार्य दिनेश पांडेय ने कहा शिक्षा को किसी भी धर्म से नहीं जोड़ा जा सकता। विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। आज सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन का नाम देश के कोने कोने में है। कार्यक्रम को विकास खंड पहला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हरिनाम सिंह, मौलाना इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की विभागाध्यक्षों डॉ. शशि प्रभा, डॉ. प्रदीप वर्मा, जवाहर लाल नेहरू पॉलीटेक्निक के पूर्व प्रवक्ता अवधराम मौर्य ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण व मां शारदे की वंदना से हुआ। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों, खिलाड़ी छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षा, चिकित्सा, वकालत, राजनीति, गो सेवा, पत्रकारिता व धार्मिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले करीब तीन सौ लोगों का माल्यार्पण, उत्तरीय, स्मृतिचिन्ह व आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मातिन किया गया। मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत कॉलेज के चेयरमैन आरके वाजपेयी विरल, डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, वागीश दिनकर वाजपेयी द्वारा माल्यार्पण, उत्तरीय व स्मृति चिन्ह भेंट कर व एनएसएस के छात्रों द्वारा सलामी देकर किया गया। वन्दे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल यशपाल वर्मा एवं अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन संस्था के चेयरमैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीओ वेदप्रकाश श्रीवास्तव, कोतवाल अनिल सिंह, कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर, रेउसा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश चौहान सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

### इन्हें मिला सम्मान

शिक्षा, चिकित्सा, वकालत, राजनीति, गो सेवा, पत्रकारिता व धार्मिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले देवेंद्र सिंह, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, चक्र सुदर्शन पांडेय, अवधेश चौहान, रामकुमार गिरी, दिनेश चंद पांडेय, रामप्रवेश प्रजापति, बच्चा सिंह, ओंकारनाथ, हरिनाम सिंह, सुरेश वर्मा, रमेश वर्मा, डॉ. शशिप्रभा, केके सिंह, राज किशोर वर्मा, पुरुषोत्तम शुक्ल, उपेंद्र वर्मा, पंकज जायसवाल, कमलेश तिवारी, अवधराम मौर्य, सीपी निगम, कमलेश राजपूत, विजय सिंह तोमर, अरविंद यादव, अमरीश वर्मा, डॉ. प्रदीप वर्मा, शिवम वर्मा, डॉ. जयकीरत वर्मा, कैप्टन दीपक प्रजापति, सुरेश चंद्र रावत, शिवदास पुरवार, कुलदीप गुप्त, राहुल सिंह, मनोज शुक्ल, अनुज जैन, डॉ. लोकपति वर्मा, लवकेश गुप्त, भोलानाथ तिवारी, अशोक नाग, ओमप्रकाश गुप्त, लेखा गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, शिवम गुप्त विक्रांत, हिमांशु कश्यप, प्रदीप सिंह, सलमान, राजकुमार यादव, विनोद पांडेय सहित करीब तीन सौ मेधावियों खिलाड़ियों का सम्मान अतिथियों के द्वारा स्मृतिचिन्ह व पुरस्कार देकर किया गया।

## गोहड़ा में वनकर्मियों पर हमला ,7 के विरुद्ध मामला दर्ज

जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत व व बभनी वन रेंज के अंतर्गत ग्राम गोहड़ा के अकेलवा टोला में गुरुवार की शाम 6 बजे ग्रामीणों द्वारा वन कर्मियों पर गोलबंद होकर हमला करने का मामला प्रकाश में आया है । शुक्रवार की सुबह गोहड़ा के वन दरोगा अरविंद कुमार तिवारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर घटना की सूचना देकर कथित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई ,जिस पर पुलिस ने सभी 7 आरोपियों के विरुद्ध बलवा सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि वन दरोगा की तरफ से दी गई तहरीर में पुलिस को अवगत कराया है कि वे गोहड़ा अनुभाग के अंतर्गत तैनात है ,उन्हें गुरुवार की दोपहर 1 बजे सूचना मिली कि जंगल से 1 अदद साखू का पेड़ काटकर ले गए है सूचना पर कटे पेड़ के बोटों को बरामद करने हेतु उन्होंने छानबीन शुरू की ,तो सायं 6 बजे गोहड़ा गांव के अकेलवा टोला के पास लकड़ी सहित 7 लोग सामने मिले वन विभाग की टीम से सामना होते ही कथित द्वारा वन कर्मियों को लाठी डंडे से प्रहार किया जाने लगा ,वहीं वन दरोगा का गला भी दबाया गयो इसके साथ वन कर्मियों में प्रभास ,लक्ष्मीनारायण ,बुद्धिनारायन ,अवधबिहारी , शिव प्रसाद को भी लाठी डंडे से गंभीर रूप से मारा गया। घटना से डरे वनकर्मियों ने किसी तरह जंगल में रात गुजार कर अपनी जान बचाए पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कुल सात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2) , 191(1),109 , 121(1), 132 के तहत मामला दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## एसपी ने किया चौकियों का लोकार्पण



जिला संवाददाता(vol)

महमूदाबाद/ सीतापुर। शुक्रवार को एसपी चक्रेश मिश्रा ने सदरपुर थाना क्षेत्र की नवनिर्मित पुलिस चौकी गौड़ैचा का फीता काटकर लोकार्पण किया । इसी तरह से एसपी ने थाना रामपुर मथुरा की नवनिर्मित पुलिस चौकी भगौतीपुर का लोकार्पण फीता काटकर किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह पुलिस चौकियां क्षेत्र की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएंगी।

क्षेत्र के नागरिक कोई भी समस्या होने पर निकट पुलिस चौकी पर पहुंचकर पुलिस के मदद ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस चौकी होने से लोगों को बड़ी आसानी से पुलिस के मदद मिल सकेगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने प्रतिष्ठान स्वामियों से सीसीटीवी कैमरे लगवाने की बात कही। वहीं क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरा को चालू हालत में रखने की बात कही। इस दौरान क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक सदरपुर मुकुल प्रकाश वर्मा, प्रभारी निरीक्षक रामपुर मथुरा कृष्णनंदन तिवारी, प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह एवम् अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। साथ ही महोदय द्वारा थाना बिसवां की निमार्णाधीन चौकी भोलागंज का निरीक्षण कर सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## दीवानी न्यायालय में अवकाश के लिए सहमति

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ की ओर से प्रस्तुत प्रस्ताव तथा गठित समिति द्वारा विचार-विमर्श के उपरान्त आख्या प्रस्तुत की गयी है जिसमें अवकाश एवं रविवार को पड़ने वाले अवकाश के एवज में अवकाश घोषित करने हेतु सहमति प्रदान की गयी है।

14 जनवरी दिन मंगलवार को मकर संक्रान्ति के त्यौहार हेतु स्थानीय अवकाश, 28 मार्च दिन शुक्रवार को अलविदा जुमा के अवसर पर स्थानीय अवकाश, 05 नवम्बर दिन बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा व गुरूनानक जयन्ती के अवसर पर स्थानीय अवकाश, 03 अक्टूबर दिन शुक्रवार को दशहरा के अवसर पर स्थानीय अवकाश, 15 मार्च दिन शनिवार को होली के अवसर पर स्थानीय अवकाश, 06 अप्रैल दिन रविवार को रामनवमी के त्यौहार के एवज में 23 अक्टूबर को अवकाश, 26 जनवरी दिन रविवार गणतंत्र दिवस के एवज में 17 सितम्बर को अवकाश घोषित किया जाता है। 06 जुलाई 2025 को मोहर्रम का निर्बन्धित अवकाश दशार्या गया है जो चांद के दर्शन के बाद ही मनाया जाता है इसलिए इस अवकाश पर अभी सहमति प्रदान नही की गयी है।

## बालिकाओं के प्रति नाटक कर किया जागरूक



सीतापुर। शुक्रवार को एक फाउन्डेशन द्वारा ग्राम पीतपुर मे बालिका जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम मे अतिथि आकाश अग्रवाल रहे। कार्यक्रम में बालिकाओं के उत्थान को लेकर मंचन किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत नाटक किया गया। इसी तरह से सास बहू और बाल विवाह को लेकर भी नाटक किया गया। नाटक के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया गया। गर्ल आइकन आंचल शुक्ला के नेतृत्व में 25 बच्चियों के समूह ने नाटक में भाग लिया। इस मौके प्रमुख अतिथि आकाश अग्रवाल, पंकज पांडे और सच्चिदानंद मिश्र ने प्रतिभागी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर महिला थाना इक्सपेटर पूजा कटियार के द्वारा मिशन शक्ति व एंटी रोमिओ 1090 आदि याजनाओ के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे कुलदीप शुक्ला, शालिनी शुक्ला, मृदुल प्रकाश, उदय सिंह गौड, अन्जू सिंह, आशा बहू लक्ष्मी शुक्ला, अरूण मिश्रा, विशाल उर्फ प्रेम आदि मौजूद रहे।

## बैठक में बताये आवास प्लस योजना के मानक

सीतापुर। कलेक्ट्रेट सभागार में आवास प्लस 2024 के सर्वे हेतु जनपद में नियुक्त सर्वेयरों की एक कार्यशाला की गयी। जिसमें आवास प्लस एप एवं पात्रता/अपात्रता के नये मानक आदि मुख्य बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करके अवगत कराया गया।



कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी निधि बसंल द्वारा सर्वे से सम्बन्धित मुख्य बिन्दुओं की जानकारी देते हुए समस्त सर्वेयरों से सर्वे से सम्बन्धित प्रश्न भी पूछे गये। जिनका सर्वेयरों द्वारा उत्तर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आवास प्लस एप से संबंधित बिन्दुओं की चर्चा करते हुए सर्वेयरों को निर्देश दिये गये कि फोन में इंस्टॉल सर्वे से संबंधित सभी पुराने ऐप अनइंस्टॉल कर दे तथा लिंक के माध्यम से पहला और दूसरा एप आवास प्लस सर्वे 2024 एवं आधार फेस आरडी दोनों को इंस्टॉल कर ले। इंस्टॉल करने के बाद आवास प्लस सर्वे 2024 एप को ओपन करें। लाभार्थी के बैंक खाते की डिटेल भी साथ में ही भरा जाए। भूमिहीन होने की दशा में प्रपोज साइड की फोटोग्राफ नहीं ली जाएगी। सर्वे अपलोड होने से पहले कोई भी जानकारी संशोधित की जा सकती है, सर्वे अपलोड होने के बाद कुछ भी संशोधित नहीं किया जा सकेगा। सर्वे अपलोड होने के बाद लाभार्थी को एसएमएस के माध्यम से एक लिंक प्राप्त होगी। जिससे वह अपना सम्पूर्ण फार्म देख सकेगा। सेल्फ सर्वे के माध्यम से किए गए सर्वे को डिलीट करने का अधिकार सर्वेयर के पास नहीं होगा वह उसे मात्र चेक कर सकता है कि भरी गई जानकारी सही है अथवा गलत है।

# डीएम ने लगायी चौपाल, बांटे कम्बल



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। डीएम गौरांग राठी के निर्देशन में ग्राम कुंजपुर में शीतकालीन चौपाल के आयोजन के साथ-साथ कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विधायक मोहान बृजेश कुमार रावत, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान की अध्यक्षता में किया गया इस कार्यक्रम में ग्राम जैतीपुर, कुंजपुर एवं गौरा कठेरुवा के ग्राम प्रधान सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

इस दौरान राजस्व विभाग की 10, विद्युत विभाग की 9, एवं पेंशन संबंधी 6, राशन कार्ड संबंधी 20 शिकायते रजिस्टर में ग्राम वासियों द्वारा अंकित कराई गई। उप जिलाधिकारी हसनगंज द्वारा वरासत, अंश संशोधन, किसान दुर्घटना बीमा, देवीय आपदा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की विस्तार से चर्चा करते हुए फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र कराये जाने हेतु अपील करने के साथ-साथ चौपाल में प्राप्त समस्त शिकायतों को एक सप्ताह में निस्तारित किए जाने हेतु मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड गौरा कठेरुवा की तरफ से उपलब्ध कराए गए 300 कंबल जरूरतमंदों को शीतलहर से बचाव हेतु प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में अल्ट्राटेक सीमेंट के प्रोजेक्ट हेड संजय सिंह व सतीश विश्वकर्मा, ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज प्रतिनिधि रवि सिंह सहित उप जिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद, विद्युत उपखंड अधिकारी नवाबगंज रुद्र प्रताप सिंह, कृषि, एडीओ समाज कल्याण एवं एडीओ पंचायत नवाबगंज, सप्लाई इंस्पेक्टर नवाबगंज सौरभ त्रिपाठी, थाना अध्यक्ष अजगैन, लेखपाल सुनील सिंह, अमित, किशन यादव, इंद्रसेन मौजूद रहे। अंत में शीतकालीन चौपाल में आए हुए सभी ग्राम वासियों को सूक्ष्म जलपान के साथ विधायक एवं सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम समापन किया गया।

## नवागत सीएचसी अधीक्षक ने किया कार्यभार ग्रहण

जिला संवाददाता(vol)



महोली/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक डॉ.अवनीश कुमार का स्थानांतरण सीएमओ डॉक्टर हरपाल सिंह ने कर दिया है। नई तैनाती पर अधीक्षक डॉक्टर सुधीर पांडेय ने कार्यालय आकर कार्यभार ग्रहण किया। अधीक्षक डॉक्टर सुधीर पांडेय अभी तक नीमसार सीएचसी पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे।

- **महोली सीएससी प्रथम स्थान पर रहे यह मेरा प्रयास रहेगा सर्दी के मौसम में बुजुर्ग और बच्चों का ध्यान रखना चाहिए**

इस अवसर पर अधीक्षक सुधीर पांडेय ने बताया कि शासन के निर्देशों का पालन कराया जाएगा वहीं अभी HMVP नया वायरस देश के किसी प्रदेश में आया है। स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के निर्देश के बाद यहां नये वायरस से निपटने की तैयारी की जाएगी। अस्पताल में हर मरीज की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा वहीं पल्स पोलियो व टीकाकरण अभियान जारी करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य नहीं सिर्फ रोगों से मुक्त होने की स्थिति होती है बल्कि यह हमारे जीवन के सभी पहलुओं का प्रत्येक परिपेक्ष में सामज्यपूर्ण और सुख में होना चाहिए। स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित चेकअप, स्वस्थ जीवन शैली, और सकारात्मक मानसिकता महत्वपूर्ण है। इस समय सर्दी का मौसम चल रहा है बुजुर्ग व्यक्ति व बच्चों का ध्यान रखना चाहिए। महोली सीएचसी को जिले में प्रथम स्थान मिले यही मेरा प्रयास रहेगा।

## एसपी ने बैंकों की सुरक्षा को लेकर प्रबंधकों के साथ बैठक की



उन्नाव। एसपी दीपक भूकर ने बैक की सुरक्षा को और मजबूत बनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक शाखा प्रबंधकों के साथ की। बैठक मे एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह भी उपस्थित रही। बैठक मे एसपी दीपक भूकर ने बैंको मे होने वाली घटनाओ जिनमे चोरी, लूटपाट एवं साइबर आपराध की रोकथाम के लिए विशेष तरह की राणनीति बनाने की बात कही। एसपी ने सभी बैंक प्रबंधकों को सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम एवं गार्ड की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की बात कही। साथ ही जिले की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात भी कही।

## श्री शक्ति धाम आश्रम में निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन

उन्नाव। नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन अवध प्रांत द्वारा श्री शक्ति धाम आश्रम अमिलाह टिकौली में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है ।जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श प्रदान कर उनको निःशुल्क दवा भी दी गई। कैंप में केजीएमयू सहित कानपुर के मेडिकल कॉलेज व स्थानीय चिकित्सकों ने भी शिविर में पहुंच मरीजों का परीक्षण किया। केजीएमयू से डॉ. शिवम् मिश्रा प्रांतीय मंत्री नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन सहित डॉ अमित शर्मा, डॉ. हिमांशु मोहन, डॉ कृतिका, डॉ हिमांशी, डॉ अनुज , डॉ नितिन व स्थानीय स्तर पर डॉ मनीष बाजपेई प्रभारी अचलगंज सीएचसी व डॉ आशीष तिवारी आदि उपस्थित रहे। इसके पूर्व आज यज्ञ की पूणार्हुति के उपरांत भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम के महंत नारायण गिरि महराज सहित सह विभाग प्रचारक शिव शंकर व उपस्थित चिकित्सकों व श्यामू शुक्ला निखिल चौहान, संजय पाण्डेय, विनय दीक्षित, जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला, राहुल ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन कर शिविर का उद्घाटन किया। आश्रम के महंत श्री नारायण स्वरूप गिरि जी ने बताया हम सर्वे भवन्तु सुखिन सर्वे संतु निरामया की संस्कृति से आते हैं सभी लोग निरोगी हों इसके लिए शिविर का आयोजन हुआ है सभी के सहयोग से यह शिविर प्रत्येक माह आयोजित करवाने की कोशिश करेंगे। 31 दिसंबर से श्री शक्ति धाम आश्रम में लगातार विभिन्न सांस्कृतिक एवं अध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे 31 दिसंबर संस्कार भारती द्वारा भजन संध्या, 01 जनवरी को आध्यात्मिक स्वरंजलि 02 जनवरी को संगीतमय सुन्दरकाण्ड और 03 जनवरी से 10 जनवरी तक विश्व वैदिक धर्म संघ अयोध्या जी से आए पूज्य स्वामी ओम प्रपन्नाचार्य मानस किंकर जी महराज के श्री मुख से श्री राम कथा का प्रवचन किया गया साथ ही लक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन किया गया।

## 15 को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष करेंगी जनसुनवाई

उन्नाव। जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जनवरी को अपर्णा यादव उपाध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे से निरीक्षण भवन (पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस) में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। उक्त जनसुनवाई में उपाध्यक्ष द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से जनपद के उच्चाधिकारियों (प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग) साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई की जायेगी। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओ एवं बच्चों के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ से जनसाधारण को जागरूक किया जायेगा। तदोपरान्त महिला उत्पीड़न के मामलों की जनसुनवाई की जायेगी, जिसमें जनपद की महिलाएं घरेलू हिंसा एवं उत्पीड़न आदि विभिन्न समस्याओं से सम्बन्धी प्रार्थना पत्र उपाध्यक्षा को सौंपकर अपनी समस्याओं के बारे में व्यापक रूप से विचार-विमर्श कर सकती हैं।

## संविधान गौरव बैठक का हुआ आयोजन

लहरपुर/सीतापुर। लालपुर बाजार में शुक्रवार को हरगांव विधानसभा के मंडल शाहपुर की संविधान गौरव अभियान की बैठक की गई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी रहे, मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भीमराव अंबेडकर के चित्रों पुष्पार्चन कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि राजेश्वर रस्तोगी द्वारा नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।इसके उपरांत उपस्थित भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के बीच डॉक्टर बीआर अंबेडकर के द्वारा किए गए संविधान के लिए प्रयासों की और भूमिका की चर्चा की गई। एवम्कांग्रेस के द्वारा संविधान व डॉ भीमराव अंबेडकर के साथ किए गए दुर्व्यवहार को बताया गया। जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी ने कहा कि डॉक्टर साहब पिछड़े दलित समाज के मसीहा थे। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा, केके मिश्रा, मनोज वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन, आलोक पांडे ने किया। इस अवसर पर हरे राम दीक्षित, विश्वनाथ तिवारी, दिनेश मिश्रा, सुनील अवस्थी ,रामसागर तिवारी, अयोध्या शरण त्रिवेदी, सत्यम अवस्थी, इंद्रेश वर्मा, दिनेश पाल, तरुण कुमार मिश्रा, अनुज वर्मा, अशोक कुमार गुप्ता ,संजय निषाद, जब्बू लाल मौर्या, राजीव कुमार ,कमलेश कुमार ,रंजीत कुमार, पुनीत कुमार, श्याम सुंदर वर्मा, संदीप कुमार, चिंटू भार्गव ,ओमप्रकाश भार्गव ,हरिनाम, सियानंद मिश्रा, आलोक पांडे ,धर्मेंद्र दीक्षित, राजेश कुमार पांडे, पवन कुमार, रमेश कुमार मौर्य ,संतोष कुमार वर्मा ,उजागर लाल वर्मा, मनोज चौहान ,सुभाष वर्मा, रामकृष्ण शुक्ला, ओमप्रकाश मिश्रा, विजय कुमार, मनोज पांडे, छन्नूलाल मौर्य, कुलदीप भार्गव, मनीष कुमार, विनोद कुमार तिवारी, सत्य प्रकाश मिश्रा ,राजेश राकेश कुमार गिरी, रतनलाल, वीरेंद्र गिरी, संदीप कटियार, राम लोटन वर्मा, पुरुषोत्तम मिश्रा व जगदीश प्रसाद मौजूद रहे।



## अध्यक्ष पद पर रमाकांत रावत, मंत्री पद पर पूर्णेन्द्र प्रकाश ने जीत की दर्ज

महमूदाबाद, सीतापुर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की महमूदाबाद ईकाई के लिए चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। अध्यक्ष पद पर रमाकांत रावत, मंत्री पद पर पूर्णेन्द्र प्रकाश ने जीत दर्ज कर की। परिणाम की घोषणा होते ही विजेताओं को माल्यार्पण कर जीत की शुभकामनाएं दी गई। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की महमूदाबाद ईकाई की नई कार्यकारिणी गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक मुरारी शरण और चुनाव अधिकारी बलराम यादव की देखरेख में हुई। 73 मतदाताओं ने मतदान किया। अध्यक्ष पद पर रमाकांत रावत को 58, सुशील गौड़ को 15 मत प्राप्त हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विनय प्रताप को 36, प्रदीप शाह को 35 मत मिले। 2 मत अवैध घोषित किए गए। मंत्री पद पर पूर्णेन्द्र प्रकाश, उपमंत्री पद पर अश्विनी ने जीत दर्ज की। कनिष्ठ उपाध्यक्ष विकास वर्मा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, लेखा परीक्षक विनय कुमार निर्विरोध निर्वाचित किए गए। सभी विजेताओं को लेखपालों ने माल्यार्पण कर बधाई दी।



संक्षेप

## नाप हुई जमीन पर कब्जा नहीं करने दे रहे दबंग

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्रांतर्गत मजरा हसरैयन निवासी खिलान पुत्र घुरके अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी चक संख्या 1551 रकवा 0.302 हे. 80 डिसमिल व 1976 रकवा 0.424 हे. पर मूल खेत का चक बना हुआ है और चक संख्या 2871 रकवा 0.381 हे भी मूल जोत में चक बना हुआ है और नाप भी हो चुकी है। बताया कि बानपुर में ललितपुर रोड निवासी रामसेवक चैबे पुत्र हल्काई, सुनीता, अमित व शैलेन्द्र उसे उक्त जमीन पर कब्जा नहीं करने दे रहीं हैं। कब्जा करने पर गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। पुलिस ने खिलान की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 329 (3), 352, 131, 351 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## आगे निकलने की होड़ में पलटा ट्रैक्टर, युवक की मौत

**ललितपुर।** शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके पिता घायल हो गए। घटना ललितपुर-राजघाट मार्ग पर ग्राम मडवारी के आगे नहर के पास हुई। ग्राम गुरसौरा निवासी 27 वर्षीय अखिलेश राजपूत अपने पिता शिवराज के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेंहू लेकर ललितपुर गल्ला मंडी जा रहे थे। सुबह करीब 9 बजे जब वह टौरिया माइनर के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे मूंगफली से भरे एक ट्रैक्टर ने आगे निकलने की होड़ में उनके ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अखिलेश का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने अखिलेश को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बताया कि अखिलेश दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसकी एक पुत्री है और वह परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

## पुलिस कार्यालय में जल्द लागू होगी ईः ऑफिस प्रणाली

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीटिंग के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना, चैकी प्रभारियों, सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर को आगामी दिनों में जनपद के सभी पुलिस कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जनपद में ई-ऑफिस के माध्यम से सूचनाओं के आदान-प्रदान व अन्य कार्यसरकार में सरलता व सहजता बनाने हेतु दिये निर्देश। ई-ऑफिस में कार्य करने वाले कर्मियों को ट्रेनिंग देकर दक्ष बनाया जायेगा, जिससे उनकी कार्यक्षमता में गुणोत्तर वृद्धि की जा सके।

## कप्तान के मुआयने में पास हुए देवरनिया कोतवाल

**देवरनिया, बरेली।** बुधवार को जिले के पुलिस कप्तान द्वारा देवरनिया कोतवाली के किए गए वार्षिक मुआयने में कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा पास हो? गए। वहीं? पूर्व में मूल्यांकन परीक्षा में जिले में चौथा स्थान लाकर? सम्मानित होने वाले रिछा पुलिस चौकी इंचार्ज दूसरी मर्तबा कप्तान के हाथों सम्मानित हुए हैं।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक प्रयोग को रोकने के लिए निरंतर छापेमारी करें: डीएम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागर में जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब्त किये गए प्लास्टिक के पुनः प्रयोग में लाए जाने की शिकायत पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि जब्त प्लास्टिक का डिस्पोजल ठीक प्रकार से करना सुनिश्चित करें जिससे कि पुनः प्रयोग में न लाई जा सके। उन्होंने सिंगल यूज एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए निरंतर छापेमारी की कार्यवाही एवं सिंगल यूज व प्रतिबंधित प्लास्टिक का उत्पादन करने वाली इकाइयों, डिस्ट्रीब्यूशन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने तथा वायु प्रदूषण के मानकों का अनुपालन न करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने तथा जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने जिला वृक्षारोपण समिति की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि जिन विभागों द्वारा वृक्षारोपण से संबंधित अपने विभाग के माईक्रों एक्शन प्लान वन विभाग को प्रेषित नहीं कराए है, सभी अधिकारी यथाशीघ्र विभागीय एक्शन प्लान वन



विभाग को उपलब्ध कराएं तथा साथ ही अपनी आवश्यकता के मुताबिक पौधों के नाम भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि गत वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत विभागीय अधिकारियों को वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे, सभी अधिकारी तीन दिन के भीतर अपनी आख्या वन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा इसी के साथ अच्छे कार्य के फोटोग्राफ भी आख्या के साथ संलग्न करें। जिलाधिकारी द्वारा मानव-गुलदार संघर्ष न्यूनीकरण संबंधी बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके द्वारा जो पिंजरे वन विभाग को उपलब्ध कराए जा रहे हैं, उनमें पूरे मानकों का ध्यान रखा जाए कोई भी पिंजरा निर्धारित मानकों के विपरीत नहीं होना चाहिए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि पिंजरों का उठान करते हुए उनकों मानकों के अनुरूप चैक करें और कमी पाए जाने पर संबंधित को वापस कर उसके मानकों को पूरा कराएं। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गुलदार से समुचित बचाव के लिए ब्लॉक स्तर पर पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं तथा गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान आमजन को गुलदार से बचाव एवं सुरक्षा के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी बिजनौर ज्ञान सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डीसी-मनरेगा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# जीरो पॉवरटी सर्वे को क्रॉस वेरिफाई करने के दिये निर्देश

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** वर्तमान सरकार की अन्त्योदय की अवधारणा को साकार करने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा लगातार जनपद के पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर उस क्षेत्र का विकास एवं केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिलाया जा रहा है, जिसके क्रम में जिलाधिकारी अक्षय

- **ग्रामों में शिविर लगाकर छूटे हुए पात्रों को लाभान्वित कर अवगत कराने के निर्देश दिये**

त्रिपाठी ने विगत दिसम्बर माह में जनपद के सहारिया बाहुल्य ग्राम धौजरी एवं दारुतला में जनचैपाल लगाकर जीरो पॉवरटी सर्वे के आधार पर छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये थे। उक्त निर्देशों के क्रम में ग्रामों में विभिन्न विभागों ने कैम्प लगाकर लाभार्थियों का चिन्हांकन किया था और योजनाओं लाभान्वित किया गया था। उपरोक्त के क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कलैक्ट्रेट कक्ष में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ पुनरू बैठक कर अवशेष लाभार्थियों को योजनाओं से संतृप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने पूर्व में चिन्हित किये गए लाभार्थियों की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामों में स्थलीय निरीक्षण करते रहें और जीरो पॉवरटी सर्वे रिपोर्ट को क्रॉस वैरिफाई कर सत्यापन करें।

जिलाधिकारी ने ग्रामीण अंचलों में बेरोजगारों को मनरेगा जॉबकार्ड, वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन, आवास, शौचालय, राशनकार्ड, उज्ज्वला सिलेण्डर, बच्चों को पोषाहार, विद्यालयों में नामांकन, दिव्यांगजनों को पेंशन, सहायक उपकरण, निराश्रिम महिलाओं को पेंशन व स्वरोजगार हेतु श्रण, श्रमिक पंजीयन, विद्युत कनेक्शन, शुद्ध पेयजल हेतु कनेक्शन आदि योजनाओं की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को पुनरू सहरिया बाहुल्य ग्रामों में शिविर लगाकर छूटे हुए पात्रों को लाभान्वित कर अवगत कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए दीपक यादव, अपर उप जिलाधिकारी मो.नासिर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी डीपी अग्रहरि, जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह अधिशासी अभियंता विद्युत राहुल सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आमरण अनशन पर बैठे संविदा बिजली कर्मचारी



**बांदा।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदेश संगठन मंत्री रण बहादुर यादव की अगुवाई में बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों ने चिल्ला रोड स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय में मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। ठेका मजदूरों के पूर्व में हुए समझौतों का उल्लंघन किए जाने, कर्मचारियों का वेतन भुगतान करने, संविदा कर्मचारियों की छटनी किए जाने, संविदा कर्मचारियों को बिना सुरक्षा उपकरण के दबाव बनाकर विश्व का सबसे घातक कार्य खंबे में चढ़ा कर अपंगता और मृत्यु होने की दशा में दुर्घटना हित लाभ न दिए जाने और उच्च अधिकारियों द्वारा संविदा कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज, अमानवीय व्यवहार किए जाने से आक्रोशित ठेका मजदूरों ने चीफ मुख्य अधीक्षण अभियंता कार्यालय में जमकर हंगामा काटा। अधीक्षण अभियंता ने मौके पर जाकर निस्तारण की बात कही, जिस पर संविदा कर्मचारियों ने कहा कि पूर्व में चार बार हुए समझौता का अनुपालन नहीं किया गया है। ठेकेदार के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई, जब तक लिखित में कार्रवाई नहीं होती तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री रण बहादुर यादव ने कहा कि संविदा कर्मचारियों का उत्पीड़न चरम पर है अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मचारियों का समय से वेतन का भुगतान न करने से आने वाले त्यौहार में घरेलू तंगी की स्थिति बनेगी। अधीक्षण अभियंता नंदराम ने कहा कि शासन के निर्देश पर पहले कर्मचारियों की भर्ती हुई थी, जिसके बाद अब छटनी की जा रही है। इसी वजह से कर्मचारी आफिस में धरना दे रहे हैं, जबरन दबाव बना रहे हैं। पैसे लेकर नौकरी देने के सवाल पर कहा कि आरोप बेबुनियाद हैं इनका शेष वेतन दिलाया जाएगा।

## अंगीठी जलाकर सोने से छात्रा की मौत, मां गंभीर

**बांदा।** शहर में बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोने की वजह से दर्दनाक हादसे में डीलेड फाइनल इयर की छात्रा की दम घुंटने से मौत हो गयी। जबकि मां देव कुमारी शुक्ला 46 का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। बताते हैं कि गुरूवार की रात छात्रा प्रियंका शुक्ला 21 और उसकी मां बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सो गयीं। लेकिन वेंटिलेशन की कमी के चलते दोनो बेसुध हो गयीं। रात लगभग 10 बजे जब मामा के बेटे को फोन करने के बाद जवाब नही मिला तो उसने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर अंदर देखा और दोनो को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल ले गये। डॉक्टरों ने देखने के पश्चात प्रियंका को मृत घोषित कर दिया जबकि देव कमारी की हालत गंभीर बनी हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि बंद कमरे में अंगीठी जलाने से कार्बन मोनो ऑक्साइड का स्तर बढ़ जाता है जिससे ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। इस तरह के हाइसे पहले भी हो चुके हैं। लेकिन लोग सावधानी नही बरत रहे। मृतका प्रियंका के पिता डॉ नीलेश शुक्ला का देहांत 20 साल पहले ही हो चुका था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भाजपा चुनाव अधिकारी बोले, पार्टी क्लाइमेक्स पर है

जिला संवाददाता(vol)

बरेली। भारतीय जनता पार्टी के चुनाव अधिकारी वाईपी सिंह ने कहा है कि पार्टी क्लाइमेक्स पर है। उन्होंने यह बात अध्यक्ष पद के लिए 40 नामांकन होने के संबंध में कही।

भाजपा में इतनी बड़ी संख्या में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन होना मिसाल बन गया है। वाईपी सिंह ने नामांकन कराने वाले लोगों के नाम बताने से इनकार कर दिया। यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है, क्योंकि यह चुनाव गोपनीय नहीं है। उधर, वह खुद पार्टी में लोकतंत्र की बड़ाई कर रहे हैं।भाजपा के इतिहास में पहली बार महानगर अध्यक्ष पद पर 40 लोगों ने दावेदारी ठोकते हुए अपना नामांकन कराया

। चुनाव अधिकारी वाईपी सिंह ने बताया कि पार्टी में ग्रुपिज्म तो है, लेकिन मनभेद नहीं है। उन्होंने खास मुलाकात में बताया कि 15 से 20 जनवरी के बीच में महानगर अध्यक्ष की घोषणा हो जाएगी। हमारे यहां लोकतांत्रिक व्यवस्था है। अधिक लोगों द्वारा अध्यक्ष पद पर नामांकन करने से सिद्ध होता है कि हमारी पार्टी बहुत मजबूत है। क्लाइमेक्स पर है। हमारे यहां साधारण कार्यकर्ता भी जिला अध्यक्ष बन सकता है।

उन्होंने इस बात से इनकार किया कि नामांकन के दौरान हमने किसी का विड्रॉल नहीं लिया है। चुनाव अधिकारी के निर्देश पर सहायक चुनाव अधिकारी प्रभु दयाल लोधी ने नामांकन करने वालों की सूची देने से इनकार कर दिया। नामांकन करने वालों में चार महिलाओं ने भी अध्यक्ष पद पर दावेदारी की है। इनमें नीलम जेठा, तृप्ति गुप्ता, शीतल गुलाटी और मंगलेश सक्सेना शामिल हैं।

वर्तमान महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, डॉ. केएम अरोरा, पुष्पेंदु शर्मा, मनोज थापलियाल, यतिन भाटिया, अरुण कश्यप, राम गोपाल मिश्रा, विष्णु शर्मा, विष्णु अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, देवेंद्र जोशी, प्रत्येश पांडे पाला, प्रभु दयाल लोधी, सोनू कालरा, अमरीश कठेरिया, योगेंद्र शर्मा, संजीव चौहान, अमरजीत सिंह बंटी, पवन अरोड़ा, अनुभव गुप्ता सहित 40 लोगों के नामांकन पत्र भरने के बारे में सूत्रों से जानकारी मिली है।

# बीईओ व बीडीओ भरवायें अधिक से अधिक आवेदन

**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जानकारी दी गयी कि उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (श्रम विभाग) द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम धौर्रा (जनपद ललितपुर) में झांसी मण्डल के जनपद झांसी, ललितपुर एवं जालौन के 03 वर्ष पूर्व से पंजीकृत

- **अटल आवासीय विद्यालय में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 जनवरी: सीडीओ**

निर्माण श्रमिको के बच्चों तथा कोविड-19 की महामारी के दौरान कोरोना काल मे निराश्रित हुए बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत पात्र बच्चों हेतु शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा-06 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकाए) व कक्षा-09 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकाएं) पर अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम धौर्रा जनपद ललितपुर में प्रवेश हेतु ऑफलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2025 निर्धारित की गयी है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी




द्वारा बताया गया कि अटल आवासीय विद्यालय ग्राम धौर्रा में विगत 02 वर्षों से संचालित है यह विद्यालय पूर्ण रूप से नवोदय विद्यालय की तर्ज पर संचालित किया जा रहा है। विद्यालय में कक्षा 06 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है।

छात्र-छात्राओं को रहने के लिये विद्यालय परिसर में ही छात्रावास की निशुल्क सुविधा उपलब्ध है। सहायक श्रम आयुक्त झांसी दीपिका वर्मा द्वारा जानकारी दी गयी कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेल मैदान, स्मार्टक्लास रूम, के साथ-साथ उनके सवार्गीण विकास के लिये अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी डी.पी. अग्रहरि ने बताया कि वर्तमान में पूर्व से विद्यालय में कुल 356 छात्र-छात्रायें शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जो झांसी मण्डल के जनपद जालौन व झांसी एवं ललितपुर के निवासी हैं। भविष्य में विद्यालय 1000 छात्र-छात्राओं की क्षमता के साथ संचालित किया जायेगा, विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं और खाने-पीने का समय-समय पर निरीक्षण कर गुणवत्ता जांची व परखी जाती है।

## छात्राओं ने कहा अंकल हेलमेट क्यों नहीं पहना



**बांदा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के चलते जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को शहर के कलेक्ट्रेट चैराहे पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, परिवहन, शिक्षा व यातायात विभाग ने संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रम के तहत भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज की छात्राओं और राजकीय इंटर कालेज के छात्रों ने बिना हेलमेट लगाए हुए दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि अंकल आपने हेलमेट क्यों नही पहना। इससे हेलमेट न पहनने वालों पर बच्चों की बात का काफी असर हुआ और उन्होने शपथ ली कि आज से ही हेलमेट का प्रयोग जरूर करेंगे। सामूहिक रूप से वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर यातायात नियमो का पालन करने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने हेलमेट के लाभ के बारे में अन्य लोगों को भी बताने का अनुरोध किया। अपर एसपी ने छात्र-छात्राओं और लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन में हेलमेट के योगदान पर चर्चा की। शिक्षा विभाग के मंडलीय मास्टर ट्रेनर डॉ पीयूष मिश्रा ने तीन सवारी और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से हो रही दुर्घटनाओं से बचने के उपाय बताए साथ ही दुर्घटना के बाद एक नेक मददगार के रूप में मदद करने के लिए छात्रों एवं लोगों का आह्वान किया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने रोड सेफ्टी क्लब के महत्व के बारे में बताया तथा इसके जरिए विद्यालयों में प्रचार एवं किए गये कार्यों से परिचित कराया। यात्रीकर अधिकारी ने बिना वैध लाइसेंस के वाहन न चलाने की अपील की। यातायात प्रभारी राजेशचंद्र मिश्रा ने यातायात नियमों के बारे में विस्तार से छात्रों व लोगों को जानकारी दी। समाजसेवी सुनील सक्सेना ने लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए यातायात नियमों के पालन से सुरक्षित जीवन की बात बताई। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं व लोग मौजूद रहे।

# कुलपति ने प्रिंसटन फाउण्डेशन नेशनल फेलोशिप मिलने पर हर्षिता शर्मा को दी बधाई

जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** नैनीताल कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में कुलपति प्रो0 दीवान एस रावत ने बी.एससी. एग्रीकल्चर तृतीय सेमेस्टर की छात्रा हर्षिता शर्मा को प्रिंसटन फाउंडेशन नेशनल फेलोशिप फॉर पीस एंड लर्निंग इंडिया 2024-25 प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रिंसटन फाउंडेशन एक वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था है, जो यूएस सरकार के साथ 501 (सी) (3) गैर-लाभकारी संगठन और भारत सरकार के साथ सेक्शन 8 एनजीओ के रूप में पंजीकृत है। 2011 में भारत में महिलाओं को उच्च शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस संगठन ने परोपकारी कार्य शुरू किए।



2016 में संगठन ने अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, और विश्व शांति जैसे क्षेत्रों में किया। फाउंडेशन विश्व स्तर पर एआईआईएमएस, हार्वर्ड, कोलंबिया, एमआईटी, व्हार्टन आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के शिक्षाविदों, नौकरशाहों, राजनयिकों और पेशेवरों के मार्गदर्शन में कार्य करता है। इसका उद्देश्य अव्यवस्थाओं को दूर कर एक प्रभावशाली सामूहिक क्रियात्मक मंच तैयार करना है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. रावत ने हर्षिता की इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हर्षिता की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी और उन्हें अपने शैक्षणिक व व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इस प्रो. जीत राम भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एमएम कॉलेज के शिविर में पौधरोपण के महत्व समझाये



**नगीना, बिजनौर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एमएम इंटर कॉलेज नगीना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस पर शुक्रवार को ग्राम कस्बा कोटरा पंचायत घर पर मुख्य अतिथि वन क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान पत्रकार आफताब अंसारी ने की। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, विद्यालय के शिक्षक शहजाद, अहमद, मोनिस हिलाल, डॉक्टर शहजाद हुसैन तथा शिक्षिका नूरजहां, सबीहा, सहायक अमरजीत ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपना सहयोग किया। इसके उपरांत कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार गौतम एवं प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने वृक्षारोपण के महत्व से सेवक सेविकाओं को जागरूक किया।

## लेखाकार का देहांत, शोक सभा

**बांदा।** उपनिदेशक सूचना कार्यालय में तैनात रहे आउटसोर्सिंग लेखाकार अंगद प्रसाद शर्मा का गुरूवार को आकस्मिक देहांत हो गया। जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे, अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी शारदा निषाद और जिले के कई पत्रकारों ने शोक सभा में मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार आत्माराम त्रिपाठी, राजाबाबू दुबे, के के गुप्ता, राजेन्द्र कुमार मिश्रा, सुखलाल बौद्ध, राजू त्रिपाठी, आयाज जमा, रूपा गोयल, सूचना विभाग के सोनू कुमार, विनोद कुमार, महेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# जबरन लिंग परिवर्तन मामले में पैनल कर रहा जांच

जिला संवाददाता(vol)

**बांदा।** नवयुवकों का जबरन लिंग परिवर्तन कराने के मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद तीन डॉक्टरों का पैनल जांच कर रहा है। बीते दिनों थाना अतर्रा व थाना कोतवाली नगर में दो मामलों में जबरन लिंग परिवर्तन कराने और एक प्रकरण में जबरन लिंग परिवर्तन कराने का प्रयास करने सहित पांच अभियोग पंजीकृत किए गये हैं। इसके अलावा पुलिस कार्यालय में पहुंचकर मारपीट करने वालों के विरूद्ध भी सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी है और मारपीट करने वालों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। पांच युवकों के परिजनों ने दर्ज कराई गयी एफआईआर में किन्नर धीरू उर्फ कैटरीना मुख्य आरोपी है। मुख्य आरोपी कैटरीना और उसके साथियों पर युवकों का अपहरण कर जबरन लिंग परिवर्तन कराने का आरोप है। शहर कोतवाली में दर्ज दो मामलों में भरखरी गांव के अमित ने बताया कि बन्नो औ मधु नाम की



किन्नरों ने उसका अपहरण कर लिंग परिवर्तन करा दिया वह अब काजल के नाम से जाना जाता है। दूसरे मामले में चित्रकूट के शिवाकांत उर्फ खुशबू ने शिकायत की, कि जब वह अपने परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक से मिलने आया था तभी किन्नर धीरू और बन्नो ने साथियों के साथ हमला कर दिया। अतर्रा थाना में दर्ज तीन मामलों में ओरन कस्बे के रूप ने बताया कि उसके बेटे शिवम को बीते 15 नवंबर को धीरू ने जबरन पकड़ लिया लेकिन वह भागने में सफल रहा। बिसंडा के कासिम के भाई नवसाद को किन्नर यास्मीन बना दिया गया। चित्रकूट की शांति के बेटे शिवाकांत को 25 अप्रैल को अगवा कर लिंग परिवर्तन कराया गया। अब वह खुशबू नाम से किन्नर है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। और किन्नर धीरू उर्फ कैटरीना तथा साथियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण में बताये विकास कार्य

**ललितपुर।** निदेशक पंचायती राज अटल कुमार के निदेशों के क्रम में विकास खण्ड सभागार विरधा में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत एलएसडी जीपी डीआईजीएसआर एवं कार्बन न्यूट्रल विषय पर एडीओ पंचा., ग्राम प्रधान व सचिवों का एक दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। शुभारम्भ बीडीओ विरधा इरशाद अहमद एवं एडीओ पंचा. महेन्द्र कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके दीप प्रज्जवलन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिला प्रधानों के अधिकार सहित उनके कत्तयों की जानकारी दी गई।

बीडीओ ने सभी उपस्थित प्रधानों से कहा कि प्रशिक्षण में में दी गई जानकरी का गांवों में पूर्ण उपयोग करें और गाँवों को आगे की बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ायें। एडीओ पंचायत ने कहा कि महिला प्रधान सिंह सिर्फ नाम के लिए नहीं है।

## वन विभाग ने आग से बचाव का किया मॉकड्रिल

बांदा। भारत सरकार के निर्देशों के चलते जिले में आने वाले वन क्षेत्रों को हाइब्रिड मोड में वन अग्नि प्रबंधन के तहत शुक्रवार को दुरेड़ी गांव में वन विभाग ने मॉकड्रिल किया। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद कुमार, मुख्य शमन अधिकारी, उप प्रभागीय वनाधिकारी के अलावा अधिकारियों, फील्ड कर्मचारियों को वन अग्नि रोकथाम व बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। मौजूद ग्रामीणों को वन अग्नि की रोकथाम में सहयोग करने के लिए जागरूक किया गया। मॉकड्रिल के दौरान बताया गया कि अगर कहीं अग्नि दुर्घटना होती है तो आग के प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रभाग में कंट्रोल रूम में सूचना दी जा सकती है। इसके अलावा लोगों की सुविधा के लिए प्रभागीय कंट्रोल रूम, प्रभागीय वनाधिकारी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य शमन अधिकारी, क्षेत्रीय वनाधिकारी बांदा, बबेरू, पैलानी, तिंदवारी व फायर स्टेशन के मोबाइल नंबरों की जानकारी भी लोगों को दी गयी। इनमे प्रभागीय कन्ट्रोल रूम 9235027714, 7706926562, 05192-220631, प्रभागीय वनाधिकारी 7839435141, उप प्रभागीय वनाधिकारी 7839434911, मुख्य अग्निशमन अधिकारी 9454418388, क्षेत्रीय वन अधिकारी 6394531128, क्षेत्रीय वन अधिकारी 8957732963, क्षेत्रीय वन अधिकारी पैलानी 9415502208, क्षेत्रीय वन अधिकारी तिन्दवारी 6394254823, फायर स्टेशन 05192-224222, 101, 9454418594 है।

## गला रेतकर की गई थी सोनू की हत्या

**बहेड़ी, बरेली।** मितीडांडी में युवक की लाश मिलने के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला काटकर हत्या किए जाने का खुलासा हुआ है। उसके शरीर पर 19 जगह धारदार वस्तु से वार किए गए हैं। युवक की शिनाख्त अकबराबाद के सोनू के रूप में हुई है।बुधवार की सुबह ग्रामीणों को मितीडांडी में नहर के पास एक युवक की लाश मिली थी। उसकी शिनाख्त अकबराबाद के गांव निवासी 18 वर्षीय सोनू के रूप में हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसका गला काटने के निशान मिले हैं। उसके शरीर पर गले सहित कुल 19 जगह चोटों के निशान मिले हैं।

## आदमखोर बाघ ने वनकर्मी को मारकर बनाया अपना निवाला, ग्रामीणों में रोष



**बिजनौर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व के सांवल्दे गांव के जंगलों में बाघ ने वन विभाग के दैनिक श्रमिक प्रेम (35 वर्षी) पर हमला कर दिया। श्रमिक को मारकर बाघ उसके शरीर का एक हिस्सा खा गया। वन कर्मियों ने फायरिंग कर बाघ को भगाया। कार्बेट टाइगर रिजर्व के वन्य जीव कड़ाके की सर्दी के बीच हिंसक हो चले हैं। जानकारी के अनुसार गुरुवार को कार्बेट टाइगर रिजर्व कालागढ के सांवल्दे के जंगलों में दैनिक श्रमिक प्रेम को बाघ ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीमें पहुंची और श्रमिक को निवाला बना रहे बाघ को फायरिंग कर दौड़ाया। बाघ उसके शरीर का कुछ हिस्सा खा गया। सांवल्दे गांव में बाघ के हमले की सूचना आग की तरह फैल गई। वन्यजीवों से सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों में जोरदार रोष फैल गया। मौके पर पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी व अधीनस्थ अधिकारी पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को विभाग से मिलने वाली प्रारंभिक सहायता राशि दी जाएगी

## राजेश सपा जिला सचिव मनोनीत



**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव द्वारा ग्राम बम्हौरी पठार धौर्रा निवासी राजेश पुत्र देशराज को समाजवादी पार्टी का जिला सचिव मनोनीत कर अहम जिम्मेदारी सौंपी है। जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त जिला सचिव से डा. राममनोहर लोहिया एवं सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के विचारों को जन जन तक पहुंचाते हुए पीडीए अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील की है। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी ने दी है।

# चुनाव आयोग का जवाब

लोकतंत्र में जरूरी नहीं है कि आरोप लगाने वाले या सवाल उठाने वाले सही ही हों। हर आरोप सच हों यह भी जरूरी नहीं है। आरोप लगाने वाले के पास हर बात के पुख्ता या प्राथमिक सबूत हों, यह भी आवश्यक नहीं है। लेकिन जब किसी सांविधानिक संस्थान पर सवाल उठाया जाता हो, उसकी निष्पक्षता पर उंगली उठायी जाती हो, पक्षपात का आरोप लगता हो, तो यह जरूरी होता है कि उस संस्थान को आरोपों का जवाब देना चाहिए। सांविधानिक संस्थानों को न सिर्फ निष्पक्ष होना चाहिए बल्कि निष्पक्ष दिखना भी चाहिए और अपने ऊपर लगने वाले आरोपों का तार्किक जवाब भी देना चाहिए। इस संदर्भ में सबसे अधिक सवाल चुनाव आयोग पर ही उठाये जाते हैं। हर चुनाव में हारने वाला ईवीएम, चुनाव प्रक्रिया, प्रशासन के बर्ताव, चुनाव आयोग आदि पर तमाम आरोप लगाता है। ऐसे में यह जरूरी है कि चुनाव आयोग समय-समय पर अपने ऊपर उठाये जाने वाले सवालों का जवाब दे ताकि जनता के बीच उसकी विश्वसनीयता कायम रहे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दिल्ली विधानसभा चुनावों का एलान करते हुए चुनाव आयोग, मतदाता सूची और ईवीएम पर उठाये गये तमाम सवालों का जवाब दिया, जो कि अच्छी बात है। चुनाव आयोग ने राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित कर दी हैं। इस चुनाव में भाजपा, कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी का भी बहुत कुछ दांव पर है। भाजपा 26 साल से दिल्ली के अर्द्धराज्य की सत्ता से बाहर है। इस बार भी भाजपा के चुनावी पोस्टर पर प्रधानमंत्री मोदी का चित्र छापा गया है। साफ है कि पार्टी के पास मुख्यमंत्री के चेहरे लायक कोई नेता नहीं है। प्रधानमंत्री के चेहरे पर एक अर्द्धराज्य के लिए वोट मांगना ही असंगत है और इसे राजनीतिक कमजोरी ही माना जायेगा। दूसरी तरफ केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) लगातार चौथी बार सत्ता के लिए जनादेश मांग रहे हैं, लेकिन इस पर खुद को 'कट्टर ईमानदार' कहने वालों के चेहरों पर भ्रष्टाचार के दाग भी उभर आए हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल समेत बड़े नेता, सांसद, विधायक जेल की हवा खा चुके हैं, लिहाजा आप का चुनावी अभियान सवालिया है, लेकिन केजरीवाल चुनावी दौड़ से बाहर नहीं हैं। दरअसल दिल्ली बेहद शिक्षित, संपन्न और जागरूक महानगर है। यहां साक्षरता की दर भी बहुत ऊंची है। प्रति व्यक्ति आय 4.6 लाख रुपये सालाना है और अधिकांश मतदाता स्मार्टफोन व इंटरनेट का इस्तेमाल भी करते हैं। जाहिर है कि दिल्ली का जनादेश किसी सामान्य राज्य या क्षेत्र से भिन्न होता है। ऐसे में चुनाव की तारीखें घोषित करने से पूर्व चुनाव आयोग ने कई सवालों, आपत्तियों, संदेहों और झूठ के गुब्बारों के जवाब देना उचित समझा, क्योंकि आयोग देश के प्रति जवाबदेह है और स्पष्टीकरण देना उसकी संवैधानिक प्राथमिकता भी है। अधिकतर आरोप कांग्रेस ने लगाए हैं और कुछ जनादेशों को 'ईवीएम का चुनाव' करार दिया है। आप ने भी आरोप लगाए हैं कि दिल्ली में मतदाता-सूची में नाम जोड़े या काटे गये हैं। खुद मुख्यमंत्री आतिशी ने चुनाव आयोग को ज्ञापन दिया है कि केजरीवाल के चुनाव-क्षेत्र 'नई दिल्ली विधानसभा' में 6000 से अधिक मतदाताओं के नाम काट दिए गये हैं। कुछ और चुनाव-क्षेत्रों में भी ऐसा किया गया है। विपक्ष चुनाव आयोग की छवि और भूमिका पर लगातार सवाल उठाता रहा है। उसे भाजपा का चुनाव आयोग तक कहता रहा है। लिहाजा स्पष्टीकरण देना बहुत जरूरी था। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक बार फिर 'ईवीएम' पर स्पष्टीकरण दिए। हालांकि सर्वोच्च अदालत तक इस मुद्दे पर विस्तृत फैसला सुना चुकी है। फिर भी सीईसी ने स्पष्ट किया कि ईवीएम बिल्कुल पारदर्शी है। उसे हैक नहीं किया जा सकता। उसमें वायरस डाल कर किसी भी चुनाव-परिणाम को प्रभावित नहीं किया जा सकता। सीईसी ने किसी भी तरह की छेड़छाड़ के आरोपों और अवैध वोट की संभावना को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि 'झूठ के गुब्बारे' उड़ाना बंद करें। ईवीएम को राजनीतिक दलों के एजेंटों के सामने खोला जाता है, चुनाव-चिह्न डाले जाते हैं और मतदान के सात दिन पहले ही मशीन को तैयार किया जाता है और ईवीएम फुलप्रूफ मशीन है। इसे मतदान के बाद सील कर दिया जाता है। आयोग के स्पष्टीकरण से साफ है चुनाव आयोग अपनी तरफ से साफ-सुथरा चुनाव कराने को संकल्पित है, जहां तक आरोपों की बात है, तो लोकतंत्र में आरोप-प्रत्यारोप लगते ही रहते हैं।



मुख्य चुनाव आयुक्त ने दिल्ली विधानसभा चुनाव का एलान करते हुए ईवीएम और मतदाता सूची पर उठाये जा रहे सवालों का विपक्ष को जवाब दिया है।

---

विचार

ईर्ष्या करने वाले का सबसे बड़ा शत्रु उसकी ईर्ष्या ही है। दूसरे शत्रु उसका अहित करने से रह भी जायें, परन्तु ईर्ष्या उसे हानि पहुंचा कर ही रहती है।

-तिरुवल्लुअर.

जो लोग सचमुच में बुद्धिमन होते हैं, वे असफलताओं से कभी नहीं घबराते हैं।

-शेक्सपियर.

मस्तिष्क का अपना एक अलग स्थान है। वह स्वर्ग को नरक में और नरक को स्वर्ग में बदल सकता है।

-मिल्टन.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-लोकोक्ति.

अग्नि भोजन को पचाती है, उपहास दोषों को पचाता है।

-आयुर्वेद.

# पड़ोसी देशों में बदलती 'जियो-पॉलिटिक्स'



संजय श्रीवास्तव

हाल की घटनाओं पर नजर डालें तो लगता है कि दक्षिण एशिया में भू-राजनीतिक समीकरण तेजी से बदलने वाले हैं। भारत के लिए आखिर इन सबका क्या मतलब है? क्या अफगानिस्तान-पाकिस्तान विवाद हमारे हित में हैं? इसके साथ ही बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच बढ़ती नजदीकियों के क्या मायने हैं?

अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश में जो कुछ भी घटित हो रहा है, उसको देखकर एकबारगी लग सकता है कि यह एक सनक भरी सियासती कवायदों के सिवा कुछ नहीं। जिस तालिबान शासन के आने के लिये पाकिस्तान ने अपने आका अमेरिका को धोखा दिया, हर तरह की कोशिशें की, धत्कर्म किए आज वह उसी को नेस्तनाबूद करने की कसम खा रहा है। खुद कंगाली के कगार पर है और बांग्लादेश को भाई बताकर उसकी सहायता के लिये दौड़ रहा है। जिस पाकिस्तान के लिये अफगानी लड़ाकों ने अमेरिकी कैद में मारक यातनाएं भुगतीं आज वे उसी इस्लामी देश की जान के दुश्मन बन बैठे हैं। जिस बांग्लादेश का जन्म भारत की वजह से हुआ जो शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली, खाद्यान्न तक के लिये भारत का मुखापेक्षी है, वह यह जानते हुए कि भारत जैसा सहृदय पड़ोसी असंभव है, साथ ही यह भी कि भारत से लड़ने की उसकी कहीं से कोई औकात नहीं, फिर भी रार ठान रहा है। बांग्लादेश में कट्टरवाद का उठता सर अगर नीचे नहीं होता, इस्लामिक गणराज्य बनाने की कोशिश जारी रहती हैं, तो इसी महीने ट्रम्प के शासन में आते ही बांग्लादेश को क्या झेलना पड़ सकता है, इस सच्चाई को जानते बूझते भी वह यदि चीन से गलबहियां करने की फिराक में दिखता है तो इसे कौन सी कूटनीति कहेंगे?

डूरंड लाइन को न मान्यता देना उसके नजरिए से सही है पर अफगानिस्तान के लिये पाकिस्तान से इस तरह खुला पंगा लेना उसकी सेहत के लिये बहुत मुफीद नहीं तो पाकिस्तान भले ही भारत से बदला लेने की ताक में बांग्लादेश से हाथ मिला रहा हो पर दूरगामी तौर पर उसके लिये कहीं से फायदेमंद नहीं और रहा बांग्लादेश तो उसकी भारत से सीधे टक्कर लेने की हिमाकत करना हाराकीरी ही है। बेशक एकबारगी यह सब अदूरदर्शिता पूर्ण हरकतें कूटनीतिक नासमझी लगें पर दरअसल इसके भू-राजनीतिक निहितार्थ गहरे हैं और ये सभी भारत पर असर डालने वाले हैं। बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने अपनी सेना से युद्ध की स्थिति के लिये तैयार रहने को कहा है। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन भारत यूनुस के बयान पर कह सकता है कि मैं नहीं तो कौन...? बांग्लादेश आखिर किससे युद्ध लड़ने जा रहा है, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका या भूटान से? यूनुस यदि पाकिस्तान के दोस्त तुर्किये की कंपनी ओटोकार से 26 टैंक खरीदने की बात कर रहे हैं तो किसके लिये? तीन तरफ से भारत से घिरे बांग्लादेश जिसके दक्षिण में बंगाल की खाड़ी है, टैंकों का इस्तेमाल जमीनी लड़ाई में होना है तो वह जमीन किसकी होगी? पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दो बार बांग्लादेश के कार्यकारी प्रमुख मोहम्मद यूनुस से मुलाकात कर चुके हैं, अब अगले महीने के पहले हफ्ते में 12 साल बाद पहली बार पाकिस्तानी विदेश मंत्री बांग्लादेश पहुंच दोनों देशों के रिश्ते सुधारने पर बात करेंगे।

दक्षिण एशिया

साल 2012 में हिना रब्बानी खार के बाद अब वहां पहुंचने वाले इशहाक डार के बारे में अंदेशा है कि वे बांग्लादेशियों का दिल जीतने के लिये 1971 की घटना के लिये खुली माफी मांगेंगे और भारत विरोधी अपने छिपे एजेंडे को धार देंगे। डेढ़ दशक पूर्व पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई बांग्लादेश से पूर्वोत्तर में आतंकी कारनामों को अंजाम दे रहा था, जिसे शेख हसीना ने बंद करवाया था अब उनके जाने के बाद ये मंसूबे फिर से जाग चुके हैं। 1971 के बाद से बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच समुद्री मार्ग संपर्क सीमित था इधर दोनों देशों के बीच समुद्री संपर्क और सैन्य संबंध मजबूत हो रहे हैं। अगले महीने से पाकिस्तान बांग्लादेशी सेना को प्रशिक्षण देना आरंभ करेगा। उधर बांग्लादेश पाकिस्तान के साथ मिलकर कराची बंदरगाह पर 'अमन 2025' संयुक्त नौसैनिक युद्धाभ्यास करने वाला है। बांग्लादेश में पाकिस्तानी नेता और उसकी सेना की इस सक्रियता के दूरंदेशी मंसूबे हैं। पाकिस्तान की मंशा है कि प्रशिक्षण के बहाने पाकिस्तानी और बांग्लादेशी सेना नजदीक आए, पाकिस्तान अपनी विचारधारा को उनके भीतर फैला सके, बांग्लादेशी सेना जो राष्ट्रभक्ति के नाम पर अभी पाकिस्तान विरोधी थे, वह कट्टर भारत विरोध के रंग में रंग जाये। सत्ता परिवर्तन के बाद जमात और अवामी लीग विरोधी ताकतें बांग्लादेश में मजबूत हुई हैं, जिसके चलते बांग्लादेश का पाकिस्तान के करीब जाना स्वाभाविक है, क्योंकि इनसे जुड़ बड़ा वर्ग पाकिस्तानपरस्त है और वह उससे अलग होना नहीं चाहता। इशहाक डार का एजेंडा है कि बांग्लादेश की सेना, सता और जनता तक में घोर भारत विरोध की भावना जगे, शेख हसीना के जाने के बाद इस काम को अंजाम देने का बेहतर मौका है सो वे अपने इसी एजेंडे को अंजाम देंगे।

बांग्लादेशी अंतरिम सरकार ने पाकिस्तानी पर्यटकों के लिए वीजा के नियम आसान करने के साथ तय किया कि वहां से आने वाले सामानों की जांच न हो। साफ है कि बांग्लादेश में बरास्ता पाकिस्तान हथियार और विस्फोटक पहुंचेंगे। यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने तमाम इस्लामिक विद्रोहियों आतंकियों रिहा किया है, इनके संपर्क पहले से ही पाकिस्तानी आतंकियों और म्यांमार विद्रोहियों से थे। बहुत मुमकिन है इन विद्रोही समूहों और अब बेहद आसानी से बांग्लादेश आ सकने वाले पाकिस्तानी आतंकियों तक ये हथियार पहुंचेंगे तो उनका इस्तेमाल भारत के विरुद्ध ही होगा क्योंकि बांग्लादेश से भारत में प्रवेश पाकिस्तान से भारत में घुसपैठ के मुकाबले आसान होगा। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान भारत पर यह बेबुनियाद आरोप चस्पां कर रहा है कि भारत तालिबान को पाकिस्तान के खिलाफ उकसा रहा है और सामरिक मदद कर रहा है। बहुत से विश्लेषक यह मानने लगेंगे कि इसी आधार पर पाकिस्तान बांग्लादेश के बहाने अपना बदला ले रहा है। यह बात किंचित सत्य हो भी पर सही तो यह है कि पाकिस्तान के मंसूबे इससे बहुत दूरगामी और गहरे हैं। वह अपनी इन कोशिशों से भारत के सामरिक हितों और क्षेत्रीय स्थिरता को दूर तक प्रभावित करने के प्रयास में है। हालांकि भारत को अस्थिर करने की इस साजिश को कामयाबी मिलना मुमकिन नहीं; क्योंकि पाकिस्तान जिस घोड़े पर सवारी कर रह है, वह उतना भी मजबूत नहीं। दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन के बदलने के संकेतों के साथ मोहम्मद यूनुस चीन के साथ संतुलन साध रहे हैं। चीन पाकिस्तान संबंध पुराना है पर भारत यदि परोक्षतः अफगानिस्तान के साथ होता है, तो चीन का रुख क्या होगा देखना दिलचस्प होगा और यह भी कि बांग्लादेश को उससे क्या मिलेगा?

बांग्लादेश और पाकिस्तान की दुरभिसंधि का देश की रक्षा सुरक्षा पर समग्रता से कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला पर भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा पर असर पड़ सकता है। बांग्लादेश की सीमा पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम जैसे भारतीय राज्यों से लगती है, ऐसे में भारत को अपने पूर्वोत्तर राज्यों में अस्थिरता और सुरक्षा खतरों से जुड़े जटिल भू-राजनीतिक माहौल से निपटना होगा। खास तौरपर सिलीगुड़ी कॉरिडोर के लिए, जिसे अक्सर चिकन नेक के नाम से जाना जाता है। भारत अपने रणनीतिक हितों के मद्देनजर सारे घटनाक्रम पर निगाह रखते हुए बांग्लादेश के साथ लगी सीमा पर सुरक्षा बढ़ा चुका है। कूटनीतिक कोशिशें भी तेज हैं। सरकार इस दिशा में प्रभावी कदम उठा चुकी है। फिलहाल पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया अंतरिम सरकार के कामकाज से नाखुश हैं, अगर अमरीकी अंदेशे के बीच किए जा रहे दावे के मुताबिक मोहम्मद यूनुस सत्ता से अलग होते हैं तो बहुत से समीकरण बदल जायेंगे।




---

सोशल मीडिया



नमो भारत ट्रेन के साहिबाबाद-अशोक नगर के नये कॉरिडोर में सफर के दौरान मेरे युवा साथियों की अद्भुत प्रतिभा ने मुझे नयीऊर्जा से भर दिया है।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री.

## हमारी सहनशक्ति

अंतर्दृष्टि

हमारा मस्तिष्क हमेशा चिंतन-मनन में लगा रहता है। महापुरुष ईसा ने कहा है- कल की चिंता मत करो। पर इसका वास्तविक मर्म बहुत कम लोग समझते हैं। आप कहेंगे काल की चिंता कैसे न करें? हमारा परिवार है, हमारे बच्चों की शिक्षा, वस्त्र, भोजन, मकान की विषम समस्याएं हैं। कल हमें उनके विवाह करने हैं? क्या रुपया एकत्रित किए बिना काम चलेगा? हमें बीमा पालिसी में रुपया जोड़ना चाहिए? हमारी आज नौकरी लगी है कल छूट भी सकती है, आज हम स्वस्थ हैं कल बीमार पड़ेंगे तो कैसे काम चलेगा? वृद्धावस्था में हमारा क्या होगा? इस प्रकार की बातें ठीक हैं। एक विचारशील मस्तिष्क में ये विचार आने चाहिए। हमारा सुझाव है कि आप कल के लिए अपने आपको शक्तिशाली बनाने के लिए, योग्यतर, स्वस्थ आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न होने के लिए नयी योजनाओं को कार्यान्वित करें। भावी जीवन के लिए जितना संभव हो तैयारी कीजिए। परिश्रम उद्योग मिलनसारी द्वारा समाज में अपना स्थान बनाइये। पर चिंता न कीजिए। योजना बनाकर दूरदर्शिता पूर्ण कार्य करना एक बात है, चिंता करना दूसरी बात है। चिंता से क्या हाथ आवेगा। जो रही सही शक्ति और मानसिक संतुलन है, वह भी नष्ट हो जायेगा। चिंता तो आपको उत्साह, शक्ति और प्रसन्नता से पंगु कर देगी। जिस कठिनाई या प्रतिरोध को आप अपनी वयक्तिगत शक्तियों से बखूबी जीत सकते थे। पर्वत सदृश कठिन प्रतीत होगी। चिंता आपके सामने एक ऐसा अंधकार उत्पन्न करेगी कि आपको उस महान शक्ति केन्द्र का ज्ञान न रह जायेगा। जो आदिकर्ता परमेश्वर ने आपके अंग-प्रत्यंग में छुपा रख है। युद्ध बीमारी दिवाला य दुखद मृत्यु के अंधकार पूर्ण रुदन में, शुभ चिंतन और अशुभ चिंतन में केवल यह अंतर है।

अच्छा विस्तार वह है जो कार्य करण के फल को तर्क की कसौटी पर परखता है। दूर की देखता है और किस कार्य में भविष्य में क्या फल होगा, इसका संबंध देखकर भावी उन्नति की योनजाएं निर्माण करता है। सृजनात्मक विचार भवी निर्माण में पुरानी गलतियों की सजा के अनुभवों और संसार की कठोरताओं को देखभाल कर अपनी उन्नति के लिए योजना प्रदान करता है। अच्छे चिंतन में संग्रहित सांसारिक अनुभवों के बल उत्साह और आशा का शुभ आलोक है। कार्यनिष्ठा और साहस का बल है, शक्ति और कुशलता का पावन योग है। कार्य से भागकर नहीं, वरन गुत्थियों को सुलझाकर अपूर्व सहनशक्ति का परिचय देने का विधान है। बुरी विचारधारा का प्रारम्भ ही डर और घबराहट से होता है। कठिनाइयां आ रही हैं। हमें वह कार्य करना ही पड़ेगा, जो साधारणतः हमने नहीं किया है।

# दिल्ली में फिर चलेगी आप की झाड़ू!




सामयिक ● राधा रमण

दिल्ली विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने घोषणा कर दी है कि दिल्ली में मतदान 5 फरवरी को होगा और नतीजे 8 फरवरी को घोषित होंगे। हालांकि इससे पहले ही दिल्ली की सियासत में आरोप- प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। लगातार तीन बार से सत्ता का सुख भोग रही आम आदमी पार्टी इस बार चौतरफा घिरती नजर आ रही है, लेकिन विपक्ष के अनर्गल बोल कहीं 'आप' के लिए मददगार न बन जाएं। दिल्ली देश की राजधानी है और यहां के लोग शालीनता पसंद हैं।

महज 12 साल पुरानी आम आदमी पार्टी (आप) एक बार फिर इतिहास रचने की राह पर है। 26 नवंबर 2012 को प्रख्यात समाजसेवी अन्ना हजारे के इण्डिया अगेंस्ट करप्शन की कोख से निकली इस पार्टी ने एक साल बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में 28 सीटें जीतकर न सिर्फ सरकार बनाई बल्कि देश की सबसे पुरानी पार्टी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को दिल्ली की सत्ता से दूर कर दिया। और तो और, तीन बार की मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित को भी तरह हार का सामना करना पड़ा। हैरत तो तब हुई कि जिस कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़कर आम आदमी पार्टी विजेता बनी, भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से दूर रखने के लिए उसी कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को मुख्यमंत्री पद के लिए बिना शर्त समर्थन दे दिया, तब भाजपा को 32, कांग्रेस को 8 और आम आदमी पार्टी को 28 सीटों पर विजय मिली थी। राजनीतिक प्रेक्षक कहते हैं कि उसी समर्पण अथवा समर्थन के कारण पिछले 12 साल से कांगेस एक अदद सीट के लिए दिल्ली में तरस रही है। हालांकि कांग्रेस के समर्थन से मुख्यमंत्री बने आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल ने नाटकीय तरीके से कांग्रेस और भाजपा को कोसते हुए 49 दिन बाद ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उस समय केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा के लोग उन्हें काम नहीं करने दे रहे। जान-बूझकर अड़ंगा लगा रहे हैं। तब उन्होंने यह भी कहा था कि उनकी अपनी कोई विचारधारा नहीं है। अगर वामपंथी पार्टियां जनता की भलाई का काम करेंगी तो वह वामपंथी हो जाएंगे। इसी तरह अगर दक्षिणपंथी पार्टी जनता की भलाई करेगी तो वह दक्षिणपंथी हो जाएंगे। उन्हें तो बस जनता से मतलब है। आम आदमी पार्टी का गठन जनता ने, जनता की भलाई के लिए किया है। मुझे न तो बड़ा बंगला चाहिए न बड़ी गाड़ी। मैं तो केवल आम आदमी हूं और आम आदमी की भलाई चाहता हूं। मुझे पद का भी कोई लालच नहीं है।

जनता को और क्या चाहिए था? वह झांसे में आ गई। झूम उठी। इस बीच अरविंद केजरीवाल की सरकार ने मुफ्त बिजली और मुफ्त पानी की घोषणा करके जनता के दिलों में अपनी जगह बना ली थी। उन्होंने मुफ्त चिकित्सा और सरकारी स्कूलों में उच्चकोटि की शिक्षा का वादा करके जनता को सम्मोहित कर दिया था। नतीजतन बाद के चुनाव में आम आदमी पार्टी का चुनाव चिह्न झाड़ू लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगा। 2015 में जब चुनाव के परिणाम आये तो दिल्ली विधानसभा की कुल 70 सीटों में से 67 पर आम आदमी पार्टी ने विजय पताका फहरा ली थी। भारतीय जनता पार्टी 32 से सिमटकर 3 पर आ गई थी और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था। देश की राजधानी दिल्ली के राजनीतिक पंडित हक्का-बक्का थे। यह देश की राजनीति में अभूतपूर्व था। उसके बाद यानी पिछली बार 2020 के चुनाव में भी आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें अपने नाम की और महज 8 सीटों से भाजपा को संतोष करना पड़ा। वह भी तब जब भाजपा के सारे केंद्रीय मंत्री यहां तक की गृह मंत्री अमित शाह भी वोट के लिए गली-गली घूम रहे थे। सांसदों -विधायकों और कार्यकर्ताओं का क्या कहना। वह तो कई माह तक दिल्ली में डेरा डाले रहे, लेकिन यह अचानक नहीं हुआ। आम आदमी से जुड़े लोग पढ़े- लिखे और अपने फन के माहिर लोग थे। इसमें अन्ना हजारे के आह्वान पर कई लोगों ने तो विदेश की अपनी मोटी तनख्वाह की नौकरी छोड़ दी थी और देश में भ्रष्टाचारमुक्त शासन की नींव रखने के लिए आये थे। स्वयं अरविंद केजरीवाल मैग्सेसे पुरस्कार से नवाजे जा चुके थे। मनीष सिसोदिया एक न्यूज चैनल में वरिष्ठ पद पर कार्यरत थे। पूर्व कानून मंत्री शांतिभूषण थे, उनके बेटे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण थे, मशहूर कवि कुमार विश्वास थे, समाजवादी पृष्ठभूमि के प्रोफेसर आनन्द कुमार थे, सामाजिक कार्यकर्ता योगेन्द्र यादव थे। कितनों का नाम लिखें, और भी कई नामी-गिरामी लोग थे। इसके अलावा गरीब परिवार की राखी बिड़लान समेत आम लोग तो बहुतायत संख्या में थे ही। इसलिए इन लोगों पर किसी तरह के शक की गुंजाइश तो बिलकुल भी नहीं थी। सबकुछ फूलप्रूफ था। जनता मुफ्त के झांसे में जकड़ चुकी थी। उसे लगने लगा था कि अब रामराज्य आने ही वाला है। लोगबाग इस तथ्य को भूल गए कि राजनीति में 'एक हाथ से ले और दूसरे हाथ से दे' का चलन है। कोई भी सियासी दल जनता को मुफ्त में कुछ नहीं देता है। घोड़ा घास से यारी करेगा तो खाएगा क्या?

बहरहाल, दूसरी बार दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने के बाद अरविंद केजरीवाल ने अपने पुराने साथियों प्रोफेसर आनन्द कुमार, योगेन्द्र यादव, प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास आदि कई लोगों से किनारा कर लिया। एक चुनाव हारने के बाद वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष और नवीन जयहिंद आदि लोग भी पार्टी छोड़कर चल दिए। उसके बाद आम आदमी पार्टी एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सरीखी बनकर रह गयी है। बेशक, आप की सरकार में दिल्ली के सरकारी स्कूलों की दशा में व्यापक सुधार हुआ है। महिलाओं की सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा जारी है। 200 यूनिट मुफ्त बिजली मिल रही है, लेकिन मुफ्त होने के बावजूद दिल्ली में पानी का संकट बरकरार है। केजरीवाल तो महिलाओं को दिल्ली मेट्रो में भी मुफ्त सफर कराना चाहते थे, लेकिन केंद्र सरकार और दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन के हाथ पीछे खींच लेने के कारण वह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। मेट्रो रेल के निर्माण और परिचालन में तीनों की ही भागीदारी है।




इस बीच आम आदमी पार्टी ने चंडीगढ़ नगर निगम और पंजाब विधानसभा का चुनाव भी जीत लिया है। उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा भी मिल चुका है। लेकिन तस्वीर का स्याह पहलू यह है कि पार्टी के शीर्ष नेता स्वयं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन और राज्यसभा के सांसद संजय सिंह शराब के ठेके के आवंटन मामले में जेल हो आये हैं। ये नेता फिलहाल जमानत पर हैं। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के दबाव में केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से न चाहते हुए भी इस्तीफा देना पड़ा। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आतिशी मॉर्लेना काबिज हैं। वह अपने को 'खडाऊं' मुख्यमंत्री बताती हैं और कहती फिरती हैं कि चुनाव में बहुमत मिलने के बाद वह मुख्यमंत्री पद अरविंद केजरीवाल के लिए छोड़ देंगी। इस बीच पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से केजरीवाल के सीएम रहते मारपीट की घटना को दिल्ली की जनता देख चुकी है। मारपीट करनेवाला कोई और नहीं बल्कि केजरीवाल का निजी सचिव था। क्या केजरीवाल की सहमति के बिना यह संभव था? आम आदमी पार्टी और खुद वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी ने स्वाति को भ्रष्ट कहा था। लोग तो पूछेंगे कि आम आदमी पार्टी में सिर्फ स्वाति ही भ्रष्ट हैं या कोई और भ्रष्ट है? अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन, संजय सिंह, अमानुल्लाह खान पर तो भ्रष्टाचार के मुकदमें लंबित हैं। स्वाति मालीवाल के खिलाफ क्या है? उधर, स्वाति मालीवाल भी आने वाले चुनाव में आम आदमी पार्टी से अपने अपमान का बदला चुका लेना चाहती हैं। पद तथा पार्टी भी नहीं छोड़ रही हैं और पार्टी की कब्र भी मजे से खोद रही हैं। भाजपा और कांग्रेस ने अरविंद केजरीवाल की घेराबंदी कर दी है। उधर, अरविंद केजरीवाल की नजर बड़ी कुर्सी पर है। लेकिन इसके लिए आग का दरिया है और तैर कर जाना है, क्योंकि सत्ता विरोधी लहर भी आम आदमी पार्टी की परीक्षा लेने को तत्पर है। अपने बचाव में अरविंद केजरीवाल ने चुनाव बाद मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारा के ग्रन्थियों को 18 हजार प्रतिमाह मानदेय देने की घोषणा कर रखी है। वह दिल्ली के 240 मस्जिद के इमामों और मुअज्जिनों को पहले से 18 हजार और 16 हजार मानदेय प्रतिमाह देते रहे हैं। हालांकि इमामों और मुअज्जिनों का दावा है कि उन्हें डेढ़ साल से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। वे इसके लिए जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं।

इस बीच प्रधानमंत्री भी दिल्ली के चुनावी जंग में पूरे लाव-लश्कर के साथ कूद पड़े हैं। बीते दिनों राजधानी में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी को आपदा बताते हुए कहा कि अन्ना हजारे जी को आगे करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आपदा में धकेल दिया है। शराब से लेकर बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, प्रदूषण से लड़ने के नाम पर घोटाला, नौकरी में घोटाला में आकंठ डूबे हुए हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ने अपने आरोपों के समर्थन में कोई साक्ष्य नहीं दिये। अतीत में भी जहाँ-जहाँ चुनाव होते रहे हैं, प्रधानमंत्री विपक्ष के नेताओं पर इस तरह के आरोप लगाते रहे हैं। चुनाव बाद सब भूल जाते हैं। वैसे भी आज की राजनीति में शुचिता की बात बेमानी है। बहरहाल, देखना दिलचस्प होगा कि विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी डूबती है या अरविंद केजरीवाल कुशल तैराक बनकर पार्टी को पार ले जाते हैं।

## आप की बात

### अस्पतालों की दुर्दशा

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है।

अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पताल में जाते।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

### गरीब का उत्थान

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाना चाहती है।

**अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ.**

संक्षेप

## प्रधान प्रतिनिधि पर लगाया पिटाई का आरोप

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र के गांव लखौरी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पर शेखपुर जाफर निवासी दलित मां बेटी की पिटाई का आरोप लगा पुलिस कप्तान से न्याय की गुहार की गई है। पुलिस ने छानबीन के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने खेत की सिंचाई कर रही शेखपुर निवासी निर्मला पत्नी शिव बरन और बेटी हेमा के द्वारा बिछाई गई पाइप पर अपनी कार चढ़ा कर फाड़ दिया। इसका विरोध करने पर दोनों का अपमान करते हुए मारा पीटा और धमकी देते हुए दबंगई दिखाई।

शिकायत थाने में देने के बावजूद पुलिस ने कोई रिपोर्ट नहीं लिखी। 5 दिसंबर की इस घटना की शिकायत एस एस पी से की गई तो पुलिस हरकत में आई और छान बीन में जुटी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर मिली है। पीड़ितों का मेडिको लीगल कराया गया है। 15 दिन का समय दिया गया है। छानबीन पूरी होने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

# सरहद के सफर का टूटा कवच

● समाप्त हो गया भारत नेपाल सीमा को जोड़ने वाला मनोरमा सामरिक सेतु का वजूद

बी.एस परिहार

**बलरामपुर।** भारी भरकम सरकारी बजट से निर्मित भारत नेपाल सीमा को जोड़ने वाले जीतपुर पकड़ी का मनोरम पुल सरकारी अमले के आपसी बंदरबांट में भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया। नतीजा क्षेत्र के लाखों लोगों के लिए आजीविका का मुख्य किरदार निभाने वाला यह पुल महज अपने 10 वर्षों के अल्प आयु में ही धराशायी हो गया। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा भी पुल के इस पार और उस पर दीवाल उठाकर मार्ग अवरुद्ध होने के चेतावनी का बोर्ड लगा दिया गया है की अपने जिम्मेदारी की इतिश्री कर ली। यह पुल सामरिक दृष्टिकोण से बहुत मायने रखता है। पुल के उस पार सामरिक दृष्टिकोण से भारत सीमा पर एसएसबी. की चार आउट पोस्ट चौकियां स्थापित है जिसमें गिरदहवा, कंचनपुर, भुकुरवा, बेलहरिया कैंप इत्यादि शामिल है जिनके वहां इसी पुल से गुजरा करते थे। पुल टूटने से सब की गाड़ियां इस पुल से नहीं जा पा रही हैं जो

## जनता त्रस्त, जिम्मेदार मस्त



देश की सुरक्षा के लिए हम सवाल खड़े कर रहे हैं। इस के क्षतिग्रस्त होने से आमजनों की आवागमन बंद होने के कारण क्षेत्र के लगभग 50 गांवों के बाशिंदों के आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। जिसको लेकर क्षेत्रीय जनमानस में आक्रोश व्याप्त है। जाटव हो कि उत्तर भारत के अंतिम छोर पर विकास खंड पचपेड़वा के भाथर चौराहे से रेहरा मार्ग जो नेपाल की सीमा के परसोहना को जोड़ती है। नेपाल से शार्प 5 किलोमीटर पहले नेपाल की दुर्गम पहाड़ियों से निकली शिवली मनोरमा नदी में जीतपुर पकड़ी के पास भारी भरकम लागत से इस महत्वाकांक्षी सेतु का निर्माण हुआ था। इस सेतु का निर्माण बार्डर एरिया डेवलप के अंतरगत विधायक निधि से 2007 दशक में मंजूर हुआ था। जिसका शिलान्यास तत्कालीन बसपा विधायक द्वारा किया गया था। वर्ष 13 अप्रैल 2013 को तत्कालीन छेत्रीय सपा विधायक एवं प्रदेश सरकारमें वन्य जीव जंन्तु के राज्य मंत्री डॉ शिव प्रताप यादव द्वारा लोकार्पण कर जनमानस के आवा गमन के लिए खोल दिया गया। यह मार्ग भारत नेपाल सीमा को सीधे जोड़ता है। मनोरमा सेतु के उस पार तकरीबन एक दर्जन गांव अनुसूचित जन जाति थारुओं का है। सेतु के इस पार कई साप्ताहिक हाट बाजार लगते है।

जिसमें रोज मर्रा खरीददारी के लिए हजारों लोगो का आना जाना होता। जिसमें नेपाल राष्ट्र के बहुतायत लोगों का भी आने जाने का एक मात्र रास्ता इसी पुल से होता था। सूली अर्थात मनोरमा सेतु अपने निर्माण के बाद वजूद में आने के बाद अपना 10 वर्ष की आयु भी पूरी न कर सका। पुल इतनी डरावनी हालत में डाइमेज हुआ कि पुल के आर पार दीवाल खडी कर अवरुद्ध कर नोटिस लगा कर चेतावनी अंकित कर दिया कि पुल से गुजरना मना है। क्षेत्रीय लोगों के खेती किसानी, आवा गमन बाधित होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## पुनः पुल निर्माण के लिए जारी है प्रयास : विधायक राकेश यादव



मनोरमा पुल बलरामपुर जनपद के गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र में है। समाजवादी पार्टी से राकेश यादव विधायक है। पुल के बारे में वायस ऑफ लखनऊ द्वारा उनका पूछ लिया गया तो उन्होंने कहा कि मनोरमा नाले के पुल टूटने की जानकारी है। पुल असमय टूटा जो निर्माण दाई ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अदूर दर्शिता का परिणाम है। जिसका खामियाजा क्षेत्र की जनता भुगत रही है। पुल टूटने से भारत नेपाल और वाशिदों का आवा जाही अवरुद्ध हो गया है। किसानों के खेत इस पार उस पार होने के बे अपना कृषि यंत्र नहीं ले पा रहे है जिससे उनका आजीविका पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ रहा है। मरीजों को अस्पताल ले जाने में काफी दूरी तय करके जाना पड़ता है। इस समस्या के समाधान हेतु जिला प्रशासन समेत उत्तर प्रदेश शासन को कई पत्र लिख चुका हूँ। कहीं से कोई परिणाम नहीं निकल रहे है क्योंकि हम विपक्ष में है। यदि अखिलेश यादव की सरकार होती समाधान कब का न निकल आया होता। फिर भी मेरा संघर्ष जारी है। पुल के पुनः निर्माण तक मैं चुप बैठने वाला नहीं।

## दुर्घटना से बचाव को लेकर परिवहन विभाग दिखाई दिया काफी सजग



**बाराबंकी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत दुर्घटना से बचाव को लेकर परिवहन विभाग काफी सजग दिखाई दे रहा है। जंहा एक तरफ चालको का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। तो वही व्यावसयिक वाहनो, टैक्टर-ट्रालियो मे रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाकर चालको को सुरक्षा का संदेश देने का काम भी किया जा रहा है। इस सम्बन्ध मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह ( 1 से 31 जनवरी 2025 ) के अन्तर्गत आज यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम द्वारा हैदरगढ़ टोल के पास चेकिंग अभियान के दौरान गुजरने वाले दर्जनो टैक्टर-ट्रालियो के पीछे रेटो रिफ्लेक्टर टेप लगवाया गया। तथा वाहन चालकों को कोहरे में सावधानी पूर्वक चलने व रोड़ सेफ्टी नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा टीम द्वारा बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, स्पीड़ लिमिटिंग डिवाइस, बकाया टैक्स मिलने पर 2 दर्जन चालान किये।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 16 को

**बहराइच ।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 16 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए सदस्य सचिव ने बताया कि पूर्व में यह बैठक पूर्व 14 जनवरी 2025 को होना प्रस्तावित थी, परन्तु 14 जनवरी को राजकीय अवकाश होने के कारण से बैठक की तिथि संशोधित हो गई है। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## रश्मि सिंह को डीटीएसई की परीक्षा में मिला द्वितीय स्थान



**अयोध्या।** देवकली स्थित साकेतपुरी गीता क्लासेज मे पढ़ने वाली कौशलपुरी की छात्रा रश्मि सिंह ने डीटीएसई की परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कोचिंग के शिक्षको ने इस उपलब्धि के लिए रश्मि को बुके और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

संस्थान के निदेशक गोविन्द सिंह ने बताया कि परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों ने प्रतिभाग किया था। तीन ग्रुपों में परीक्षा का आयोजन हुआ था। जिसमें रश्मि सिंह ने 9 से 12 के ग्रुप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उसे 21 हजार की धनराशि व स्पोट्स किट, मेडल मिला। रश्मि सिंह ने बताया कि कोचिंग से पढ़ाई में उसे काफी लाभ मिला। आने वाले समय में वह आईआईटी व जेईई की तैयारी कर रही है।

## चीनी मिल कर्मियों की दबंगई गन्ना किसानों को पड़ रही भारी

**सोहावल-अयोध्या।** रौजागांव चीनी मिल के कर्मियों की दबंगई अब गन्ना किसानों को भारी पड़ रही है। घाटोली और जबरन उतरवायी दिलाने वाले मिल प्रबंधन तंत्र ने अब किसानों के गन्ने की आवाजाही पर पाबंदी लगा दी है। किसान अपने गन्ने को अब इधर से उधर नहीं ले जा सकता. इसकी पोल

● मिल कर्मियों ने जबरन रोकी ट्राली, ट्रैक्टर पलटा किसान हुआ घायल

बुधवार को खुलती नजर आई। जब एक किसान इनका शिकार होकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिसे देखने न तो मिल तंत्र के लोग आये और न ही पुलिस ने कोई कार्रवाई ही की। आरोप है कि गत बुधवार को ट्राली से गन्ना लेकर रोजागांव मिल गए किसान रामाशीष हाजीपुर बरसेंडी को पहले रात में सूखा गन्ना बताकर लौटा दिया गया। जब वह मसौधा की ओर जाने लगा तो अरकुना में डेरा डाले



रौजागांव मिल के कर्मियों ने जबरन रोका। किसान ने इमरजेंसी ब्रेक लगाई तो ट्रैक्टर पलट गया।

जिससे दबकर किसान घायल हो गया। परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। किसान ने केस दर्ज करने के लिए रौनाही में तहरीर दिया। अब इसे लेकर भी खेल हो रहा है। किसान कहता है हमारे इलाज की व्यवस्था तक नहीं हुई।जबरन तहरीर वापस करा दी गई।

पुलिस किसी तहरीर के मिलने से ही इनकार कर रही है। मुख्य गन्ना प्रबंधक रौजागांव चीनी मिल दिनेश सिंह ने कहा कि सीमा पर कुछ कर्मचारी अपने क्षेत्र के गन्ने की सुरक्षा के लिए लगाए गए है। मिल गेट से किसान को लौटाने की बात सही नहीं है। घटना की पड़ताल कराई जा रही है। उत्पीड़न सही मिला तो किसान की मदद की जायेगी।

### धोखाधड़ी कर एक लाख की ठगी करना अरोपियों को पड़ा महंगा

**अयोध्या।** परिवादी राजेन्द्र यादव व उसकी मां से धोखाधड़ी के सहारे कूटरचित दस्तावेज तेयार करके एक लाख रुपए की ठगी करना विपक्षियों को महंगा पड़ गया। अपर सिविल जज (सी.डी.) चतुर्थ ने न्यायालय में दायर परिवाद पर सुनवाई के दौरान प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए मुख्य आरोपी शैलू श्रीवास्तव के विरूद्ध जमानती वारंट और सह आरोपित आनन्द श्रीवास्तव के खिलाफ समन जारी करने का आदेश पारित किया है। साथ ही प्रकरण में सुनवाई के लिए अगली तारीख 20 जनवरी नियत किया है। यह मामला नगर कोतवाली क्षेत्र का है। परिवादी राजेन्द्र यादव पुत्र शिवपूजन निवासी हैदरगंज मानव नगर कालोनी नगर कोतवाली के पक्ष से वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम यादव व रूबी एडवोकेट ने पैरवी किया। न्यायालय में दायर परिवाद के मुताबिक विपक्षियों ने योजना बनाकर परिवादी व उसकी मां से धोखधड़ी करके तथा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एक लाख रुपए की ठगी कर ली गयी थी। इसकी शिकायत नगर कोतवाली में तहरीर दिया गया था कुछ दिन बाद परिवादी की मां की मृत्यु हो गयी थी। 5 जून 2023 की सांय 7 बजे विपक्षियों द्वारा परिवादी के घर घुसकर अपशब्द कहा और शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दिया गया।

## आरटीओ अयोध्या ने वाहन चालकों को गुलाब भेंटकर बताये सड़क सुरक्षा नियम



**बाराबंकी।** सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सम्भागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या विश्वजीत प्रताप सिंह ने गुलाब का फूल देकर नियमों का पालन करने की अपील की। आज शुक्रवार को सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन विभाग व पुलिस विभाग द्वारा पटेल तिराहे पर बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। जंहा बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के वाहन चलाने वाले चालको को गुलाब देकर जागरुक किया गया। आरटीओ अयोध्या श्री सिंह ने वाहन चालको को हेलमेट-सीट बेल्ट का प्रयोग करने के फायदे बताते हुये कहा कि जीवन बहुमूल्य है। ऐसे में वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूर करें और सुरक्षित घर पहुंचे। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने वाहन चालको को हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने व नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान यातायात प्रभारी रामयतन यादव, प्रवर्तन सिपाही राम सिंह सहित पुलिस एंव परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने की चकबंदी कार्यो की समीक्षा

जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यों की अद्यावधि समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया गतिमान है उसमें तेजी लाने, जिन गांवों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है उन गांवों में अधिकारी ग्रामपंचायतों में चारागाह, तालाब व अन्य प्रकार की सरकारी जमीनों पर यदि किसी ने कब्जा कर रखा है तो उस पर कार्यवाही कर अवैध कब्जे को खाली कराये।

दहिला और तेजवापुर गांव में चकबंदी प्रक्रिया के विरोध के कारणों का पता लगाकर गतिरोध को दूर कराये जाने और अधूरी चकबंदी प्रक्रिया को अविलंब पूरा किये जाने को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपालों की टीम बनाकर गतिमान चकबंदी प्रक्रिया में तेजी लायी जाए। दरांवा और परसा गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया की अविलंब शुरूआत की जाए। भदरास, मवइया, रसूलपुर, कान्हीपुर, सहावर, बिजौली, डिंगरी, बच्छराजमऊ, लाही, बबुवापुर, ओदार, खुज्जी, जासेपुर, सलेमाबाद, महोलिया आदि गांवों में चकबंदी कार्य समय से पूर्ण कराया जाए। अवैध प्लॉटिंग करने वाले या चकमार्ग सहित सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर एडीएम इन्द्रसेन, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी, चकबन्दी, सहायक चकबंदी अधिकारीग मौजूद रहे।



## कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच ।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ह्यह्यपर ड्राप मोर क्राप (माइक्रोइरीगेशन) के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, बहराइच के सभागार में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार, उप कृषि निदेशक शिशिर वर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र, बहराइच के अध्यक्ष/वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संदीप कुमार, वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. अरूण कुमार राजभर, सुधीर मिश्रा, उप सम्भागीय प्रसार अधिकारी, नानपारा (बहराइच) ओम प्रकाश त्रिपाठी, योजना प्रभारी/व.उ.नि. पंकज वर्मा एवं सूक्ष्म सिंचाई संयत्र स्थापित करने वाली कार्यदायी फर्मो के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए योजना प्रभारी श्री त्रिपाठी ने भू-जल स्तर, सूक्ष्म सिंचाई के महत्व, संयत्र के प्रकार एवं उनके महत्व व उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत ड्रिप व मिनी स्प्रिंकलर संयत्र की स्थापना कराने पर लघु सीमान्त कृषकों को विभाग द्वारा निर्धारित इकाई लागत का 90 प्रतिशत एवं अन्य श्रेणी के कृषकों को 80 प्रतिशत का अनुदान अनुमन्य है। साथ ही स्प्रिंकलर एवं रेनगन पद्धति की स्थापना कराने पर लघु सीमान्त कृषकों को 75 प्रतिशत एवं अन्य श्रेणी के कृषकों को 65 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है।कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने संयत्र से फसल की सिंचाई के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. कुमार ने बताया कि सूक्ष्म सिंचाई पद्धति से सिंचाई करने पर फसलों में सड़न नहीं होती है साथ ही फसल में आवश्यकतानुसार नमी बनी रहती है। इस पद्धति को अपनाने से कृषक सिंचाई के साथ साथ-साथ फटीगेशन भी कर सकते हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. डॉ शैलेन्द्र सिंह व डॉ. अरूण कुमार ने बताया कि इस पद्धति के अपनाने से जल संरक्षण एवं उत्पादन वृद्धि के बारे में उपस्थित कृषकों को जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित कृषकों के महत्वपूर्ण प्रश्नों का समुचित समाधान इनके द्वारा किया गया।डॉ शिशिर वर्मा, उप कृषि निदेशक डॉ. शिशिर वर्मा ने मशरूम, हल्दी, नगदी फसलों के उत्पादन एवं विपणन के बारे में जानकारी देते हुए इस पद्धति से कृषकों को होने वालें लाभ के बारे में जानकारी दी। डॉ. वर्मा द्वारा बताया गया कि इस पद्धति के अपनाने से किसान भाई अनावश्यक व्यय एवं श्रम को रोकते हुए अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी द्वारा योजनान्तर्गत संयत्र के लाभ के बारे में जानकारी देते हुए अनुदान प्रक्रिया से कृषकों को अवगत कराया तथा अधिकाधिक कृषकों को इस पद्धति को अपनाने हेतु प्रेरित किया।

## पोर्टल पर ब्लाक निराश्रित महिला पेंशन लाभार्थियों का होगा सत्यापन

**बहराइच ।** निदेशक महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्यु के उपरान्त, निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र के 2203 तथा नगरीय क्षेत्र के 309 लाभार्थी पोर्टल पर ब्लाक प्रदर्शित रहे हैं। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पोर्टल पर ब्लाक प्रदर्शित हो रहे लाभार्थियों का एक सप्ताह में सत्यापन कराना सुनिश्चित करें ताकि सभी पात्र लाभार्थियों को पेंशन योजना से लाभान्वित किया जा सके।सीडीओ श्री चन्द्र ने बताया कि विकास खण्ड चित्तौरा में 142, तेजवापुर 100, हुजूरपुर 97, शिवपुर 197, महसी 111, कैसरगंज 96, फखरपुर 116, बलहा 291, पयागपुर 101, विशेश्वरगंज 104, मिहींपुरवा 222, नवाबगंज 433, जरवल 58 व रिसिया 135 तथा नगर क्षेत्र अन्तर्गत नगर पालिका परिषद बहराइच के 204 व नानपारा के 78, नगर पंचायत जरवल के 09 व रिसिया के 18 इसी प्रकार कुल 2512 निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों का डाटा पोर्टल पर ब्लाक प्रदर्शित हो रहा है। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि स्थलीय सत्यापन कराते हुए ईकेवाईसी हेतु आधार एक सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## नगर निकाय के विकास कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा



जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में नगर निकायों के विकास कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने नगरपालिका नवाबगंज व जनपद की 13 नगर पंचायतों के विकास कार्यों, सड़क, नाली, जलापूर्ति, पार्क, टैक्सी स्टैंड, व स्कूलों के कायाकल्प के कार्यों की समीक्षा कर निर्धारित समय में सभी कार्यो को शीघ्रता के साथ पूर्ण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी कार्य का जितना समय निर्धारित है उससे अधिक समय लगाने वाले व कार्यो के प्रति लापरवाह ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाये। नगर पालिका व नगर पंचायतों द्वारा क्रय किये जाने वाले समान, स्ट्रीट लाइटें, वाटर कूलर व मोबाइल टॉयलेट आदि सहित जो भी समान क्रय किया जाए उसकी गुणवत्ता पर भी ध्यान दिये जाने, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कूड़े को एकत्र करने व उसके निस्तारण के लिये डम्पिंगयार्ड आदि स्थानों की व्यवस्था सुनिश्चित कर कूड़े का डोर-टू-डोर कलेक्शन कराये जाने, मत्स्य पालन व अन्य कार्यों हेतु तालाबों की नीलामी सुनिश्चित कराने जाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक मे एडीएम इन्द्रसेन, डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह,विश्कर्मा, नगर पालिका नवाबगंज अधिशासी अधिकारी संजय कुमार शुक्ला सहित समस्त नगर पंचायतों के ईओ व सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## समाजिक विकास में अधिवक्ताओं की बड़ी भूमिका: सत्यभान

**अयोध्या।** शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट इकाई ने बार एसोशिएसन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का बार के अतिथि हाल में माला, शहीदों की तस्वीर लगा स्मृति चिन्ह अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया और बेहतर कार्य पूरा करने व अधिवक्ताओं की समस्याओं के लिए कार्य करने की बधाई दिया। ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने बताया कि अधिवक्ता समाज का प्रबुद्ध वर्ग है। समाजिक विकास में अधिवक्ताओं की बड़ी भूमिका होती है और ये जो नई कमेटी है इनकी और बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डाक्टर नीरज सिंहा नीर एडवोकेट ने कहा कि अधिवक्ता समाज समाज के सरोकारों के लिए हमेशा प्रयासरत रहता है और समाज व न्याय की कड़ी में मुख्य भूमिका निभाता है। शहीद शोध संस्थान के निदेशक सूर्यकांत पांडेय ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि आज समाज में सबसे ज्यादा जरूरत अधिवक्ताओं की है।जरूरत समाज को नई दिशा देने की,सबको बधाई है। ट्रस्ट के साथी पूजा श्रीवास्तव,अजय बाबा,अखिलेश सिंह,महावीर आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए 27 व प्रांतीय परिषद हेतु किया नामांकन




**बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय परिषद सदस्य हेतु नामांकन प्रक्रिया प्रदेश महामंत्री/चुनाव पर्यवेक्षक संजय राय

● चुनाव पर्यवेक्षक संजय राय की मौजूदगी में सम्पन्न हुई नामांकन प्रक्रिया

एवं जिला चुनाव अधिकारी रमेश सिंह की देख-रेख मे शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई।

नामांकन प्रक्रिया मे जिलाध्यक्ष पद हेतु अरविंद कुमार मौर्य, अजीत प्रताप सिंह, संतोष सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, हरगोविंद सिंह, भुल्लन वर्मा, हर्षित वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, संदीप गुप्ता, प्रमोद तिवारी, विजय आनंद बाजपेई, मनोज वर्मा, जंग बहादुर पटेल, रचना श्रीवास्तव, राकेश पटेल, सत्य प्रकाश वर्मा,राजेश वर्मा, अलका सिंह पटेल समेत कुल 27 लोगो ने नामांकन दाखिल किया। तो वही प्रांतीय परिषद सदस्य पद हेतु परमेंद्र विक्रम सिंह,पंकज गुप्ता पंकी, विनीत रस्तोगी, हंस कुमार सिंह, उमाशंकर वर्मा, रण बहादुर सिंह राणा, नीता अवस्थी समेत कुल 25 ने अपना पर्चा दाखिल किया। चुनाव पर्यवेक्षक श्री राय ने बताया कि भाजपा एक मात्र राजनीतिक दल है जो संगठन की संरचना भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप तय करता है। यही कारण है कि भाजपा में बूथ कार्यकर्ता भी अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर किसी भी शीर्ष दायित्व पर पहुंच सकता है।

## हनुमत रथ-यात्रा लेकर निकले गोविन्दानंद सरस्वती

**अयोध्या ।** श्री मज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज महाभाग की सप्रेरणासे स्वामी गोविन्दानंद महाराज के सानिध्य में हिन्दूराष्ट्र अभियानके अंतर्गत श्री हनुमान रथ-यात्राका शुभागमन अयोध्या धर्म पथ से हनुमान गढ़ी पर हुआ, यात्रा सम्भल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि से वृंदावन होते हुए अयोध्या और उसके बाद प्रयागराज कुम्भ में प्रवेश करेगी। इस अवसर पर आदित्य वाहिनी /आनंद वाहिनी अयोध्या के सदस्यों ने हनुमानजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं गोविंदनंद जी महाराज के चरणों में दंडवत प्रणाम निवेदित किया साथ ही हर हिन्दू सेना हो हर हिन्दू सनातनी हो हम भारत भाग्य बनाएंगे हम हिन्दू राष्ट्र बनाएंगे का उद्घोष किया। इस अवसर आदित्य वाहिनी /आनंद वाहिनी अयोध्या के पुरी शंकराचार्य के चरण सेवक पंडित नारायण तिवारी, प्रशांत तिवारी राघव प्रसाद तिवारी गिरीश चंद्र तिवारी रमाकांत तिवारी लालता तिवारी गिरजा शंकर मिश्र संजय मिश्र अभिराम तिवारी सरोज तिवारी रिंकी तिवारी अंजली तिवारी अपर्णा तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का ब्लॉक प्रमुख हरख ने फीता काट किया शुभारंभ



**बाराबंकी।** ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं के प्रोत्साहन हेतु इण्डियन स्टूडेंट पॉवर संस्था के तत्वाधान मे तीन दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का शुभारम्भ हरख खेल मैदान में ब्लॉक प्रमुख रवि रावत ने फीता काटकर एंव खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख ने कहा कि इण्डियन स्टूडेंट पॉवर द्वारा आयोजित कार्यक्रम न केवल खेल को बढ़ावा देगा बल्कि खिलाड़ियों को अपने कौशल दिखाने और प्रतियोगिता का आनंद लेने का अवसर भी प्रदान करेगा। टूॅनार्मेन्ट मे प्रथम चरण में मुंशी राम आसरे स्मारक शिक्षण संस्थान जैदपुर व श्री साईं इंटर कॉलेज लखपेड़ाबाग के बीच मैच खेला गया। जिसमे साईं की टीम ने जीत हासिल की। द्वितीय चरण में युगनिर्माण इण्टर कॉलेज हरख व जय सुभाष इण्टर कालेज बोजा के मध्य खेला गया। जिसमे युग निर्माण की टीम ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए जीत हासिल की। इस अवसर पर सस्था अध्यक्ष सिद्धार्थ कनौजिया, मोहम्मद शादाब, रवि धीमान, शिवम्कनौजिया, अर्जुन धीमान, हर्षित यादव, बृजेश गौतम, उपेंद्र, संदीप मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु जिला स्तरीय प्रतियोगिता 21 को

**बहराइच ।** जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता के उद्देश्य से 21 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज बहराइच में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उच्च प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, चित्रकला-पोस्टर एवं क्विज इत्यादि श्रेणियों में प्रतिभाग किया जायेगा।

श्री अहिरवार ने जनपद के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्त विहीन माध्यमिक व इण्टर कालेज के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन कराते हुए चयनित छात्र-छात्राओं की सूची 17 जनवरी 2025 तक जिला विद्यालय निरीक्षक, बहराइच के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। श्री अहिरवार ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक श्रेणी में प्रथम 03 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

संक्षेप

## ब्रेक फेल होने से दो ट्रक आपस में भिड़े

**बछरावां, रायबरेली।** बांदा से बहराइच मौरंग लादकर जा रहे दो ट्रक बछरावां कस्बे की छोटी नहरिया के पास आपस मे टकरा गये गनीमत यह रही किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई । घटना शुक्रवार सुबह 5 बजे के आसपास की है बांदा से बहराइच मौरंग लादकर जा रहे दो ट्रक बछरावां थानाक्षेत्र के छोटी नहरिया के निकट आगे निकलने के चक्कर मे आपस मे भिड़ गये जिसमे पीछे से टक्कर मारने वाले ट्रक के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गये गनीमत यह रही इस घटना में कोई हताहत नही हुआ , घटना के बाद घंटों दोनों तरफ रोड की आवाजाही बंद रही किसी तरह छतिग्रस्त ट्रक को रोड से किनारे करके यातायात को सुचारू किया जा सका । जबकी ट्रक ड्राइवर जुल्फिकार ने घटना के संबंध में बताया कि उसके ट्रक की ब्रेक फेल हो गयी थी जिस कारण टक्कर हो गयी ।

## किशोरी गायब, पिता ने दर्ज करायी रिपोर्ट

**बछरावां, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पिता ने बुधवार देर शाम कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाराबंकी जनपद के लोनी कटरा थाना क्षेत्र के पांडे का सराय गांव के रहने वाले प्रदीप पुत्र रामदयाल तथा लखनऊ जनपद के निगोहा थाना क्षेत्र के रतनापुर गांव के रहने वाले राजकिशोर पुत्र श्री केशन बुधवार दोपहर के गांव आए थे तभी रात में ही 9रू30 बजे दोनों युवकों ने उनकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर घर से लेकर कहीं चले गए उनकी पुत्री घर से जेवर एक लाख नगद अपने साथ लेकर गई जिसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है जांच चल रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## तीन युवकों की संदिग्ध मौत के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** बीती 21 अक्टूबर को लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बहाई गांव के पास रात में तीन युवकों की संदिग्ध मौत हो गई थी। मृतकों के परिजन घटना को हत्या मान रहे थे। 70 दिन के बाद पुलिस अधीक्षक रायबरेली के आदेश के बाद तीनों में से एक मृतक शिवेंद्र मिश्रा के पिता संतोष मिश्रा की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ हत्या का मामला लालगंज कोतवाली में दर्ज हुआ है। हालांकि संतोष मिश्रा ने हत्या की आशंका ही जताई है ,फिर भी लालगंज पुलिस ने हत्या की धाराओं में मुकदमा लिखकर विवेचना अपराध शाखा रायबरेली को सौंप दी है।

## विद्यालय के रसोई का ताला तोड़कर चोरी

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर** जयसिंहपुर थाना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पुरुषोत्तमपुर में चोरों ने रसोई का ताला तोड़कर अंदर रखे सिलेंडर, गैस चूल्हा, भगोना, तावा, बाल्टी दो बोरा चावल, एक बोरा गेहूं, समेत हजारों का सामान गायब था। गुरुवार सुबह रसोइया संगीता जब स्कूल पहुंची तो ताला टूटा हुआ देख हक्का बक्का रह गई। उसने चोरी की सूचना प्रधानाध्यापक गंगाराम पाल और ग्राम प्रधान को दी। सूचना पर पहुंचे प्रधानाध्यापक गंगाराम पाल ने सूचना पुलिस को देते हुए लिखित तहरीर थाने पर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार अभी तक कोई पुलिसकर्मी जांच के लिए स्कूल जाना मुनासिब नहीं समझा।

# कार्य को शीघ्र पूर्ण करायें, जिससे लोगों को लाभ मिल सके : अदिति

### डीएम ने बस अड्डे को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने के लिए किया निरीक्षण



**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर ने सदर विधायक अदिति सिंह के साथ जनपद के बस अड्डे को पीपीपी मॉडल पर विकसित किए जाने हेतु बस अड्डे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिद्धार्थ, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, एआरएम दिनेश चंद, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए, जिससे की जन सामान्य को जल्द इसका लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देश दिये कि आवश्यकतानुसार बसों की पार्किंग तथा ठहराव हेतु व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए, लगभग 50 बसों की पार्किंग की व्यवस्था बनाई जाए। डीएम ने कहा कि बस अड्डे में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था न होने से बसें सड़कों पर खड़ी होती है और जाम की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे यातायात प्रभावित होता है। बस अड्डे में पर्याप्त बसों की पार्किंग की व्यवस्था होने पर बसे अपने निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ी होगी, जिससे जाम की समस्या से निजात मिलेगी, यातायात सुगम बना रहेगा।

## आकांक्षा का एसएमएस पद पर हुआ चयन

**लालगंज, रायबरेली।** बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज लालगंज की पूर्व छात्रा आकांक्षा सिंह ने विषय वस्तु विशेषज्ञ (एसएमएस) पद पर चयनित होकर विद्यालय एवं क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। आकांक्षा सिंह को आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या से संबद्ध कृषि विज्ञान केन्द्र आजमगढ़ में नियुक्त मिली है। आकांक्षा सिंह के पिता अमरेश सिंह सरस्वती विद्या मंदिर लालगंज में वरिष्ठ आचार्य है एवं माता रेखा सिंह गृहणी है। भाई निमेश सिंह उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत हैं। आकांक्षा सिंह ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट विद्या मंदिर इंटर कालेज से किया। बीएससी एवं एम एस सी आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय से करते हुए गोल्ड मेडलिस्ट रही। मेधावी छात्रा आकांक्षा सिंह नेट परीक्षा भी उत्तीर्ण कर चुकी हैं।

# विश्व हिंदी दिवस पर साहित्य संगोष्ठी संपन्न

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर कटका क्लब सामाजिक संस्था तत्वावधान में शुक्रवार को रामरती इंटर कालेज द्वारिकागंज के प्रांगण में साहित्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आद्या प्रसाद सिंह प्रदीप ने किया। मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटा शंकर यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय साहित्येंदु, गोसाईगंज थाना प्रभारी अखिलेश सिंह, डॉ आरपी सिंह अध्यक्ष प्रधानाचार्य संघ, आनंद कुमार प्रधानाचार्य मंचासीन रहे। संचालन शिक्षक साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा सरल ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ। राज बहादुर राना ने वीणावादिनी तू आपन वीणा झनकार दे, वंदना किया। अतिथियों का स्वागत रवि प्रजापति और साथियों? ने संगीतमयी विधा में किया। सुनीता श्रीवास्तव ने धाम अवध दिव्य दिवाली, कविता से गोष्ठी को राममय कर दिया। बृजेश वर्मा -लोग मोह की मृगतृष्णा में। नफीसा खातून समझ न पायेंगे हरगिज दिवाने। रमेशचंद्र नंदवंशी बदला है नया साल तो बदलाव बड़ा हो। पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. राम प्यारे प्रजापति सबसे मीठ अवध कै बानी। अपने सहयोगियों के साथ मौजूद डॉ. अनूप ने गैर के पाँव पकड़ते नहीं देखा हमने। सभी कवियों ने हिंदी के समान में उत्कृष्ट कविताएं पढ़ी। कार्यक्रम में विचार प्रकट करते हुए एसओ गोसाईगंज अखिलेश सिंह ने कहा कि किसी के अच्छे कार्य रुकने नहीं दूंगा। आप सभी गोसाईगंज थाना क्षेत्र को आदर्श थाना बनाने में अपना सुझाव हमे दे सकते है।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में साहित्यकार, पत्रकार,शिक्षक गणों को हिंदी को विश्व स्तर पर सम्मान दिलाने और कल्याणकारी लेखन और पठन पाठन के लिए उत्साहित करते हुए विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दिया और समाज सेवकों का उत्साहबर्धन, धन्यवाद किया। कार्यक्रम में उपस्थित कवि, साहित्यकार, पत्रकार, समाज सेवी, खेल जगत के शिक्षक एवं प्रतिभाओं को सह जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा क्रमशः कलम श्री सम्मान, कलम का सिपाही सम्मान, सांस्कृतिक प्रतिभा सम्मान, कुशभवनपुर भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र, डीएस जायसवाल डायरेक्टर देवपब्लिकेशन ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

# सेंट्रल बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण हुआ संपन्न



**अमेठी** जिले के गौरीगंज कलेक्ट्रेट परिसर में सेंट्रल बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आज संपन्न हुआ सेंट्रल बार एसोसिएशन कार्यकारिणी में अध्यक्ष समेत नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश प्रताप सिंह के साथ विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र सिंह के साथ अधिकारी और अधिवक्ता शामिल हुए . जिलाधिकारी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि यह नई कार्यकारिणी सफलता की ओर अग्रसर हो इसके साथ ही सभी वादकारियों को न्याय मिल सके यही सब की जिम्मेदारी होनी चाहिए अपनी शपथ का एक-एक शब्द अधिवक्ता जन सेवा में लगाए यही हमारी आशा है और उम्मीद भी शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विधायक राकेश प्रताप सिंह ने भी सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी और हमेशा अधिवक्ताओं के साथ खड़े रहने की बात कही. शपथ ग्रहण के दौरान विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों को लेकर नाराजगी जताई उन्होंने कहा कि अमेठी जिले में कुछ अधिकारी ऐसे हैं जो जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करते हैं यह व्यवस्था ठीक नहीं है और व्यवस्था ठीक होनी चाहिए उन्होंने कहा कि फरियादियों को समय पर न्याय नहीं मिल रहा उन्हें बार-बार दौड़ना पड़ रहा है कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं यह सही व्यवस्था नहीं है जिलाधिकारी को और पुलिस अधीक्षक को इसका ध्यान देना चाहिए और इसकी समीक्षा भी करनी चाहिए शपथ ग्रहण के मौके पर अधिवक्ता सूर्या तिवारी, अधिवक्ता राजेंद्र शुक्ला जनार्दन प्रसाद शुक्ला उमाशंकर मिश्रा शीतला प्रसाद मिश्रा के साथ मुसाफिरखाना तिलोई और अमेठी तहसील के बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए।

## किशोरी को बंधक बनाकर तीन युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, तीनों आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** गैंगरेप की सनसनीखेज वारदात सामने आई जहाँ तीन युवकों ने किशोरी को एक घर मे बंधक बनाकर तीन दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया.जांच के बाद मामला सही पाये जाने पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया जबकि एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है जहाँ की रहने वाली 13 साल की किशोरी 26 दिसंबर को स्कूल के लिए घर से निकलने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों मव गायब हो गई.किशोरी के लापता होने के बाद पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी।एक जनवरी को किशोरी परिजनों के साथ थाने पहुँची और उसने जो कहानी बयां किया उससे पुलिसकर्मियों के भी होश उड़ गए. किशोरी के मुताबिक गौरीगंज थाना क्षेत्र के दोस्तपुर गांव का रहने वाला उसकी सहेली का ब्वायफ्रेंड उसे बहलाकर अमेठी ले गया.जहां साहिल ने पहले से मौजूद निलेश,शेखर सिंह और सुरजीत सिंह के पास छोड़कर चला.साहिल के जाने के बाद तीनों उसे लेकर गौरीगंज के सकरावां गांव स्थित एक मकान में ले गए.जहां तीन दिनों तक उसे बंधक सामूहिक दुष्कर्म किया. घटना को अंजाम देने के बाद युवकों ने उसे डरा धमका कर 28 दिसंबर को पद्मावत एक्सप्रेस पर बैठा दिया. जिस पर बैठकर किशोरी दिल्ली पहुंची गई।दिल्ली में किसी तरह वह अपने बहन के घर पहुंची और आपबीती बताई. गौरीगंज थाने पहुंचने के बाद किशोरी ने पुलिस को घटना की जानकारी दी ।

## उद्योग व्यापार मंडल ने बांटे कंबल

**कूरेभार, सुलतानपुर।** शुक्रवार को पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार कूरेभार कस्बे के सामुदायिक भवन पर उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि व्यापारी नेता रवींद्र त्रिपाठी ने कंबल बितरण का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि ठंड में किया जा रहा है यह कार्य बहुत ही पुनीत कार्य है। कार्यक्रम में पत्रकार बंधुओ को भी अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष कूरेभार सुजीत कसौंधन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कूरेभार प्रधान गीता देवी, थाना प्रभारी शारदेन्दु दूबे, प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कुमार कसौधन अरूण कसौधन, नितिन शर्मा, नीतीश अग्रहरि, शुभम कसौधन, विष्णु कसौधन (लकी), सचिन कसौधन, आलोक तिवारी, गौरव मौर्य आदि मौजूद रहे।

## बस-ट्रक की टक्कर में दो की मौत, 3घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली क्षेत्र के सरैया कमौरा गांव के पास शुक्रवार सुबह सुलतानपुर डिपो की बस और सूरापुर की ओर से आ रहे ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बस के परिचालक सौरभ तिवारी (30) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक इरशाद (27) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताकिब सुलतानपुर डिपो की अनुबंधित बस शाहगंज की ओर जा रही थी। बस चालक इरशाद के बगल में बैठे परिचालक सौरभ तिवारी, बस के अन्य परिचालक दीपक कुमार (42), और रोडवेज के मैकेनिक विनोद कुमार (44) भी बस में सवार थे। सरैया कमौरा गांव के पास ट्रक और बस की जोरदार टक्कर हुई, जिससे बस का शीशा टूट गया। परिचालक सौरभ ट्रक के पहिये के नीचे आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को तुरंत सीएचसी कादीपुर ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान चालक इरशाद की भी मौत हो गई। घायल दीपक कुमार गुप्ता को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए हुआ नामांकन, दौड़ में तेईस नेता शामिल



**अमेठी।** जिला अध्यक्ष पद के लिए भाजपा में कांग्रेस के मुकाबले लम्बी लाइन है। पार्टी कार्यालय पर हुए नामांकन में जिला अध्यक्ष पद के लिए 23 और प्रदेश परिषद के सदस्य पद के लिए आठ नेताओं ने नामांकन किया है। भाजपा नेतृत्व की ओर से नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक जसवंत सैनी ने कहा है कि जिला अध्यक्ष का चुनाव आम सहमति से किया जाएगा। शुक्रवार को सुबह 11 बजे से शुरू हुई। चुनाव प्रक्रिया दोपहर 2 बजे तक चली। जिलाध्यक्ष पद चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह व जोश देखा गया। भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा की मौजूदगी में जिला चुनाव पर्यवेक्षक व औद्योगिक विकास एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा जिलाध्यक्ष पद पर वैचारिक पृष्ठभूमि से जुड़े समर्पित व दो बार सक्रिय सदस्य रहे वरिष्ठ कार्यकर्ता को आमसहमति से चुना जायेगा। संगठनात्मक अनुशासन को मजबूती मिलेगी और योग्य व समर्पित कार्यकर्ताओं को नेतृत्व का अवसर मिलेगा।

जिला चुनाव अधिकारी ने कहा यह चुनाव पंचायत चुनाव व 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए नेतृत्व तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा जिलाध्यक्ष पद के लिए चुनावी प्रक्रिया उत्साह के साथ पूरी की गई।आज जिलाध्यक्ष पद पर नामांकन दाखिल करने वालों में क्षेत्रीय किसान मोर्चा अध्यक्ष काशी प्रसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, भाजपा प्रवक्ता चंद्रमौलि सिंह, जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला, जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी, जिला महामंत्री भागीरथी मौर्य, सुरेश कुमार त्रिपाठी, दीपचंद कौशल, प्रदीप सिंह, गोविंद सिंह, भूपेंद्र मिश्रा, शिवनारायण सिंह, गिरीश चंद्र शुक्ला, आशा वाजपेई, अशोक कुमार, धर्मेश कुमार मिश्रा , धर्मेंद्र गिरी, हेमंत विक्रम सिंह,श्याम मूर्ति यादव,डॉक्टर प्रज्ञा बाजपेई,मनोज पासी, बृजेश कुमार गुप्ता समेत 2 दर्जन लोगों ने जिलाध्यक्ष व प्रदेश परिषद सदस्य पद के लिए रामकृष्ण भारती,नकुल कुमार टंडन गिरीश चंद्र पांडे,हिन्देश सिंह,रामदुलार तिवारी,बच्चू लाल यादव,महेंद्र प्रताप सिंह,उपमा सरोज ने नामांकन किया। प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय ,पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह ,मुन्ना केशव सिंह ,ब्लॉक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## राज्य मंत्री बलदेव सिंह ने विराट किसान मेला का किया समापन



**रायबरेली।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण योजनान्तर्गत एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय विराट किसान मेले का आयोजन आईटीआई मैदान के तृतीय एवं समापन दिवस के अवसर पर राज्य मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान बलदेव सिंह ह्यह्यऔलखह्यह्य के कर कमलों द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया गया।राज्य मंत्री ने स्टालों का अवलोकन किया और अपने संबोधन में किसानों प्राकृतिक खेती, पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत सोलर पम्प स्थापना हेतु किसानों को बताया कि इस बार 30 हजार सोलर पंपों को स्थापित करने हेतु लक्ष्य समस्त जनपदों को आवंटित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा विभाग में चलाई जा रही सभी योजनाओं का किसान भाई लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने जनपद के राजरानी फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी को फार्म मशीनरी बैंक एवं रामसखी को कस्टम हायरिंग सेन्टर लागत 30 लाख अनुदानित अंश रुपये 24 लाख रुपये का लाभ प्राप्त करने हेतु ट्रैक्टर की चॉबी और दो महिला स्वयं सहायता समूहों को 10 हजार रुपये के रूप चेक सौंपा गया साथ ही पांच किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं 15 अच्छा प्रदर्शन करने वाले स्टॉलों को क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र अपने कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार द्वारा मेले में आये हुए कृषकों का स्वागत करते हुए विभाग में चल रही समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें मुख्य रूप किसानों को अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु किसानों को जन सुविधा केंद्रों पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु प्रेरित किया और पी0एम कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पम्प का लाभ प्राप्त करने हुए किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई।

# एनटीपीसी की कार्यनीति में मीडिया का अहम स्थान है




**रायबरेली।** एनटीपीसी की उपलब्धियों, गतिविधियों तथा सामाजिक सराकारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में कंपनी की छवि को निखारने रखने में मीडिया बंधुओं की बहुत बड़ी भूमिका है इसके लिए एनटीपीसी प्रबंधन पत्रकारिता जगत का आभारी है। एनटीपीसी ऊंचाहार के परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने अपने विचार व्यक्त किए। एनटीपीसी ऊंचाहार में आयोजित मीडिया सराहना तथा पत्रकार बन्धुओं से संवाद कार्यक्रम में श्री छाबड़ा ने कम्पनी तथा ऊंचाहार परियोजना की उपलब्धियों की चर्चा की और कहा कि एनटीपीसी कंपनी विश्वस्तरीय विद्युत उत्पादक कंपनी है, जिसकी कुल स्थापित क्षमता 76598 मेगावाट से अधिक हो चुकी है। एनटीपीसी थर्मल तथा गैस के साथ-साथ सोलर, हाइड्रो एवं विंड एनर्जी क्षेत्र में भी काफी आगे बढ़ चुकी है और 2032 तक 60 गीगावाट तक का लक्ष्य हासिल करने की योजना है। ऊंचाहार परियोजना की कुल स्थापित क्षमता 1560 मेगावाट है। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब जम्मू कश्मीर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश तथा चण्डीगढ को विद्युत आपूर्ति की जाती है। इस अवसर पर सभी पत्रकारों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से ऊंचाहार परियोजना द्वारा की जा रही नैगम सामाजिक दायित्व के कार्यों तथा प्रदूषण को नियंत्रित करने की जानकारी दी गई।एनटीपीसी के द्वारा परियोजना के आसपास किए जा रहे सामाजिक हित के कार्यों की जानकारी देते हुए श्री छाबड़ा ने कहा कि ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ निरंतर कार्य किया जाता है। हाल ही में सीपेट लखनऊ में आयोजित छः माह के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से 60 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं।

आसपास के गांवों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से नियमित तौर पर मोबाईल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है, जो प्रत्येक गांव में महीने में दो बार उपलब्ध करवाई जाती है। इतना ही नहीं बालिका सशक्तिकरण की दिशा में एनटीपीसी लगातार कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम हर साल 120 ग्रामीण बच्चियों को प्रशिक्षित करते हैं और उनके सशक्तिकरण हेतु अभियान संचालित करते हैं। भविष्य में भी बालिका सशक्तिकरण अभियान जारी रहेगा। हाल ही में दिव्यांग ग्रामीणों तथा नेत्र रोगियों के लिए भी नैगम सामाजिक दायित्व की ओर से कैम्प आयोजित किए गए। श्री छाबड़ा ने बताया कि ऊंचाहार परियोजना ने कई पुरस्कार भी अर्जित किए हैं इनमें अवार्ड फॉर पब्लिक सर्विस एडवरटिजमेंट, इंटरनल चैनल, रूरल कम्यूनिकेशन कैम्पेन, डिजिटल मीडिया, अवार्ड फॉर बेस्ट हाउस जर्नल, बेस्ट स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम, अपेक्स इंडिया अवार्ड फॉर एचआर एक्सीलेंस, एक्सीड अवार्ड फॉर सीएसआर आदि शामिल हैं।

## 10 दिन से हड़ताल पर हैं तहसील के अधिवक्ता

**लंभुआ, सुलतानपुर।** तहसील के अधिकारियों को समस्याओं से अवगत करवाने के बावजूद निराकरण न करने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश है, पिछले 10 दिन से अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। बैठक में अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि जब तक समस्याओं का निराकरण नहीं हो जाएगा तब तक हड़ताल पर रहेंगे। लंभुआ तहसील बार अध्यक्ष रवि उपाध्याय तथा सचिव भएन्द्र जीत ने अधिवक्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एसडीएम के आश्वासन के बावजूद अभी तक खारिज पत्रावलियों की पुनर्स्थापना नहीं की गई है। रजिस्ट्री कार्यालय को तहसील परिसर में लाने के लिए बगल में स्थित पंचायत भवन का एसडीएम द्वारा मूल्यांकन करके तथा उसकी नीलामी हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को भेज दिया गया है। इसके बावजूद रजिस्ट्री दफ्तर यहां पर लाने के लिए कोई पहल नहीं हो रही है।

# सरस्वती विद्या की छात्रा ग्रेसी सिंह का वीरगाथा 4-0 में हुआ चयन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विवेकानन्द नगर के कक्षा बारहवीं की छात्रा ग्रेसी सिंह पुत्री विक्रम नवरंग सिंह निवासी विवेक नगर ने रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वीरगाथा 4-0 प्रतियोगिता में सुपर 100 के सेकण्डरी स्टेज के सुपर 25 छात्रों में स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जनपद का गौरव बढाया है। ग्रेसी सिंह की उपलब्धि से आह्लादित सरस्वती विद्या मन्दिर के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि आज सम्पूर्ण विद्यालय परिवार छात्रा ग्रेसी सिंह की इस अनोखी उपलब्धि पर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। प्रधानाचार्य ने वीरगाथा पुरस्कार के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि प्रोजेक्ट वीर गाथा को गैलेंट्री अवार्ड्स पोर्टल के तहत 2021 में शुरू किया गया। जिसका उद्देश्य गैलेंट्री अवार्ड्स यानी वीरता पुरस्कार विजेताओं के शौर्यगाथा एवं बहादुरी के कार्यों का विवरण और छात्रों के बीच इन पराक्रमियों की जीवन गाथाओं को प्रसारित करना है। चयनित सर्वश्रेष्ठ 100 छात्रों को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिक्षा मंत्रालय एवं रक्षा मंत्रालय के संयुक्त तत्त्वावधान में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रकाश, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री डॉ. राममनोहर, विद्यालय प्रबंधक डॉ. पवन सिंह, अध्यक्ष भोलानाथ अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य सभाजीत वर्मा, देवेंद्र पाठक, आचार्य निष्ठा चतुर्वेदी, बब्लू चौधरी, रणविजय सिंह ने आशीर्वाद प्रदान किया गया।

# पदमश्री डॉ. सोमा घोष के भजनों से मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

- जिलाधिकारी हर्षिता माथुर सीडीओ और एडीएम ने कलाकारों को किया सम्मानित



**रायबरेली।** राणा बेनी माधव बक्ष सिंह स्मारक समिति की तरफ से आयोजित संतों के समागम और कुंभ के स्वर की शाम बनारस राजघराने की गायिका और उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की दत्तक पुत्री कही जाने वाली विश्व प्रसिद्ध गायिका पदमश्री डॉ. सोमा घोष के भजनों से सजी। बनारस राजघराने की बेटी ने अपनी मनमोह भजनों की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बनारस से चलकर आए कलाकारों का सम्मान जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, सीडीओ अर्पित उपाध्याय और एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ ने किया। समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह और राकेश भदौरिया की तरफ से अधिकारियों का सम्मान किया गया।

विश्व प्रसिद्ध गायिका डॉ. सोमा घोष ने भगवान शंकर के मृदंग के साथ में अपनी प्रस्तुति की शुरूआत की। महादेव पर उन्होंने अकड़ बम-बम नाचे महादेव, भैया भैरव बजाएं रहा बाजा जैसे गीत प्रस्तुत किए। इसके साथ ही महाकुंभ पर उन्होंने जयकारा मां गंगा की जय-जयकारा, महाकुंभ की जयकारा, सभी भक्तों का जयकारा, प्रयागराज की जयकारा, इसके साथ ही संगम के इस महायोग में जो कुंभ नहाने आएगा, इस अमृतमाया देवों की अमृतमय हो जाएगा, त्रिवेदी संगम हरे-हरे, जैसे गीत प्रस्तुत किए।

इसके साथ ही भगवान राम पर उन्होंने प्रभु पधारे अयोध्याधाम, मैं मंगल गीत गाऊंगी, लोग स्वागत में बिछाएंगे फूल, मैं दिल अपना बिछाऊंगी। इसके साथ ही उन्होंने होली पर भी गीत प्रस्तुत किया। कजरी और शास्त्रीय संगीत के साथ में उनकी तरफ से की प्रस्तुति ने श्रोताओं को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। भजन गायक शिवांग बालेश्वर ने अनूप जलोटा के गीतों पर अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अनूप जलोटा के भजन ऐसी लागी लगन जैसे गीतों पर प्रस्तुति देकर श्रोताओं से खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर स्मारक समिति के संरक्षक इंद्रेश विक्रम सिंह, राजा राकेश प्रताप सिंह, अशोक सिंह रामपुरी, रविंद्र सिंह, हरिहर सिंह, डॉ. मनीष चैहान, डॉ. आशुतोष सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, विवेक विक्रम सिंह, राजेंद्र बहादुर सिंह, बबलू केसरिया, लखन सिंह, उमेश सिकरिया, शिव कुमार सिंह, डायट प्राचार्य जेपी सिंह, विजय सिंह बघेल, प्रमेन्द्र पाल गुलाटी, शशांक सिंह राठौर, राकेश सिंह, एसपी सिंह, शिवम सिंह, गोविंद खन्ना, ममता कुबेले, डॉ0 रवि प्रताप सिंह, डॉ0 चम्पा श्रीवास्तव, सुभाष महर्षि आदि लोग उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायतों में पात्र व अपात्र आवास की जांच के लिए स्वयं निकले परियोजना निदेशक डीआरडीए

**अमेठी।** आवास योजना ग्रामीण का लाभ अपात्र लाभार्थी पात्र बनकर उठा रहे थे। जिससे पात्र लोगों को वंचित होना पड़ रहा था। इस बार शासन ने जो चक्रव्यूह तैयार किया है। उससे निकलना अपात्रों के लिए आसान नहीं होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना 24-25 के लिए पात्र लाभार्थियों का चयन सर्वे शुरू हो गया है। जिसके तहत इस बार महज पात्र लाभार्थी का चयन करने व छूटने न देने का आदेश दिया गया है। वहीं अपात्रों की छटनी भी करनी है। इसके लिए 10 नियम निर्धारित किया गया है। अपात्रों को योजना का लाभ न मिले इसके लिए जिस ग्रामीण के पास मोटरयुक्त तिपहिया, चौपहिया वाहन, मशीनीकृत तिपहिया व चार पहिया कृषि उपकरण होने की जानकारी उपसंभागीय परिवहन विभाग से मांगा गया है। 50 हजार या इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसानों की जानकारी लीड बैंक मैनेजर, सरकारी कर्मचारी व पंजीकृत गैर कृषि वाले उद्यम परिवार की जानकारी डीसी जीएसटी, आयकर देने वाले परिवार के साथ व्यवसाय कर देने वाले परिवार की सूची भी डीसी जीएसटी उपलब्ध कराएंगे। इसके लिए परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव ने संबंधित विभागों को पत्र भेजकर सूची मांगा है। उन्होंने बताया कि सर्वे का कार्य ग्राम पंचायत सचिव द्वारा किया जा रहा है। पात्रता के लिए कच्चे मकान व दीवार में रहने वाले परिवार, आवास व आश्रय विहीन परिवार, हाथ से मैला ढोने वाले, बेसहारा, भीख मांग कर जीवन यापन करने वाले परिवार, आदिम जनजातीय समूह, मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर आदि पात्र होंगे। वहीं आवेदक द्वारा पात्रता के संबंध में कोई गलत सूचना सर्वे के समय संबंधित अधिकारी को दी जाती है तो लाभार्थी के खिलाफ निर्धारित नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।इसी क्रम में आज स्वयं परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव ने पात्रता एवं अपात्रता की जांच के लिए भेटुआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत नवगिरवा से शुरूआत कर संबंधित ग्राम सचिवों को सकारात्मक संदेश दिया।

संक्षेप

## चोरों ने भाजपा नेता का घर साफ किया

**आगरा।** घर बंद कर गंगासागर गए खेरागढ़ के भाजपा मंडल उपाध्यक्ष के घर में घुसकर चोरों ने बीती रात लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया मंडल उपाध्यक्ष लाखन सिंह का परिवार घर बंद कर गंगा सागर गया हुआ था। बीती रात चोरों ने उनके घर को निशाना बना लिया। पीड़ित लाखन सिंह ने बताया कि चोर संदूक में रखे जेवरात ले गए। संदूक में करीब 10 तोले सोने के जेवरात और आधा किलो चांदी के जेवरात रखे थे। चोर सारा सामान चुराकर ले गए। चोर करीब दस हजार रुपए नगद भी ले गए। लाखन सिंह ने बताया कि उन्हें घर के बाहर खेल रहे बच्चों ने चोरी की वारदात के बारे में जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी की मदद से पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

## अवकाश के दिनों में भी जमा होगा गृहकर

**आगरा।** नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने सदन द्वारा रखे गये लक्ष्य को हासिल करने के लिए अवकाश के दिनों में भी नगर निगम के कैश काउंटरों को खोलने का निर्णय लिया है। नगरायुक्त के अनुसार शनिवार, रविवार और मकर संक्रांति के दिन चौदह जनवरी को भी लोग कैश काउंटरों पर जाकर अपना गृहकर जमा करा सकेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि उपरोक्त दिवसों में समस्त जोनल कार्यालय एवं उनके कैश काउंटर आम कार्यालय दिवस की भांति खुलेंगे। उन्होंने संबंधित जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने जोन कार्यालय में समस्त स्टाफ के साथ कैंप लगाकर एवं डोर टू डोर वसूली का कार्य काराएंगे। सभी जोनल अधिकारियों को जमा किये गये कर और वसूली का विवरण भी सायं पांच उन्हें उपलब्ध कराना होगा। नगर निगम सदन के द्वारा 125 करोड़ का टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया है। अपर नगर आयुक्त ने कहा है कि कुर्की और सीलिंग की कार्रवाई से बचने के लिए बकायेदार नगर निगम द्वारा दी जा रही इस सुविधा का लाभ उठाएं।

## दहेज हत्या में वांछित गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के मुकदमें में वांछित अभियुक्त अभिषेक पुत्र स्व0 बलबीर सिंह निवासी नगला बलू थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद को सती चौराहा, थाना क्षेत्र नारखी जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना हाजा पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत है। थाना पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना रसूलपुर से संबंधित हत्या के प्रयास के पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त रुशी उर्फ मौहम्मद आमिर पुत्र कल्लू निवासी ताडो वाली बगिया थाना रसूलपुर को लालपुर मण्डी गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

# अक्षय पात्र में है मां अन्नपूर्णा का वास : केशव प्रसाद मौर्य

## उपमुख्यमंत्री ने अक्षय पात्र फाउंडेशन की रसोई का शुभारंभ किया



**मथुरा (मधुसूदन शर्मा)।** प्रयागराज की पावन धरा में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 में नागवासुकी मार्ग सेक्टर छह में आज शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य द्वारा अक्षय पात्र फाउंडेशन की रसोई का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि अक्षयपात्र में माँ अन्नपूर्णा का वास है। उन्होंने कहा कि अक्षयपात्र फाउंडेशन एवं हरे कृष्णा मूवमेंट (इस्कॉन बंगलौर) के द्वारा कुंभ मेले में दी जाने वाली अन्नक्षेत्र की सेवा अदभुत एवं अतुलनीय है।

कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने श्री श्री राधा वृंदावन चंद्र के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात उन्होंने अक्षय पात्र फाउंडेशन के अध्यक्ष भरतर्षभा दास के माध्यम से अक्षय पात्र फाउंडेशन की रसोई की कार्यप्रणाली को समझा। उन्होंने अक्षय पात्र फाउंडेशन के अन्नक्षेत्र में संतों को प्रसाद वितरण करते हुए कहा कि मानव की मानव मात्र को भोजन उपलब्ध कराके उसकी भूख को मिटने से बड़ी अन्य कोई सेवा नहीं है।

इस अवसर पर मीडिया को जानकारी प्रदान करते हुए भरतर्षभा दास ने बताया कि इस महाकुंभ में अक्षयपात्र फाउंडेशन एवं हरे कृष्णा मूवमेंट (इस्कॉन बंगलौर) के द्वारा परेड ग्राउंड एवं नागवासुकी स्थित रसोई के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 20हजार भक्त, श्रद्धालु, तीर्थ क्षेत्र में निवास कर रहे भगवत प्रेमियों के लिए प्रसाद की व्यवस्था संस्था द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस सेवा का शुभारंभ आज उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य जी की गरिमामय उपस्थिति में किया गया है। यह सेवा कुंभ के समापन तक प्रदान की जाती रहेगी। इस अवसर पर चतुर्थ संप्रदाय प्रमुख श्रीमहंत फूलडोल बिहारी दास महाराज, चंद्रोदय मंदिर के उपाध्यक्ष कैवल्यपति दास, अक्षय पात्र फाउंडेशन के ऑपरेशन हेड सुरेश्वर दास, कंजलोचन दास, आचार्यनिष्ठा दास, अचिंत्य गौरांग दास सहित अन्य प्रमुख संत उपस्थित रहे।

## बांकेबिहारी मंदिर के गर्भगृह पर मजार स्वीकार नहीं

**मथुरा।** धर्म रक्षा संघ की एक संगोष्ठी महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज की अध्यक्षता में श्रीभागवत मंदिरम में आयोजित की गई। जिसमें मथुरा के शाहपुर स्थित बांकेबिहारी मंदिर के गर्भग्रह पर बनी मजार को हटाने के विषय में जिला प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि बांकेबिहारी मंदिर के गर्भगृह के ऊपर बनी मजार एक कलंक की तरह विद्यमान है जिसे योगी सरकार और जिला प्रशासन को तुरंत प्रभाव से हटा देना चाहिए।

महंत अतुल कृष्ण दास महाराज ने कहा कि बांकेबिहारी मंदिर के गर्भग्रह पर अभी तक मजार न हटने से साधु संतों एवं सनातनियों में आक्रोश व्याप्त है। इससे पहले कि स्थितियां बदतर हों प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। महामंडलेश्वर कृष्णानंद महाराज ने कहा कि हमारे आराध्य के गर्भगृह पर मजार साधु संत और हिंदू समाज कभी बर्दाश्त नहीं कर सकता। आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि हिंदू मंदिर के गर्भगृह पर मजार का कोई औचित्य नहीं है। यदि प्रशासन एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं करता है तो हम कानूनी प्रक्रिया के द्वारा मजार को हटाकर ही रहेंगे। इस अवसर पर श्रीदास प्रजापति, विनीत द्विवेदी, अमरेश पुण्डीर, मुकेश दुवे, आयुष नारायण, पं आशीष शर्मा, शिवम शर्मा, अमित शास्त्री, गिरधारी मिश्र, वेद तिवारी, अर्जुन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## पुत्रदा एकादशी पर भक्तों ने लगायी परिक्रमा

**मथुरा।** हिंदू धर्म में सभी एकादशी का विशेष महत्व है लेकिन पुत्रदा एकादशी का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस एकादशी पर भगवान विष्णु की विधि- विधान से पूजा-अर्चना करने से संतान संबंधी परेशानियों से मुक्ति मिलती है और हर एक इच्छा की पूर्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार एकादशी पर उपवास और ध्यान करने से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और वह पुण्य प्राप्त करता है। एकादशी तिथि भगवान विष्णु की आराधना का दिन होता है और यह तिथि धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। पदम पुराण के अनुसार संतान प्राप्ति की कामना के लिए यह व्रत बहुत ही प्रभावी होता है। इस व्रत को करने से दीघार्यु संतान प्राप्त होती है और संतान के सभी प्रकार के कष्ट भी दूर हो जाते हैं। इस एकादशी से भगवान विष्णु अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

## महिलाओं, बालिकाओं को किया जा रहा जागरूक



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी व समस्त चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में रैली संगोष्ठी आदि के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति फेज 05 के तहत ही जनपद में एक युद्ध नशे के विरुद्ध नशा विरोधी जनजागरुकता अभियान के तहत भी छात्र छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। मिशन शक्ति फेज-5 के विशेष अभियान क्रम में शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रों में छात्र छात्राओं शिक्षकाओं को जागरुक किया गया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष पदः दो महिलाओं समेत 42 ने दावा ठोका

**आगरा।** भाजपा के बृज क्षेत्र कार्यालय पर शुक्रवार को जिलाध्यक्ष पद की चुनाव प्रक्रिया के तहत दावेदारों के नामांकन स्वीकार किए गए। जिलाध्यक्ष पद के लिए कुल 42 नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए गए। जिलाध्यक्ष पद पर दो महिलाओं ने भी दावेदारी की है। प्रदेश परिषद सदस्य पद के लिए छह नामांकन आए हैं। जिले के चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने नामांकन पत्र स्वीकार किए। सहायक चुनाव अधिकारी अर्पित चित्रांश उनका सहयोग कर रहे थे। इस दौरान संगठन के जिला प्रभारी अमित वाल्मीकि भी मौजूद रहे। नामांकन के दौरान पार्टी कार्यालय पर कल के मुकाबले आज कुछ ज्यादा ही गहमागहमी थी।

## कंगना मामले में एमपी एमएलए कोर्ट का कड़ा रुख, पुलिस को 20 दिनों की मोहलत

**आगरा ।** स्पेशल कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद और अभिनेत्री कंगना रनोट के खिलाफ दायर मामले में थाना न्यू आगरा से रिपोर्ट मांगी है। यह मामला कंगना द्वारा किसानों के विरोध प्रदर्शन पर की गई टिप्पणियों से जुड़ा है। कंगना पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर बयान देकर देश के करोड़ों किसानों को 'हत्यारा, बलात्कारी और अलगाववादी' कहा था। इसके बाद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और अधिवक्ता रमा शंकर शर्मा ने 11 सितंबर, 2024 को स्पेशल कोर्ट टढ-टछअ में कंगना के खिलाफ देशद्रोह और राष्ट्र अपमान की धाराओं में वाद दायर किया था। कोर्ट ने थाना न्यू आगरा को आदेश दिया है कि वे 20 दिनों के भीतर गवाहों, सबूतों और बयानों की जांच करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके बाद, कोर्ट फैसला लेगी। 29 जनवरी को थाना न्यू आगरा पुलिस न्यायालय में आख्या प्रस्तुत करेगी और 8 फरवरी को कोर्ट फैसला सुनाएगी। इस मामले में कंगना रनोट अब तक कोर्ट में पेश नहीं हुई हैं, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कोर्ट ने उन्हें कई बार नोटिस जारी किए हैं, लेकिन वे हाजिर नहीं हुई हैं। याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा का कहना है कि मैं भी किसान परिवार से संबंध रखता हूं। मैंने भी करीब 30 साल तक खेती-किसानी की। मैं किसानों और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति सम्मान रखता हूं। कंगना ने हमारी और लाखों किसानों की भावनाएं आहत की हैं। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त को उन्होंने पुलिस कमिश्नर और थाना न्यू आगरा को शिकायत भेजकर कार्रवाई करने की मांग की थी।

## एसएसपी ने ली परेड की सलामी करवायी टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही

**फिरोजाबाद।** एसएसपी फिरोजाबाद द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में शुक्रवार को परेड की सलामी ली गई। साथ ही शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों को दौड़ लगवाई, अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही करवाई व शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया। एसएसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित ने पुलिस लाइन फिरोजाबाद में शुक्रवार परेड की सलामी ली। तत्पश्चात एसएसपी ने परेड में उपस्थित पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई साथ ही टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई इस दौरान शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया। परेड के पश्चातएसएसपी ने पुलिस लाइन क्वार्टर गार्ड, लाइब्रेरी, कैंटीन, स्टोर, परिवहन शाखा, भोजनालय, आटा चक्की बारबर शॉप, पुलिसकर्मियों के बैरक साथ ही निमार्णाधीन बिल्डिंगों आदि का निरीक्षण किया।

## मल्लिकार्जुन खड़गे के मामले में कोर्ट में हुई सुनवाई

**आगरा।** अधिवक्ता गगन शर्मा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विरुद्ध मुकदमा चलाने के लिए दी गई अर्जी पर आज स्पेशल एमपी-एमएलए एवं एसीजेएम-7 कोर्ट में सुनवाई हुई। वादी की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र पाल , अरविंद गुप्ता, हरीश चतुर्वेदी, एसएन दुबे ने बहस में हिस्सा लेते हुए न्यायालय को बताया कि मालिकार्जुन खड़गे ने एक वर्ग विशेष को खुश करने और राजनीतिक फायदा लेने के लिए भगवान शिव के 12 जोतिलिंगों से अपनी तुलना की। इससे हिंदू धार्मिक आस्थाओं का अपमान हुआ है। अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि यह धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और अपमानित करने का अपराध है, इसलिए विपक्षी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए और जांच के आदेश दिए जाने चाहिए। कोर्ट ने मामले में आदेश सुरक्षित रखते हुए पत्रावली अपने पास रख ली है। इस मौके पर वादी गगन शर्मा एडवोकेट और अन्य अधिवक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के विरुद्ध यह कानूनी लड़ाई आगे भी हर स्तर पर लड़ी जाएगी।

# एआरटीओ ने फिटनेस कार्य के लिए चालक/ परिचालकों को किया जागरूक



**मथुरा।** वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रथम राजेश राजपूत ने बताया है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2023 की अपेक्षा 2024 में हुई वृद्धि के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु 01.01.2025 से 31.01.2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। शुक्रवार नीतू सिंह (सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी-प्रशासन), राजेश राजपूत वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) तथा प्रदीप यादव (संभागीय निरीक्षक) मथुरा स्थित कार्यालय में फिटनेस कार्य हेतु आने वाले चालक / परिचालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों शीत ऋतु एवं कोहरे को देखते हुए वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरुक किया, राजेश राजपूत (वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन), ने जिला पूर्ति अधिकारी के साथ शहर के जयगुरुदेव पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल पम्प स्वामियों के साथ बैठक का आयोजन किया, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश राजपूत ने समस्त पेट्रोल पम्प स्वामियों से अनुरोध किया कि वे अपने प्रतिस्ठान पर सीसीटीवी कैमरा चालू रखें, एवं सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित होडिंग लगायें एवं एक स्टीकर जिस पर लिखा हो नो हेल्मेट नो फ्यूल वाहनों पर चस्पा करें, परिवहन आयुक्त के ओदश से भी अवगत कराया कि जनपद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंगर्तत जनपद में नो हेल्मेट-नो फ्यूल रणनीति लागू है, किसी वाहन चालक के वाहन में बिना हेल्मेट पेट्रोल न दी जाये, जिससे कि उक्त रणनीति न केवल हेल्मेट पहनने को अनिवार्य बनाने में सहायक होगी, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित भी करेगी तथा जिससे जनपद में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। संदीप चौधरी (यात्री/मालकर अधिकारी- प्रथम) ने शहर के नौहझील में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत लोगों को जागरुक किया तथा उप्र परिवहन विभाग ने संचालित गुड सेमेरिटन योजना तथा हिट एण्ड रन योजना के बारे में लोगों को जागरुक किया, और अवगत कराया कि दुघर्टना में घायल व्यक्ति की मदद करते हुए हॉस्पीटल पहुँचाने वाले व्यक्ति को परिवहन विभाग द्वारा पाँच हजार रुपये गुड सेमेरिटन प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है पुलिस द्वारा घायल व्यक्ति को हॉस्पीटल पहुँचाने वाले व्यक्ति से पूछताछ नहीं की जायेगी।

# विराट कोहली और अनुष्का ने लिया संत प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** क्रिकेटर विराट कोहली अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ संत प्रेमानंद से मिलने रमणरेती क्षेत्र स्थित उनके आश्रम श्रीराधा केली कुंज पर पहुंचे। यहां उन्होंने संत का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं आधे घंटे तक अध्यात्मिक चर्चा की है।

क्रिकेट के धुरंधर खिलाड़ी विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने शुक्रवार की सुबह संत प्रेमानंद से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। संत प्रेमानंद ने कहा विराट कोहली भी उनकी तरह ही बड़े साधक है। हमें भगवान ने धर्म की साधना के लिए चुना है। जबकि विराट कोहली क्रिकेट में कड़ी साधना के जरिए देशभर की खुशी का कारण बनते है। भगवान ने विराट को क्रिकेट के लिए चुना है। जबकि हमें धर्म साधना के लिए। इसे में हम दोनों ही साधक है और अपनी साधना से हम भागवत भक्तों को खुशी देते हैं तो विराट कोहली क्रिकेट में जीत हासिल करते है तो देश का बच्चा-बच्चा खुश होता है। संत प्रेमानंद के श्रीराधा केलिकुंज आश्रम में शुक्रवार सुबह अपने दोनों बच्चों के साथ पहुंचे विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। अनुष्का शर्मा ने संत प्रेमानंद से धर्म की राह पर चलने का आशीर्वाद मांगा तो विराट कोहली ने भी क्रिकेट में और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने का आशीर्वाद मांगा। संत प्रेमानंद ने कहा विराट की साधना में कोई कमी नहीं। जिस स्तर पर विराट पहुंचे हैं वह कड़ी साधना का फल है। जब विराट अपनी साधना से भारत को जीत दर्ज करवाते हैं तो देश खुशी से झूम उठता है। पूरे देश में पटाखे फूटते हैं। यही उनकी साधना है।

## मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने प्रदेश में हासिल किया नंबर वन का खिताब

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने दिसम्बर माह में आईजीआरएस पोर्टल पर जनसुनवाई के मामले में गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने में प्रदेश के सभी नगर निगम में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर नगर विकास मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इससे पूर्व कुछ माह पूर्व प्रथम स्थान हासिल हुआ था।

नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों से निरंतर प्रथम स्थान पर काबिज रहने के लिए जन सुनवाई मामले को प्राथमिकता के साथ निस्तारित करने का आव्हान किया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन शिकायत मिलते ही प्राथमिकता पर निस्तारण मुख्य लक्ष्य सभी को रखना होगा इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों के निस्तारण पर ये खिताब हासिल हुआ है। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश के सभी 17 नगर निगम में मथुरा वृंदावन नगर निगम ने मुख्यमंत्री संदर्भ सहित जनसुनवाई मामले निस्तारण में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। दिसम्बर में पोर्टल पर दर्ज सभी मामले गुणवत्ता के साथ निस्तारित किए गए। डिफाल्टर संदर्भ में नगर निगम ने 20 प्राप्तांक हासिल किए हैं वही शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए फीडबैक में भी शत-प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। कैटेगिरी हेल्पलाइन आईजीआरएस ऑनलाइन में भी निस्तारण पर भी शत प्रतिशत प्राप्तंक दिए गए है। कुल मिलाकर नगर निगम मथुरा ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर रैंकिंग में नंबर वन का खिताब हासिल किया है। आईजीआरएस प्रभारी सहायक नगर आयुक्त कल्पना चौहान का कहना है कि नगर आयुक्त शशांक चैधरी के निर्देशन के चलते ये खिताब हासिल हुआ है।

## नशा मुक्ति अभियान बने जन-जन की पहचान : डॉ.महेंद्र प्रताप सिंह



**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान बुर्ज नत्थू के प्रतिनिधि सोनू बघेल एव चिकित्साधिकारी डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां एवं विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया। स्वयंसेवको ने अधिग्रहित बस्ती बुर्ज नत्थू मे रैली के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात डॉ महेंद्र प्रताप सिंह चिकित्साधिकारी द्वारा नशा मुक्ति तथा मानसिक स्वास्थ्य व्यायाम पर विस्तार से स्वयंसेविको को जानकारी प्रदान की गई। डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह ने तंबाकू से मुक्ति पाने के लिए जिला अस्पताल में निशुल्क मिलने वाले निकोटेक्स के बारे में जानकारी दी और इस तरह की सामाजिक बुराइयों से अपने परिवार के लोगों को दूर रखने के लिए जागरूक करने का कार्य कियो प्रधान प्रतिनिधि सोनू ने कहा कि नशा हमारे जीवन पर दुष्प्रभाव डालता है। इससे तमाम परिवार नष्ट हो जाते हैं। नशा हमारे समाज का एक अभिशाप है। हमें इससे दूर रहना है। कार्यक्रम प्रभारी सुनील कुमार जैन ने अतिथियों को धन्यवाद प्रदान किया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय, रिचा गुप्ता, प्रधानाध्यापक डॉ.संजय सौरोत देवीराम तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## एडीएम ने कर करेत्तर की बैठक में की समीक्षा

**फिरोजाबाद।** एडीएम विशु राजा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में कर करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रवर्तन की गाड़ियां टोल टैक्स पर खड़ी नहीं होने पर वसूली कम हो रही है, जिससे प्रवर्तन की गाड़ियां नियमित खड़ी हो, जिससे राजस्व वसूली की स्थिति में सुधार आ सके। उन्होंने एआरटीओ से कहा कि जो आरसी वसूली लाइक नहीं है उसे वापस करें और पोर्टल से हटा दें। उन्होंने विद्युत विभाग से कहा कि ओटीएस योजना को संचालित करें जिससे अधिक से अधिक राजस्व की प्राप्ति हो सके, साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जिन विभागों के ऊपर विद्युत बिल बकाया है, उनका भुगतान प्रतिमाह किया जाए, जिससे राजस्व की क्षति की भरपाई हो सके। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग की वसूली की स्थिति खराब है, जिसको और कारगर तरीके से वसूला जाए, साथ ही उन्होंने कहा कि एक अभियान चलाकर बकाया विद्युत बिलों की वसूली की जाए, इसके लिए शिविर लगाकर वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों नायब तहसीलदारो को निर्देशित करते हुए कहा कि ओवरलोडिंग पर रोक लगाने और अवैध खनन को रोकने का प्रयास करें, जिससे राजस्व की क्षति को रोका जा सके। सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आगामी बैठकों में अपने द्वारा भ्रमण कर आरसी की वसूली कहां और कितनी की गई है, उसके लिए एक पंजिका बनाकर लाएंगे, उन्होंने निर्देश दिए कि वाणिज्य कर विभाग द्वारा जी एस टी में कम वसूली और रजिस्ट्रेशन की स्थिति खराब है, इसके लिए वाणिज्य कर अधिकारी को स्पष्टीकरण देने को कहा। सभी नगर पालिकाओं में जलकर एवं ग्रहकर की आरसी की वसूली अवश्य की जाए, अंत में सभी विभागों को निर्देशित किया कि जहां भी राजस्व की वसूली कम है या समुचित तरीके से नहीं हो पा रही है, वहां वसूली बढ़ाई जाए, इस बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम, सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार नायब तहसीलदार आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# जिला खनिज फाउंडेशन न्यास की बैठक संपन्न



बैठक में डीएम के समक्ष जिला खनिज

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास की बैठक हुई संपन्न। जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास की आयोजित बैठक में विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, विधायक गोवर्धन ठाकुर मेघश्याम सिंह, डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, डीपीआरओ किरण चौधरी, जिला खनन अधिकारी आदि मौजूद रहे। बैठक में मुख्य 4 बिंदुओं पर समिति ने सहमति जताई। जनपद मथुरा में भूतत्व एवं खनिकर्म उप्र शासन द्वारा अवैध खनन/ परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु तकनिकी अवसंरचनाओं के अन्तर्गत भरतपुर-मथुरा मार्ग (जनपद मथुरा स्थित जाजमपट्टी चौकी) पर स्थापित 01 चैकगेट संचालन हेतु वार्षिक अनुरक्षण हेतु ए.एम.सी. की धनराशि स्वीकृत करने के सम्बन्ध में चर्चा हुई, जिसे समिति द्वारा सहमति मिली। जनपद मथुरा में स्थापित चैकगेट का संचालन 16.08.2023 को किए गए थे। चैकगेट से निकले वाहनों की संख्या 9087 है। निर्गत ई-नोटिसों की संख्या 1260 है। नोटिसों में निहित धनराशि 480.76 लाख है तथा वसूली की गयी धनराशि रुपए 124.61 लाख है। उक्त चेक गेट के ए.एम.सी. की धनराशि को स्वीकृत मिली।

फाउंडेशन न्यास मथुरा / खनन कार्यालय मथुरा हेतु संविदा पर 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर व1 चपरासी रखे जाने तथा जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास में उपलब्ध धनराशि एवं किये गये कार्यों के ऑडिट कराने हेतु सीए को नामित कराने पर चर्चा हुई, जिसपर समिति ने उक्त सभी डिमांड को सहमति प्रदान की। एनजीटी द्वारा निर्गत विभिन्न आदेशों के क्रम में जनपद मथुरा में शासनादेश संख्या 1659/86-2023 17.05.2023 के क्रम में नामित संस्था द्वारा जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट के अपडेशन / मोडिफिकेशन का कार्य पूर्ण होने पर धनराशि निर्गत करने को समिति ने सहमति दी। विधायक बल्देव पूरन सिंह ने बल्देव क्षेत्र के बालू के श्रोत को खोजने एवं उनके क्षेत्र के पट्टे आवंटन करने हेतु प्रस्ताव रखा जिस पर डीएम ने जिला खनन अधिकारी को निर्देश किया कि बल्देव क्षेत्र में बालू के खनन के आयामों के प्रति कार्य किया जाए जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास का संचालन व कार्य का विभाजन प्रतिशत में न्यास का संचालन करने हेतु जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में शासी परिषद् एवं प्रबन्ध समिति का गठन किया गया है तथा नियमावली में दिये गये प्राविधानों के अनुसार न्यास में जमा धनराशि का 60 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र क्रमशः पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, वयोवृद्ध एवं निःशक्त लोगो का कल्याण, कौशल विकास एवं स्वच्छता तथा 40 प्रतिशत अन्य प्राथमिकता क्षेत्र क्रमशः भौतिक अवसंरचना, सिचाई ऊर्जा व जल विभाजक विकास एवं खनन वाले जिला में पर्यावरणीय गुणवत्ता में वृद्धि करने हेतु कोई अन्य उपाय में उपयोग किया जायेगा। प्रस्तावित कार्यों को कराये जाने हेतु प्रस्ताव शासी परिषद् के समक्ष विचार-विमर्श हेतु रखा जाता है तथा शासी परिषद् द्वारा प्रस्तावित कार्यों को कराने अथवा न कराये के संबंध में निर्णय लिया जाता है।

## साकेत हॉस्पिटल में मौत से जुड़े मामले में बोर्ड बनाकर जांच के आदेश

**आगरा।** इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत से जुड़े मामले में सीजेएम अचल प्रताप सिंह ने सीएमओ आगरा को आदेश दिया है कि वे इस मामले की जांच के लिए एक बोर्ड का गठन करें और कोर्ट में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सीजेएम ने आगे की सुनवाई के लिए 18 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। यह मामला साकेत हॉस्पिटल के डॉक्टर और प्रबंधक से जुड़ा हुआ है, जिनके मृतक राधेश्याम की पत्नी श्रीमती रीना ने सीजेएम कोर्ट में एक प्रार्थना पत्र दायर कर लापरवाही जनित हत्या और अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। श्रीमती रीना के अनुसार उन्होंने अपने पति राधेश्याम को 6 जून 2024 को पेट में तेज दर्द की शिकायत के बाद साकेत हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। हॉस्पिटल में जांच के बाद डॉक्टरों ने किडनी में पथरी बताकर एक छोटा सा ऑपरेशन करने की सलाह दी। ऑपरेशन के बाद राधेश्याम को एम्बुलेंस में रखा गया और यह बताया गया कि उनके पति को दूसरे हॉस्पिटल में जांच के लिए ले जाया जा रहा है। उनके पति के मुंह, नाक और पैर से खून निकल रहा था। काफी देर तक जब कोई दूसरा ह ?स्पिटल नहीं आया तो पूछने पर एम्बुलेंस चालक ने श्रीमती रीना को बताया कि उनके पति की मौत हो चुकी है और उनके शव को गांव छोड़ने जा रहे हैं। प्रार्थना पत्र में श्रीमती रीना ने आरोप लगाया है कि हॉस्पिटल के डॉक्टर और प्रबंधक ने उनके पति की मौत के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा है कि हॉस्पिटल में उनके पति का इलाज ठीक से नहीं किया गया और उन्हें समय पर उचित चिकित्सा सुविधाएं नहीं प्रदान की गईं। इस मामले में सीजेएम ने सीएमओ आगरा से पूछा है कि क्या विपक्षियों द्वारा इलाज में जानबूझ कर लापरवाही तरीके से कार्य किया गया था। सीजेएम ने आदेश की प्रति पुलिस आयुक्त एवं सीएमओ को भी प्रेषित की है।

संक्षेप

## निवेशकों की पूंजी 12 लाख करोड़ घटी

नयी दिल्ली। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और तिमाही आय को लेकर चिंताओं के कारण बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 12 लाख करोड़ रुपये घट गई। साथ ही, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और डॉलर सूचकांक में मजबूती ने निवेशकों की निराशा को और बढ़ा दिया तीन दिनों में बीएसई सेंसेक्स 820.2 अंक यानी 1.04 प्रतिशत गिरा। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 241.30 अंक यानी 0.31 प्रतिशत गिरकर 77,378.91 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 95 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 23,431.50 पर आ गया। तीन दिनों की गिरावट से बीएसई-सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 12,07,314.99 करोड़ रुपये घटकर 4,29,67,835.05 करोड़ रुपये (पांच लाख करोड़ डॉलर) पर आ गया।

## निसान ने लॉन्च किया बोल्ड फॉर द ब्रेव रिपब्लिक बोनांजा

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया (एनएमआईपीएल) ने इस महीने गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी रक्षा बलों (भारतीय थल सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना), केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस बलों के जवानों के लिए अपनी बेस्टसेलिंग एसयूवी नई निसान मैग्नाइट की बुकिंग पर बोल्ड फॉर द ब्रेव रिपब्लिक बोनांजा की पेशकश की है। सीएसडी एएफडी पोर्टल के माध्यम से बुकिंग पर बोनांजा और सीएसडी के तहत टैक्स में छूट का लाभ लिया जा सकता है। निसान ने देशभर में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस बलों के लिए भी ऑफर की पेशकश की है। दिसंबर, 2020 में भारत में अपनी लॉन्चिंग के बाद से निसान मैग्नाइट अपने सेगमेंट में सबसे लोकप्रिय बी-एसयूवी बनी हुई है। इसने घरेलू एवं निर्यात बाजार में 1.5 लाख यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। यह उल्लेखनीय आंकड़ा भारतीय ऑटोमोटिव मार्केट में गेम-चेंजर के रूप में निसान मैग्नाइट की भूमिका की पुष्टि करता है। अक्टूबर, 2024 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से नई निसान मैग्नाइट ने भी 10,000 से ज्यादा बुकिंग का आंकड़ा छू लिया है।

## इंडस टावर्स ने मजबूत किया डिजिटल बुनियादी ढांचे को

नई दिल्ली। महाकुंभ 2025 को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए इंडस टावर्स, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार और जिला के साथ साझेदारी कर रहा है, जो महाकुंभ मेला 2025 के दौरान सभी तीर्थयात्रियों और प्रयागराज के लोगों के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करते है। हर छह साल में आयोजित होने वाला कुंभ मेला दुनिया भर से यात्रा करने वाले भक्तों का सबसे बड़ा मेला है और विश्व स्तरीय लोक प्रशासन का एक अनुकरणीय उदाहरण है। इंडस टावर्स प्रयागराज में 180 टावरों को तैनात करके निर्बाध संचार को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें शहर में दीर्घकालिक संपर्क प्रदान करने के उद्देश्य से 110 स्थायी टावर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, महाकुंभ मेला मैदान के भीतर महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 70 सेल ऑन व्हील्स टावर स्थापित किए जा रहे हैं। मजबूत और विश्वसनीय नेटवर्क कवरेज सुनिश्चित करते हुए पूरी परियोजना दिसंबर 2024 के अंत तक पूरी होने वाली है।

## ओरल हेल्थ अवेयरनेस ड्राइव की शुरुआत

लखनऊ। कोलगेट-पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड भारत में ओरल हेल्थ मूवमेंट की मदद से ओरल हेल्थ में सुधार ला रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को ओरल हैल्थ बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। कंपनी भारत में ओरल हैल्थकेयर की उपलब्धता और जागरुकता की कमी को पूरा करने के लिए टेक्नोलॉजी की मदद ले रही है। अपने इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए कोलगेट पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड ने इंडियन रेलवेज के साथ साझेदारी की है, जिसके अंतर्गत 10 जनवरी, 2025 को लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर एक एआई-पॉवर्ड डेंटल स्क्रीनिंग कियोस्क लगाया। इस पहल का उद्देश्य ओरल हैल्थ की जागरुकता बढ़ाना है। यह पहल मुफ्त डेंटल जांच और परामर्श प्रदान करके ओरल हेल्थ के प्रति जागरूकता और पहुंच बढ़ाने का लक्ष्य रखती है। प्लेटफॉर्म 1 पर स्थित कियोस्क पर 100 से अधिक लोगों ने दौरा किया, जिससे यह यात्रियों और आगंतुकों को जोड़ने की दिशा में एक सफल कदम साबित हुआ।

# सेंसेक्स में 241 अंकों की गिरावट



मुंबई। वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को गिरावट रही। निवेशकों के नए जोखिम से परहेज करने के कारण सेंसेक्स 241 अंक गिर गया जबकि निफ्टी 23,500 के स्तर से नीचे आ गया। विश्लेषकों के मुताबिक, आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंताएं बढ़ने और कंपनियों के तिमाही नतीजे सुस्त रहने के कारण कारोबारी धारणा कमजोर रही। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और डॉलर सूचकांक की मजबूती के अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी ने भी इसमें योगदान दिया।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 241.30 अंक यानी 0.31 प्रतिशत गिरकर 77,378.91 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 77,919.70 के ऊपरी और 77,099.55 के निचले स्तर तक भी गया। इस तरह दिन में 820.15 अंकों का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बीएसई पर कुल 3,167 शेयरों में गिरावट रही जबकि 827 शेयर चढ़े और 84 अन्य में कोई बदलाव नहीं हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 95 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 23,431.50 पर आ गया। इस तरह निफ्टी 23,500 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे बंद हुआ। इसके साथ ही कारोबारी सप्ताह का समापन गिरावट के साथ हुआ। इस कारोबारी सप्ताह में सेंसेक्स में कुल 1,844.2 अंक यानी 2.32 प्रतिशत जबकि निफ्टी में 573.25 अंक यानी 2.38 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने और डॉलर सूचकांक में मजबूती के कारण घरेलू बाजार की धारणा सुस्त रही। शुरुआती सकारात्मक नतीजों से आईटी क्षेत्र की मजबूती के संकेत दिखने के बावजूद ट्रंप की नीतियों और घरेलू बाजार के उच्च मूल्यांकन को लेकर अनिश्चितता होने से सूचकांकों में गिरावट आई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.02 प्रतिशत उछलकर 78.47 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इस बीच भारतीय बाजारों से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी का सिलसिला जारी है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने बृहस्पतिवार को 7,170.87 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। डॉलर की मजबूती के बीच रुपये के नए निचले स्तर पर आने के साथ बाजारों में गिरावट का रुख बरकरार रहा। छोटी कंपनियों के बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 2.40 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सूचकांक में 2.13 प्रतिशत की गिरावट रही।

# ईपीएस 95: न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये करने की मांग को लेकर पेंशनधारकों ने की वित्त मंत्री से मुलाकात

नयी दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की पेंशन योजना के दायरे में आने वाले पेंशनधारकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने महंगाई भत्ते के साथ न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये मासिक किये जाने समेत अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। ईपीएस 95 राष्ट्रीय आंदोलन समिति (एनएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने सीतारमण से मुलाकात की। बैठक के बाद राउत ने एक बयान में कहा कि वित्त मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि हमारी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। राउत के अनुसार, यह आश्वासन हमें उम्मीद देता है। सरकार को आगामी बजट में 7,500 रुपये न्यूनतम पेंशन और महंगाई भत्ता की घोषणा करनी चाहिए। इससे कम कुछ भी वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक जीवन देने में विफल होगा। वित्त मंत्री सीतारमण वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट एक फरवरी, 2025 को संसद में पेश करेंगी। पेंशनभोगी महंगाई भत्ते के साथ मूल पेंशन 7,500 रुपये मासिक करने, पेंशनभोगियों के पति या पत्नी को मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं देने समेत अन्य मांग कर रहे हैं। राउत ने मुलाकात से पहले यहां संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू), निजी संगठनों, और देशभर के कारखानों से जुड़े 78 लाख से अधिक पेंशनधारकों की दुर्दशा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पेंशनधारक सात-आठ साल से महंगाई भत्ता के साथ-साथ न्यूनतम पेंशन को 1,000 रुपये से बढ़ाकर 7,500 रुपये करने और पेंशनधारकों तथा उनके जीवनसाथी के लिए मुफ्त चिकित्सा उपचार की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ईपीएस (कर्मचारी पेंशन योजना), 95 के तहत आने वाले कर्मचारियों के मूल वेतन का 12 प्रतिशत हिस्सा भविष्य निधि में जाता है। वहीं नियोक्ता के 12 प्रतिशत हिस्से में से 8.33 प्रतिशत कर्मचारी पेंशन योजना में जाता है। इसके अलवा पेंशन कोष में सरकार भी 1.16 प्रतिशत का योगदान करती है।

# सोना 250 रुपये बढ़कर 80,550 रुपये पर, चांदी स्थिर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 250 रुपये बढ़कर 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने के बाद फुटकर विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत लिवाली के साथ सोने के दाम में तेजी आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

पिछले सत्र में सोने की कीमत 80,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, शुक्रवार को चांदी 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह 250 रुपये बढ़कर 80,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। बृहस्पतिवार को यह 79,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय बाजार में सोने की कीमतों में तेजी का कारण मजबूत विदेशी मांग भी है। इस बीच, शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे गिरकर पहली बार 86 प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। मजबूत अमेरिकी मुद्रा और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी निकासी का रुपये पर असर रहा। साप्ताहिक आधार पर सोने की कीमत 1,550 रुपये यानी दो प्रतिशत बढ़कर 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी 2.5 प्रतिशत बढ़कर 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

# जीएसटीआर-1 दाखिल करने की समयसीमा बढ़ी

नयी दिल्ली। करदाताओं द्वारा जीएसटीएन प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की सूचना दिए जाने के बाद सरकार ने शुक्रवार को मासिक जीएसटी बिक्री रिटर्न फॉर्म जीएसटीआर-। और जीएसटी भुगतान दाखिल करने की समय सीमा दो दिन बढ़ा दी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की अधिसूचना के अनुसार, दिसंबर के लिए जीएसटीआर-। दाखिल करने की अंतिम तिथि 13 जनवरी है।

जबकि अक्टूबर-दिसंबर अवधि के लिए क्यूआरएमपी (मासिक भुगतान के साथ तिमाही रिटर्न) योजना के तहत तिमाही भुगतान का विकल्प चुनने वाले करदाताओं के लिए यह तिथि 15 जनवरी होगी। आम तौर पर,




मासिक रिटर्न दाखिल करने वालों के लिए जीएसटीआर-। दाखिल करने की अंतिम तिथि 11 जनवरी है, जबकि तिमाही करदाताओं के लिए यह 13 जनवरी है। दिसंबर के लिए जीएसटीआर-3बी दाखिल करके जीएसटी भुगतान की समय सीमा मौजूदा 20 जनवरी से बढ़ाकर 22 जनवरी कर दी गई है। तिमाही आधार पर जीएसटी का भुगतान करने वाले करदाताओं के लिए देय तिथि को व्यवसाय के राज्य-वार पंजीकरण के आधार पर 24 जनवरी और 26 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। इससे पहले, दिन में ही माल एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) ने प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों पर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को एक रिपोर्ट भेजते हुए जीएसटी बिक्री रिटर्न या जीएसटीआर-। दाखिल करने की तारीख बढ़ाने का अनुरोध किया था। जीएसटीएन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल जीएसटी टेक के जरिये लिखा, जीएसटी पोर्टल में अभी तकनीकी समस्याएं आ रही हैं।

# अदाणी विल्मर के शेयर में 10 प्रतिशत की गिरावट

नयी दिल्ली। अदाणी विल्मर के शेयर में शुक्रवार को 10 प्रतिशत की गिरावट आई। समूह के अदाणी विल्मर की 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच 7,148 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा के बाद इसके शेयर टूटे।

बीएसई में शेयर 9.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 291.60 रुपये पर आ गया, जो इसकी निचली सीमा है। एनएसई में भी यह 10 प्रतिशत फिसलकर 291.10 रुपये की निचली सीमा पर पहुंच गया। इस बीच, बीएसई पर सूचीबद्ध अदाणी समूह की सभी 10 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 4.37 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी का 3.54 प्रतिशत, अदाणी पावर का 3.18 प्रतिशत और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 2.91 प्रतिशत लुढ़का। अदाणी समूह ने खुले बाजार में दैनिक उपयोग का रोजमर्रा का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनी अदाणी विल्मर की 20 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचकर 7,148 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की है। यह कदम समूह की बुनियादी ढांचा कारोबार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए गैर-प्रमुख कारोबार से बाहर निकलने की रणनीति का हिस्सा है। समूह ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि वह 10 जनवरी को और 13 जनवरी को 275 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर कंपनी में 17.54 करोड़ शेयर बेचेगा।

# खाद्य, पेय पदार्थ, समुद्री उत्पादों का निर्यात 100 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद: गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि अगले चार-पांच साल में खाद्य, पेय पदार्थ और समुद्री उत्पादों का निर्यात बढ़कर 100 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

इसका कारण वैश्विक बाजारों में इन वस्तुओं की भारी मांग है। ग्रेटर नोएडा में इंडसफूड 2025 प्रदर्शनी के दौरान खाद्य एवं पेय उद्योग के दिग्गजों के साथ बातचीत करते हुए मंत्री ने कंपनियों को गुणवत्ता, पोषण और पर्यावरण अनुकूल उपायों



पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया। गोयल ने कहा कि उम्मीद है कि अगले चार-पांच वर्षों में हमारे खाद्य, पेय, समुद्री उत्पादों और कृषि निर्यात में तीन अंकों यानी 100 अरब डॉलर का आंकड़ा देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह कोई महत्वाकांक्षी लक्ष्य नहीं है और निर्यात को इस स्तर तक ले जाने के लिए उद्योग को मिलकर काम करना चाहिए। उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सरकार देश में परीक्षण प्रयोगशालाओं का विस्तार करने पर विचार कर रही है।

# उभरते क्षेत्रों में अगुवा बनने की जरूरत: कांत

नयी दिल्ली। भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने शुक्रवार को कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र और 32,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए उभरते क्षेत्रों में दुनिया में अगुवा बनने की जरूरत है।

कांत ने यहां भारत जलवायु फोरम 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका, यूरोप और भारत ने विनिर्माण का हुनर खो दिया है और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर काफी प्रभाव पड़ेगा। मेरा मानना है कि भारत के उभरते क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बने बिना, हम 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाएंगे। हम कभी भी 32000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन पायेंगे। कांत ने बताया कि सौर पैनल विनिर्माण में भारतीय उद्योग पांच से सात वर्ष पीछे हैं। उन्होंने कहा कि भारत का उद्योग लगातार जीवाश्म ईंधन (पेट्रोल, डीजल) वाहनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, यदि आप इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के विनिर्माता नहीं बनते हैं। तो आप वैश्विक स्तर पर ईवी बाजार पर पकड़ खो देंगे। नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि यदि भारत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी की ओर बड़ा क्रांतिकारी बदलाव नहीं करता है। तो वह स्वच्छ प्रौद्योगिकी का एक बड़ा आयातक बना रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत उन कुछे देशों में से एक है, जो जलवायु के मामले में समृद्ध हैं। कांत ने कहा कि भारत का निजी ऋण सकल घरेल उत्पाद में बढ़ना चाहिए, क्योंकि यह अमेरिका, यूरोप और चीन की तुलना में कम है। उन्होंने लागत-प्रतिस्पर्धी स्वच्छ प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करने को लेकर भी अपने विचार रखे।

# आईएसडब्ल्यूएआई का 'नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव' अभियान शुरू

लखनऊ। इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर राज्य में 'नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव' अभियान शुरू किया है।

इस अवसर पर आईएसडब्ल्यूएआई के सीईओ संजीत पाधी ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश पुलिस और यूपी आबकारी विभाग के साथ इस महत्वपूर्ण अभियान में साझेदारी करने के लिए सम्मानित हैं। आईएसडब्ल्यूएआई में, हमारा विश्वास है कि लोगों को शराब के सेवन और जिम्मेदार व्यवहार के बारे में सही जानकारी दी जाए। हमारा 'नेवर ड्रिंक एंड ड्राइव' अभियान सड़क सुरक्षा पर जागरूकता बढ़ाने और कीमती जीवन बचाने के हमारे लक्ष्य के साथ मेल खाता है। आईएसडब्ल्यूएआई उपभोक्ताओं को शिक्षित करने के महत्व पर जोर देता है, यह बताते हुए कि जिम्मेदार उपभोग इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितना पीते हैं, न कि आप क्या पीते हैं। उत्तर प्रदेश में लोकलसर्कल्स (भारत के प्रमुख जनमत सर्वेक्षण और उपभोक्ता रुझान ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म) द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में, शराब के उपभोग के बारे में उपभोक्ता जागरूकता में एक महत्वपूर्ण कमी का खुलासा हुआ। इस पहल का उद्देश्य राज्य में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदार शराब सेवन की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।

# सेबी ने जुर्माने से छूट के लिए आवेदन प्रक्रिया तय की

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने जुर्माने का भुगतान न करने की स्थिति में होने वाली वसूली कार्यवाही पर ब्याज में छूट या कटौती की मांग से संबंधित प्रक्रिया शुक्रवार को जारी की। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि ब्याज में छूट या कटौती की मांग करने वाले आवेदक के अनुरोध को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 220(2ए) के तीन मानदंडों को पूरा करने वाले दस्तावेजों के साथ संबंधित वसूली अधिकारी के समक्ष पेश करना होगा।

## पेज एक का शेष

### कक्षा 8 तक

दिया है कि विद्यार्थियों को सर्दी से बचाने के लिए पर्याप्त प्रबंध करने की जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन की है। प्रत्येक कक्षा में तापमान सामान्य बनाये रखने के लिए हीटर का प्रयोग किया जाये। सर्दी से बचाव के लिए विद्यार्थियों के यूनिफार्म पहनने की बाध्यता को समाप्त किया जाये।

### संभल शाही

चल रहा है। याचिका के मुताबिक, खबरों से पता चला है कि कम से कम 32 पुराने अप्रयुक्त मंदिरों को बहाल किया गया है और 19 कुओं को सार्वजनिक उपयोग व प्रार्थना के लिए चिह्नित किया गया है। याचिका में कहा गया है, जिला प्रशासन द्वारा बहाल किए जाने वाले कुओं की सूची में मस्जिद परिसर में स्थित एक कुआं भी शामिल है। याचिका में संभल जिला मजिस्ट्रेट को मस्जिद के प्रवेश द्वार के पास स्थित निजी कुएं को लेकर यथास्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश देने तथा उच्चतम न्यायालय की अनुमति के बिना भविष्य में कोई भी कार्वाई न करने देने का अनुरोध किया गया था।

### राष्ट्र प्रथम की

हैं, कई चेहरे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कोई ऐसी चीज है, जिसे वह 10-20 साल पहले मानते थे, लेकिन अब नहीं, इसके जवाब में मोदी ने कहा कि वह एक ही विचारधारा में पले-बढ़े हैं और वह है राष्ट्र प्रथम। उन्होंने कहा अगर मेरा एक टैगलाइन है, तो वह है राष्ट्र प्रथम। यह मुझे विचारधारा के बंधनों में बांधता नहीं है, परंपराओं के बंधन में बांधता नहीं है। आगे ले जाने के लिए जो जरूरी होता है, मैं करता हूं। पुरानी चीज छोड़नी है, तो मैं छोड़ने के लिए तैयार हूं। नई चीज स्वीकार करने के लिए तैयार हूं। लेकिन मापदंड एक ही है, तराजू एक ही है और वह है राष्ट्र प्रथम। मैं तराजू नहीं बदलता हूं। निकट भविष्य में विधासभाओं और लोकसभा में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कई राज्यों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण के कारण महिलाएं पहले से ही स्थानीय निकायों में मौजूद हैं, लेकिन विधानसभाओं और संसद के लिए उन्हें खुद को तैयार करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनमें नेताओं वाले विशिष्ट गुण नहीं हैं और उनका ज्यादातर समय शासन पर खर्च होता है। उन्होंने कहा चुनावों के दौरान मुझे राजनीतिक भाषण देने पड़ते हैं। यह मेरी मजबूरी है। मुझे यह पसंद नहीं है, लेकिन फिर भी मुझे यह करना पड़ता है। मेरा सारा समय चुनाव के अलावा शासन में बीतता है। और जब मैं सत्ता में नहीं था, मेरा समय पूरी तरह से संगठन पर केंद्रित था। मानव संसाधन के विकास पर। मोदी ने कहा कि उन्होंने कभी भी खुद को कम्फर्ट जोन तक सीमित नहीं रखा और जोखिम उठाने की उनकी क्षमता का शायद ही कभी इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा, जोखिम लेने की मेरी क्षमता का अभी पूरी तरह उपयोग हुआ ही नहीं है, मैंने अपने विषय में कभी सोचा ही नहीं है, और जो अपने बारे में नहीं सोचता, उसके पास जोखिम लेने की क्षमता बेहिसाब होती है।

### 150 वर्षों के

उल्लेख समेत सभी तरह के दस्तावेज, चित्र, लिखित सामग्री और जानकारियों की अनुकृति यहां प्रदर्शित है। कला कुम्भ में सबसे अनूठी प्रदर्शनी है महाकुम्भ के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर आधारित दस्तावेजों की प्रदर्शनी। प्रदर्शनी के आठवें खंड में महाकुम्भ का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य नाम से प्रदर्शनी में 1866 से 1954 के कालखंड की प्रयागराज में आयोजित सभी कुम्भ से संबंधित प्रशासनिक अंतर्दृष्टि को सरकारी पत्रों, अभिलेखों और दस्तावेजों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इस खंड में रिपोर्ट, पत्र, प्रशासनिक आदेश आदि शामिल हैं। इस खंड में कुम्भ से जुड़ी पिछले 150 वर्षों की जानकारियों को प्रदर्शित किया गया है। प्रत्येक कुम्भ के अवसर पर अधिकारियों द्वारा उठाए गए व्यवस्थागत कदमों, बुनियादी ढांचों के सुधार, सुरक्षात्मक और आर्थिक उपायों पर प्रामाणिक दस्तावेजी जानकारी प्रदर्शित है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को सर्किट हाउस में महाकुम्भ के अवसर पर प्रसार भारती के एफएम चैनल कुम्भवाणी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने एफएम चैनल के सफल होने की आकांक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा विश्वास है कि यह एफएम चैनल न सिर्फ लोकप्रियता की नई ऊंचाई हासिल करेगा, बल्कि महाकुम्भ को दूरदराज के उन गांवों तक भी ले जाएगा जहां लोग चाहकर भी यहां नहीं पहुंच पाते हैं। उन लोगों तक इन सुविधाओं के माध्यम से हम महाकुम्भ की हर जानकारी पहुंचाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि दूर दराज में रहने वालों के लिए इस तरह का सजीव प्रसारण कर पाएंगे तो उनको भी सनातन गौरव के इस महासमागम को जानने, सुनने और आने वाली पीढ़ी को बताने का अवसर प्राप्त होगा।

### डिजिटल महाकुम्भ

समाप्त करके रामलला का विराजमान होना और 144 वर्षों बाद इस तरह के मुहूर्त में महाकुंभ का होना, ये ईश्वर की कृपा है। सीएम योगी ने कहा कि महाकुम्भ में पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों के साथ दक्षिण भारत के राज्यों से संतों का आगमन नहीं हो पाता था। वहीं इस बार महाकुंभ में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की तस्वीर देखने को मिलेगी। यहां हर जगह से संतों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी होगी। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी अगले 45 दिनों में प्रयागराज की त्रिवेणी में डुबकी लगाएगी। सीएम योगी ने विपक्ष के वार पर पलटवार करते हुए कहा कि हमने कभी नहीं कहा कि बीजेपी ने खुद को महाकुम्भ के आयोजन से जोड़ा है। इस आस्था को नई ऊंचाई देने से किसने रोका था। 2017 के पहले यही आयोजन गंदगी का पर्याय बनता था और अव्यवस्था होती थी। 2013 के महाकुंभ में क्या स्थिति थी। उन्होंने कहा कि मॉरिशस के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्नान करने आए थे और अव्यवस्था गंदगी देख आंखों से आंसू बहाकर दुखी मन से कहा था कि क्या यही गंगा है और वापस चले गये थे। सीएम योगी ने कहा कि मॉरिशस के लोगों ने मां गंगा की स्मृति को गंगा तालाब के जरिये संजोकर रखा है।

### बस-ट्रक की

यात्री विनोद कुमार (42) और दीपक (46) को काफी चोटें आईं। इन लोगों को कादीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बस चालक इरशाद खान की गंभीर हालत देखते हुए उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बाद में इलाज के दौरान चालक इरशाद ने दम तोड़ दिया।।

पुलिस क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम ने बताया कि बस परिचालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कानूनी कार्वाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

### यूपी के कई

हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी हिमालय में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। 11 और 12 जनवरी को उत्तर पश्चिमी और मध्य भारत में भी मध्यम बारिश हो सकती है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा में बारिश की संभावना है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि प्रदेश में शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ के असर से पुरवाई चलेगी और दो दिन विभिन्न जगहों पर हल्की से मध्यम बूंदाबांदी के संकेत हैं इसके बाद तापमान में फिर से उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। दक्षिण पश्चिम ईरान के इलाके में बने चक्रवातीय परिसंचरण की वजह से पश्चिमी विक्षोभ भी ऐक्टिव हो रहा है। इसकी वजह से हिमालयी इलाकों में बर्फबारी बढ़ सकती है। जनवरी के महीने में औसत से कम बारिश हुई है। हिमाचल प्रदेश में 89, पंजाब में 90 और हरियाणा में 92 फीसदी कम बारिश अब तक दर्ज की गई है। बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, फतेहपुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि यूपी समेत दिल्ली-एनसीआर में कई जगहों पर शनिवार और रविवार को बारिश देखने को मिल सकती है। इसका कारण पश्चिमी विक्षोभ है। आईएमडी के मुताबिक अफगानिस्तान के पास वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के सक्रिय होने से पंजाब और राजस्थान में भी कुछ जगहों पर इसका असर देखने को मिल सकता है।

### दिल्ली : कोहरे

की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 408 रहा, जो गंभीर श्रेणी में आता है। मौसम वैज्ञानिकों ने दिन में बहुत घना कोहरा रहने तथा अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान व्यक्त किया है। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

### निकाय चुनाव

इंजन सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड आज विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है। इसके साथ ही बेरोजगारी के समाधान से संबंधित सरकार के कदमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बेरोजगारी को समाप्त करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिससे सरकारी पदों को भरा जा रहा है और निजी क्षेत्र में भी रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं।

### महाकुम्भ में

प्रोत्साहित किया जा सके, जबकि अपशिष्ट संग्रह और निपटान को सुव्यवस्थित करने के भी उपाय किये गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आयोजन क्षेत्र स्वच्छ रहे। बयान के अनुसार, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने और पूरे आयोजन के दौरान गंगा नदी की पवित्रता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, इस कार्यक्रम से लाखों श्रद्धालुओं को प्रेरणा मिलने और पर्यावरण संरक्षण के बारे में सामाजिक जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है। सरकार ने 2015 में एनएमसीजी या नमामि गंगे को एक व्यापक कार्यक्रम के रूप में शुरू किया था, जिसका उद्देश्य गंगा नदी की सफाई के लिए पूर्व और मौजूदा परियोजनाओं तथा नई पहल को एकीकृत करना था। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ का आयोजन होना है।

### आरती संग्रह

यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि इस महायज्ञ में प्रतिष्ठित संस्था गीता प्रेस के सहयोग से हम कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को आरती संग्रह की एक करोड़ प्रतियां निःशुल्क प्रदान कर रहे हैं।

### लिफ्ट में फंसकर

हुआ था। उसे आवाज दी लेकिन कोई हरकत नहीं कर रहा था। तत्काल इसकी सूचना पुलिस और फायर कंट्रोल रूम को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन कर्मचारियों ने लिफ्ट में फंसे शरद को निकालने का प्रयास शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे के प्रयास के बाद शरद को बाहर निकाला गया। उसे लोकबंधु अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




# भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को छह विकेट से हराया

## भारतीय महिला टीम की युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल और तेजल के अर्धशतकों की मदद से मिली जीत

राजकोट। भारतीय महिला टीम ने युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (89 रन) और तेजल हसाबनिस (नाबाद 53 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां शुरूआती महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कम अनुभवी आयरलैंड को 93 गेंद रहते छह विकेट से शिकस्त देकर श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच रहीं प्रतिका ने अपने अनुभव से अधिक परिपक्व खेल दिखाया जबकि तेजल ने यादगार वापसी करते हुए पचासा जड़ा। तेजल ने अंतिम वनडे अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। प्रतिका और तेजल ने 84 गेंद में 116 रन की भागीदारी की जो जीत में अहम साबित हुई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए कप्तान स्मृति मंधाना (41 रन, 29 गेंद, छह चौके, एक छक्का) और प्रतिका ने अच्छी शुरूआत की। प्रतिका की 10 चौके और एक छक्के जड़ित 96 गेंद की पारी और अंत में तेजल की 46 गेंद (नौ चौके) की नाबाद पारी से भारत ने 34.3 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर आराम से जीत हासिल कर ली। मंधाना ने वेस्टइंडीज श्रृंखला की शानदार फॉर्म जारी रखते हुए तेजी से रन जुटाये। इस दौरान वह वनडे में 4,000 रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय और कुल 15वीं खिलाड़ी बन गईं। मंधाना ने आयरलैंड की गेंदबाजों के खिलाफ विकेट के दोनों ओर शॉट लगाये और वेस्टइंडीज श्रृंखला में पदार्पण करने वाली प्रतिका ने उनका अच्छा साथ निभाया। दोनों ने चार मैच में पारी का आगाज करते हुए तीसरी अर्धशतकीय साझेदारी की। हालांकि आयरलैंड ने पावरप्ले के अंत में मंधाना को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। मंधाना मिड ऑन पर स्लॉग स्वीप को टाइम नहीं कर सकीं और अपने अर्धशतक से नौ रन से चूक गईं। हरलीन देओल (20) और जेमिमा रोड्रिग्स (09) शुरू में अच्छी फॉर्म में लग रही थीं लेकिन आयरलैंड की बायें हाथ की स्पिनर ऐमी मैगुएरे का शिकार हो गईं। इस तरह भारत ने 46 रन में तीन विकेट गंवा दिये। लेकिन मंधाना की आक्रामक पारी से टीम अच्छी स्थिति में बनी रहीं। आयरलैंड की 18 साल की मैगुएरे ने आठ ओवर में 57 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किये। लेकिन आयरलैंड का कम अनुभव उनके लिए नुकसानदायक रहा क्योंकि टीम ने अतिरिक्त से 21 रन गंवाये। लौरा डेलाने उनकी गेंदबाजी इकाई की कमजोर कड़ी रहीं जिन्होंने 24वें ओवर में लगातार दो नो बॉल फेंकी और तेजल ने इन दो मौकों पर लगातार चौके जड़े। इससे पहले आयरलैंड ने भारतीय टीम के लचर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए कप्तान गैबी लुईस की 92 रन की शानदार पारी और उनकी लियाह पॉल (59 रन) के साथ 117 रन की साझेदारी से सात विकेट पर 238 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड की टीम 14वें ओवर में 56 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में थी लेकिन लुईस (129 गेंद, 15 चौके) और लियाह के बीच पांचवें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की मदद से टीम अच्छा स्कोर बनाने में कामयाब रही। तीन कैच छूटने और कुछ बेकार क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए लुईस और लियाह की जोड़ी ने भारत के खिलाफ टीम की पहली शतकीय साझेदारी बनाई। भारत की मध्यम तेज गेंदबाज टिटास साधु ने पहली सफलता हासिल की, जब उन्होंने सारा फोर्ब्स (09) को स्लिप कॉर्डन में दीप्ति शर्मा के हाथों कैच आउट कराया। भारत का पहला दौरा कर रही आयरलैंड की टीम उना रेमंड होई (05) के रन आउट होने के बाद 34 रन तक दो विकेट गंवा चुकी थी। ओर्ला प्रेंडरगास्ट (09) आउट होने वाली अगली खिलाड़ी रही जिन्हें विकेटीपर ऋचा घोष ने लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा की गेंद पर स्टंप आउट किया और 14वें ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 56 रन हो गया। इसके बाद प्रिया ने अगली ही गेंद पर खूबसूरत गुगली से लौरा डेलानी को आउट किया और इसी स्कोर पर उसका चौथा विकेट गिर गया। मेहमान टीम को एक अच्छी साझेदारी की दरकार थी और लियाह के क्रीज पर उतरते ही उसकी उम्मीद पूरी हुई। दोनों ने शतकीय साझेदारी निभाई। पर लुईस की पारी दीप्ति ने समाप्त की। इस गेंदबाज ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच लपका। आउट होने से पहले लुईस हाथ की मांसपेशियों में खिंचाव से परेशान थीं। आर्लेन केली ने फिर 25 गेंद में 28 रन की उपयोगी पारी खेली। इससे पहले भारत ने आल राउंडर सयाली सतघरे का वनडे पदार्पण कराया। मेजबान टीम ने नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर और तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर को तीन मैच की श्रृंखला में आराम दिया है जिससे सीनियर सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना टीम की अगुआई कर रही हैं।



# अमेरिकी पत्रिका ने नीरज को 2024 का सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी करार दिया



नयी दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका ट्रैक एंड फील्ड न्यूज ने 2024 में भाला फेंक में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट करार दिया है।

पिछले साल ओलंपिक खेलों में पाकिस्तान के अरशद नदीम के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा ने कैलिफोर्निया स्थित पत्रिका की 2024 की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ा। नदीम इस सूची में पांचवें स्थान पर हैं क्योंकि उन्होंने ओलंपिक के अलावा केवल एक अन्य प्रतियोगिता पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा लिया था जिसे वह चौथे स्थान पर रहे थे। पेरिस ओलंपिक में उन्होंने 92.97 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था जबकि चोपड़ा ने 89.45 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया था। यह पत्रिका 1948 से प्रकाशित हो रही है और खुद को खेलों की बाइबल मानती है। वह हर साल विश्व और अमेरिकी रैंकिंग प्रकाशित करती है। चोपड़ा 2023 की पुरुषों की भाला फेंक रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान पर थे। चोपड़ा ने वर्ष 2024 में कोई डायमंड लीग प्रतियोगिता नहीं जीती तथा वह दोहा, लॉज़ेन और ब्रुसेल्स में दूसरे स्थान पर रहे। पिछले साल उनकी एकमात्र बड़ी जीत फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी खेलों में थी। पत्रिका ने लिखा, वर्तमान में रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज नीरज चोपड़ा और 2022 के विजेता एंडरसन पीटर्स के बीच शीर्ष स्थान के लिए स्थिति स्पष्ट नहीं थी। चोपड़ा ने कोई डायमंड लीग नहीं जीती थी लेकिन पेरिस ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करने के कारण वह पीटर्स से 3-2 से आगे रहे। पीटर्स पेरिस ओलंपिक में नदीम और चोपड़ा के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने 2024 में लॉज़ेन, ज्यूरिख और ब्रुसेल्स में तीन डायमंड लीग प्रतियोगिताएं जीती थी।

## संक्षेप

### एमआई केप टाउन ने दो बार के चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को हराया

गकेबरहा (दक्षिण अफ्रीका)। डेवाल्ड ब्रेविस के आक्रामक अर्धशतक और डेलानो पोटगिएटर के ऑलराउंड खेल के दम पर एमआई केप टाउन ने दो बार के चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को अपने शुरुआती मैच में 97 रन से करारी शिकस्त देकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने अभियान का शानदार आगाज किया। एमआई केप टाउन इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकता था। ब्रेविस ने 29 गेंद पर दो चौकों और छह छक्कों की मदद से 57 रन बनाए जबकि पोटगिएटर ने 12 गेंद में नाबाद 25 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया जिससे एमआई केप टाउन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 174 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में गत चैंपियन सनराइजर्स की टीम 15 ओवर में 77 रन पर आउट हो गई। पोटगिएटर ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया तथा तीन ओवर में 10 रन देकर पांच विकेट लिए। उनके अलावा तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने दो विकेट हासिल किए। सनराइजर्स के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें कप्तान एडेन मार्कम ने सर्वाधिक 19 रन बनाए।

### मुश्ताक मोहम्मद, इंजमाम मिस्बाह, सईद अनवर पीसीबी हॉल ऑफ फेम में शामिल

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वर्ष 2024 के लिए चार पूर्व कप्तानों को अपने हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है जिनमें मुश्ताक मोहम्मद, इंजमाम-उल-हक, मिस्बाह-उल-हक और सईद अनवर शामिल हैं। मुश्ताक ने 1970 के दशक में पाकिस्तान का नेतृत्व किया था। उस जमाने के कई दिग्गज खिलाड़ी जैसे इमरान खान, सरफराज नवाज, आसिफ इकबाल, माजिद खान, जहीर अब्बास और वसीम बारी उनकी कप्तानी में खेले थे। इंजमाम और मिस्बाह 2004 और 2017 के बीच लंबे समय तक पाकिस्तान के कप्तान रहे। इस दौरान मोहम्मद यूसुफ, शोएब मलिक और यूनिस खान भी कुछ समय के लिए कप्तान रहे। बाएं हाथ के धाकड़ सलामी बल्लेबाज अनवर ने कुछ टेस्ट और वनडे मैचों में पाकिस्तान की कप्तानी की।

### रियाल मैड्रिड और बार्सिलोना में होगा खिताबी मुकाबला

जेद्दा (सऊदी अरब)। जूड बेलिंगहैम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक बार फिर गोल करके रियाल मैड्रिड को मैलोर्का पर 3-0 से जीत दिलाकर स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचाया जहां उसका सामना चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना से होगा। इंग्लैंड के मिडफील्डर बेलिंगहैम ने रियाल मैड्रिड की तरफ से स्पेनिश लीग के पिछले आठ मैच में सात गोल किए हैं। उन्होंने सऊदी अरब में खेले जा रहे सुपर कप के सेमीफ़ाइनल के 63वें मिनट में एक और गोल किया।

# वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल होंगे मुंबई के दिग्गज खिलाड़ी





मुंबई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर 19 जनवरी को आयोजित भव्य समारोह में सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर और रोहित शर्मा सहित कई महान क्रिकेटर शामिल होंगे।

यह समारोह 12 जनवरी से शुरू होगा। इस मौके पर पूर्व कप्तान रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, दिलीप वेंगसरकर, सूर्यकुमार यादव और डायना एडुल्जी के शामिल होने की उम्मीद है। मुख्य समारोह में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मुंबई के दिग्गज पुरुष और महिला खिलाड़ी भी शामिल होंगे। एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने एक विज्ञप्ति में कहा, हम प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, मैं सभी क्रिकेट प्रशंसकों को इस महत्वपूर्ण मौके का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता हूं। हमारे महान नायक इस समारोह में हमारे साथ शामिल होंगे और साथ मिलकर हम वानखेड़े स्टेडियम की समृद्ध विरासत का जश्न मनायेंगे जो मुंबई का गौरव है। एमसीए 19 जनवरी को एक कॉफी टेबल बुक जारी करेगा जबकि एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा। एमसीए इस मौके पर मैदानकर्मियों के अलावा मुंबई टीम के उन सदस्यों को भी सम्मानित करेगा जिन्होंने 1974 में वानखेड़े स्टेडियम में पहला प्रथम श्रेणी मैच खेला था।



# अर्जुन पुरस्कार से साजन प्रकाश का हौसला बुलंद, इसे तैराकी की जीत बताया



नयी दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने और प्रायोजक के हट जाने के कारण भारत के शीर्ष तैराकों में से एक साजन प्रकाश बेहद निराश थे।

लेकिन पिछले सप्ताह अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित होने के बाद जैसे 31 वर्षीय प्रकाश की की उम्मीदों को नए पंख लग गए और उनकी तरणताल में वापसी की भावना फिर से जागृत हो गई। उन्होंने इस पुरस्कार को तैराकी की जीत बताया। वह पिछले पांच वर्षों से इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर रहे थे। प्रकाश ने पीटीआई से कहा, कई वर्षों के बाद तैराकी (सक्षम खिलाड़ियों के लिए) को कोई अर्जुन पुरस्कार मिला है। इसलिए यह एक तरह से इस खेल की जीत है। तैराकी में पिछले 12 वर्ष में किसी को अर्जुन पुरस्कार नहीं मिला था इसलिए यह अच्छी बात है कि इस खेल को मान्यता मिल रही है। संदीप सेजवाल 2012 में अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाले आखिरी सक्षम तैराक थे। उसके बाद, केवल पैरा-तैराकों को सम्मान के लिए चुना गया है। प्रकाश 2021 में तोक्यो ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने वाले भारत के पहले तैराक बने थे। इसके बाद हालांकि उन्हें शारीरिक और मानसिक थकावट का सामना करना पड़ा था।

पिछले छह महीनों में अपने संघर्षों को याद करते हुए उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह से थक चुका था। मैं मानसिक रूप से काफी थका हुआ महसूस कर रहा था और मुझे लगा कि अब बस विराम देने की जरूरत है। अपने करियर में मैंने पहली बार ब्रेक लिया। प्रकाश अगर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर जाते तो यह उनका लगातार तीसरा ओलंपिक होता। ओलंपिक में जगह नहीं बनाने के बाद उनके प्रायोजक ने उनका साथ छोड़ दिया था। प्रकाश ने इसके बाद ब्रेक ले लिया था। प्रकाश ने इस दौरान लंबे समय से उन्हें परेशान कर रही गर्दन की समस्या के लिए आयुर्वेदिक उपचार लिया। इस समस्या के कारण एक बार वह अपने बाएं हाथ को हिलाने में असमर्थ हो गए थे। उन्होंने कहा, मेरा इलाज चल रहा था। मैं एक आयुर्वेदिक अस्पताल गया। यह एक अच्छी विश्राम, कायाकल्प प्रक्रिया थी। मैंने पीआरपी (प्लेटलेट-रिच प्लाज़्मा थेरेपी) भी ली। प्रायोजक के हट जाने के बाद प्रकाश ने कोचिंग का सहारा लिया और वह स्पेन में एक कार्यशाला का हिस्सा बने जहां उन्होंने युवा खिलाड़ियों को इस खेल के गुर सिखाए। प्रकाश ने अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में कहा, मैंने अभी-अभी फिर से तैरना शुरू किया है। मेरा वजन कुछ बढ़ गया है। मैं अभी समय पर ध्यान नहीं देना चाहता। मैं पहले स्वस्थ रहना चाहता हूं और फिर धीरे-धीरे उसमें सुधार करना चाहता हूं। फिलहाल उनका दीर्घकालिक लक्ष्य 2026 में होने वाले एशियाई खेल हैं। विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करना भी उनका लक्ष्य है।

# गेंदबाज वरूण आरोन का क्रिकेट से संन्यास

नयी दिल्ली। एक समय भारत के सबसे तेज गेंदबाज रहे वरूण आरोन ने चोटों से कैरियर प्रभावित रहने के बाद शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया जब उनकी टीम झारखंड का विजय हजारे ट्रॉफी में अभियान समाप्त हो गया। पैतीस वर्ष के आरोन ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। झारखंड की टीम विजय हजारे ट्रॉफी के प्रारंभिक दौर से आगे नहीं जा सकी। आरोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पिछले 20 साल से मैं तेज गेंदबाजी को समर्पित रहा हूं। आज पूरी कृतज्ञता के साथ मैं आधिकारिक तौर पर क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। आरोन ने 21 वर्ष की उम्र में 2010-11 विजय हजारे ट्रॉफी में अपना हुनर दिखाया था और गुजरात के खिलाफ फाइनल में 153 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी की थी। लगातार 150 की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले आरोन ने इंग्लैंड के खिलाफ 2011 में मुंबई में वनडे में पदार्पण किया। इसके बाद 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। लेकिन लगातार चोटों से प्रभावित रहने के बाद 2015 के बाद भारत के लिये नहीं खेल सके। उन्होंने भारत के लिये नौ टेस्ट और नौ वनडे खेले। उन्होंने पिछले साल लाल गेंद के क्रिकेट से विदा ले ली थी। अपने कैरियर के दौरान उन्हें कमर में आठ और पैर में तीन फ्रेक्चर हुए।

# युवराज का करियर जल्दी समाप्त करने के लिए कोहली जिम्मेदार : उथप्पा



नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कैंसर को मात देकर टीम में वापसी करने वाले युवराज सिंह के अंतरराष्ट्रीय करियर को जल्दी समाप्त करने के लिए परोक्ष रूप से विराट कोहली को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि इस तेजतर्रार ऑलराउंडर की फिटनेस में कुछ रियायत देने के आग्रह को तत्कालीन भारतीय कप्तान ने नामंजूर कर दिया था। सफेद गेंद वाले क्रिकेट में भारत के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक युवराज ने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टीम को टी20 और वनडे विश्व कप में खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वनडे विश्व कप 2011 की खिताबी जीत के बाद उन्हें कैंसर का पता चला जिसका उन्होंने अमेरिका में इलाज कराया।

युवराज ने कैंसर से उबरकर भारतीय टीम में वापसी की और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मैच में शतक भी लगाया लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी 2017 में लचर प्रदर्शन करने के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया और फिर उन्होंने 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उथप्पा ने लल्लनटॉप से कहा, युवी पा (युवराज सिंह) का उदाहरण लें। उस व्यक्ति ने कैंसर को हरा दिया और वह अंतरराष्ट्रीय टीम में वापस आने की कोशिश कर रहा था। उस व्यक्ति ने हमें दो बार विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि जब आप कप्तान बनते हैं तब ऐसे खिलाड़ी के लिए कहते हैं कि उसके फेफड़ों की क्षमता कम हो गई है जबकि आपने उस खिलाड़ी को संघर्ष करते हुए देखा है।

मुझे किसी ने इस बारे में नहीं बताया लेकिन मैं चीजों का आकलन करता हूं। उथप्पा ने कहा कि आपने उन्हें संघर्ष करते हुए देखा है, फिर जब आप कप्तान बनते हैं तो फिर आप कुछ मानक तय करके उनका स्तर बनाए रखना चाहते हैं। लेकिन हर मामले में कुछ अपवाद होते हैं और यहां उस व्यक्ति की बात हो रही है जो अपवाद होने का हकदार था। उस व्यक्ति ने केवल आपके लिए टूर्नामेंट जीते हैं बल्कि कैंसर को भी हराया है। उथप्पा ने खुलासा किया कि युवराज ने फिटनेस टेस्ट में अंक कटौती की मांग की थी लेकिन टीम प्रबंधन ने उन्हें कोई रियायत देने से इनकार कर दिया। हालांकि इससे पहले उन्होंने टीम में शामिल होने के लिए फिटनेस टेस्ट पास किया था। उन्होंने कहा कि जब युवी ने दो अंक की कटौती के लिए अनुरोध किया, तो उन्हें यह नहीं मिला। वह फिटनेस टेस्ट पास करके टीम में आए थे लेकिन एक टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया और फिर उनकी तरफ कभी गौर नहीं किया गया। विराट तब कप्तान थे जो कुछ हुआ उनके अनुसार हुआ।

# हर मैच में शतक जड़ सकते हैं पंतः अश्विन



नयी दिल्ली। दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि अगर ऋषभ पंत अपने आक्रामक और रक्षात्मक खेल के बीच संतुलन बनाने में सफल रहते हैं तो वह प्रत्येक मैच में शतक बना सकते हैं।

अकेले दम पर मैच का रुख पलटने की पंत की क्षमता की सराहना करते हुए अश्विन ने कहा कि उनके कई शॉट बहुत जोखिम वाले होते हैं जिसके कारण वह अपनी क्षमता का सही आकलन नहीं कर पाते हैं। पंत ने हाल ही में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें मैच की पहली पारी में अपने रक्षात्मक खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए 40 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में उन्होंने भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि हमें उसे ठीक से बताना होगा कि अगर उसे ठोस बल्लेबाजी करनी है या किसी इरादे के साथ बल्लेबाजी करनी है तो उसे क्या करना है। उसने बहुत सारे रन नहीं बनाए हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि उसने रन नहीं बनाए हों। उसके पास अभी बहुत समय है। उन्होंने कहा कि ऋषभ पंत को अभी तक भी अपनी पूरी क्षमता का अहसास नहीं हुआ है। उसके पास सभी तरह के शॉट हैं - रिवर्स स्वीप, स्लॉग स्वीप, सब कुछ - लेकिन समस्या यह है कि ये सभी शॉट बहुत जोखिम वाले हैं। अगर वह अपने रक्षात्मक खेल पर भी ध्यान दे और 200 गेंद का सामना करें तो वह हर मैच में बड़ा स्कोर बना सकता है। हाल ही में संन्यास लेने वाले अश्विन ने कहा, मुख्य मसला संतुलन बनाने का है। अगर वह ऐसा करने में सफल रहता है तो फिर प्रत्येक मैच में शतक बना सकता है। उसे बीच का रास्ता ढूंढना होगा। पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट की पहली पारी में 98 गेंदों में 40 रन और उसके बाद दूसरी पारी में 33 गेंदों में 61 रन बनाए। अश्विन ने कहा कि पंत ने सिडनी टेस्ट में विपरीत अंदाज वाली दो पारियां खेली। उन्होंने पहली पारी में रक्षात्मक बल्लेबाजी करते हुए 40 रन बनाए जिसकी कोई चर्चा नहीं हुई। यह सही नहीं है। इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि दूसरी पारी में, उन्होंने जोरदार अर्धशतक बनाया, जिससे उन्हें काफी प्रशंसा मिली। हर कोई उस पहली पारी को भूल गया और दूसरी पारी के लिए उनकी प्रशंसा की। पंत की रक्षात्मक तकनीक के बारे में बात करते हुए अश्विन ने कहा, हमें इस पर गौर करना चाहिए कि ऋषभ पंत शायद ही कभी रक्षात्मक बल्लेबाजी करते हुए आउट हुआ हो। उसके पास विश्व क्रिकेट की सबसे अच्छी रक्षात्मक तकनीक में से एक है। मैंने उसे नेट्स पर काफी गेंदबाजी की है, वह आउट नहीं हुआ। गेंद उसके बल्ले का किनारा लेकर नहीं जाती। वह एलबीडब्ल्यू नहीं होता।

# पीसीबी ने चैम्पियंस ट्रॉफी देश के बाहर होने की अटकलों को खारिज किया

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इन अटकलों को खारिज किया है कि तीन स्टेडियमों में मरम्मत कार्य में विलंब के कारण 19 फरवरी से शुरू हो रही आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी दूसरे देश में आयोजित की जायेगी। पाकिस्तान में चैम्पियंस ट्रॉफी के मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम, रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम और कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में होने हैं जबकि भारत के मैच दुबई में होंगे। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा कि आईसीसी दल की मौजूदगी इसकी पुष्टि करती है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही खेला जायेगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने करीब 12 अरब रूपये स्टेडियमों के नवीनीकरण पर खर्च किये हैं। हमने स्टेडियम में चल रहे काम के बारे में पहले बयान इसलिये जारी किया क्योंकि मीडिया तथ्यों की जांच किये बिना अफवाह फैला रहा था।

# अमृत भारत ट्रेन में 12 बड़े सुधार

## अगले दो साल में आईसीएफ में बनायी जायेंगी 50 अमृत भारत रेलगाड़ियांः अश्विनी वैष्णव

चेन्नई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि रेल मंत्रालय ने अमृत भारत ट्रेन के द्वितीय संस्करण में 12 बड़े सुधार किए हैं और अगले दो वर्ष में इंटिग्रल कोच फैक्टरी (आईसीएफ) में ऐसी 50 ऐसी रेलगाड़ियां बनाई जाएंगी।

उन्होंने यहां आईसीएफ के महाप्रबंधक यू सुब्बा राव के साथ फैक्टरी का निरीक्षण करने के बाद कहा कि तमिलनाडु सरकार को लोगों की सेवा को राजनीति से ऊपर रखना चाहिए तथा केंद्र और उनका मंत्रालय लोगों के कल्याण की खातिर कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यहां आईसीएफ में संवाददाताओं से कहा, (यहां) अमृत भारत के दूसरे संस्करण (की रेलगाड़ियों का निर्माण होते) देखकर बहुत खुशी हुई। जैसा कि आप याद कर सकते हैं, अमृत भारत के पहले संस्करण की जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरुआत की गयी थी। पिछले एक साल के अनुभव के आधार पर, अमृत भारत के दूसरे संस्करण में कई सुधार किए गए हैं। अमृत भारत रेलगाड़ियों में सुधारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पूरी रेलगाड़ी में 12 बड़े सुधार किए गए हैं। अर्धस्वचालित कपलेट, मॉड्यूलर शौचालय, चेयरपिलर और पार्टिशन, इमरजेंसी टॉक बैक फीचर, इमरजेंसी ब्रेक सिस्टम, वंदे भारत ट्रेन की तरह निरंतर प्रकाश प्रणाली, नए डिजाइन की सीट और बर्थ में सुधार किया गया है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत के दूसरे संस्करण की



रेलगाड़ियों में नये डिजायन के साथ पूर्ण पैंट्री कार (रसोईयान) बनायी गयी है। वैष्णव ने कहा कि इन रेलगाड़ियों के निर्माण में निम्न आय और निम्न मध्य आय वर्ग के परिवारों को ध्यान में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दो वर्षों में (इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में) अमृत भारत के द्वितीय संस्करण की 50 ऐसी रेलगाड़ियां बनाई जाएंगी। इससे लंबी दूरी तक यात्रा करने वाले लोगों को सस्ती सेवा और उच्च गुणवत्ता वाला यात्रा अनुभव मिल सकेगा। बाद में पीटीआई-वीडियो से बातचीत करते हुए रेलमंत्री ने कहा कि अमृत भारत रेलगाड़ियों का डिजायन निर्धनतम लोगों को भी आरामदेह सफर की सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत को वंदे (भारत) स्लीपर और अमृत भारत के पहले संस्करण के अनुभव के आधार पर डिज़ाइन किया गया है। सामान्य कोच में आरामदायक सीट, चार्जिंग पॉइंट, मोबाइल फोन और पानी की बोतल रखने की जगह और भी बहुत कुछ है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अपना सहयोग देना चाहिए क्योंकि मंत्रालय को भूमि आवंटन एक बड़ा मुद्दा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें भूमि अधिग्रहण में राज्य सरकार से सहयोग की आवश्यकता है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों की सुविधाएं राजनीति से ऊपर हों और हमें पहले लोगों के कल्याण को देखना चाहिए। मैंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री (एम के स्टालिन) से हमारा समर्थन करने का अनुरोध किया है। तमिलनाडु के लोग बेहतर सुविधाएं चाहते हैं तथा भारत सरकार एवं प्रधानमंत्री वे सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अगर हम मिलकर (केंद्र और राज्य सरकार मिलकर) काम करें, तो हम लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कर सकते हैं।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन को बहुत सफल बताया

भुवनेश्वर। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां आयोजित तीन दिवसीय 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन को शुक्रवार को बहुत सफल बताया। जयशंकर आठ जनवरी को सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने यहां पहुंचे थे। उन्होंने कहा, प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन बहुत बेहतर ढंग से हो रहा है। कुछ ही देर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होने के लिए आएंगी। मेरा मानना है कि यह एक बहुत सफल कार्यक्रम रहा है।

मंत्री ने सम्मेलन के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि बृहस्पतिवार की प्रस्तुति ने भारत और उसके प्रवासी समुदाय के बीच संबंधों को खूबसूरती से पेश किया। उन्होंने कहा कि सभी ने बृहस्पतिवार का सांस्कृतिक कार्यक्रम देखा होगा,



जिसमें भारत और उसके प्रवासी समुदाय के बीच संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया गया। जयशंकर ने इस कार्यक्रम के दौरान मैसाचुसेट्स प्रौद्योगिकी संस्थान (एमआईटी) और हार्वर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज प्रवासी भारतीय दिवस 2025 के मौके पर भारत की यात्रा पर आए हार्वर्ड और एमआईटी के शोध छात्रों से मिलकर प्रसन्नता हुई। उनसे भारत में हो रहे परिवर्तन, हमारी विदेश नीति के विकल्पों, प्रवासियों और हमारी वैश्विक छवि के बारे में बात की। भारत में महिला सशक्तीकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, जयशंकर ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करिधाल श्रीवास्तव और अन्य प्रवासी सदस्यों के योगदान की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रवासी भारतीयों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को प्रवासी भारतीय दिवस-2025 का उद्घाटन किया था जबकि राष्ट्रपति मुर्मू शुक्रवार को समापन सत्र को संबोधित करेंगी और 27 लोगों को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान करेंगी।

**संक्षेप**

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर मवेशी तस्करों ने बीएसएफ जवानों पर हमला किया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बृहस्पतिवार रात बांग्लादेश के मवेशी तस्करों ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों पर हमला किया। अर्द्धसैनिक बल की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। जवानों ने आत्मरक्षा के तौर पर जवाबी कार्वाई करते हुए तस्करी के प्रयास को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया और 10 सांड़ बरामद किए। बीएसएफ कर्मियों ने खुटादाह सीमा चौकी (बीओपी) पर तस्करों को मवेशियों के साथ भारतीय सीमा की बाड़ के पास आते देखा। इस दौरान वह तस्कर बांग्लादेश की ओर से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके भारत में घुस आए। बीएसएफ जवानों द्वारा उन्हें रुकने के लिए जो चेतावनी दी गयी, तस्करों ने उसे नजरअंदाज कर दिया। वह आक्रामक तरीके से आगे बढ़े और धारदार भालों का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने सीमा की बाड़ को काटने की कोशिश की। इसके जवाब में बीएसएफ के एक जवान ने चेतावनी के तौर पर एक खाली गोली चलाई। बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की ओर से जारी बयान में कहा गया है, अंधेरे और उबड़-खाबड़ इलाके का फायदा उठाकर तस्कर बांग्लादेश भाग गए। इसके बाद इलाके की तलाशी में हरियाणा मूल के आठ सांड़ और हमलावरों द्वारा छोड़े गए तीन धारदार भाले बरामद हुए।

## बीपीआरडी देश की पुलिस को स्मार्ट बलों में बदलने के लिए प्रतिबद्धः शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरडी) देश की पुलिस को आवश्यक बौद्धिक, भौतिक और संगठनात्मक संसाधनों से लैस करके विभिन्न चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए स्मार्ट बलों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक बीपीआरडी की यहां आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने शोध अध्ययनों और परियोजनाओं में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों के साथ सहयोग सहित बहु-हितधारक योगदान के महत्व पर भी जोर दिया। स्मार्ट पुलिसिंग का विचार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 में गुवाहाटी में आयोजित पुलिस महानिदेशकों के सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया था। शाह ने कहा कि कहा कि मोदी के नेतृत्व में बीपीआरडी भारतीय पुलिस बलों को आवश्यक बौद्धिक, भौतिक और संगठनात्मक संसाधनों से युक्त करके पुलिसिंग के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के वास्ते उन्हें स्मार्ट बलों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मुर्मू ने दिया प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार

भुवनेश्वर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के अंतिम दिन त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू तथा 26 अन्य को प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया।

मुर्मू ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और विभिन्न क्षेत्रों में समाज के वास्ते काम करने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीयों की सफलता की कहानियां न केवल भारत के लिए गौरव की बात हैं, बल्कि वे दुनिया भर में लाखों लोगों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने को प्रेरित भी करती हैं। मुर्मू ने कहा कि महिलाओं और भारतीय



प्रवासियों पर विशेष ध्यान देने के साथ अपने देश का नेतृत्व करने में कंगालू के उत्कृष्ट योगदान ने विश्व मंच पर एक उच्च मानक स्थापित किया है। प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रवासी भारतीयों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता की मिसाल कायम करने वाले प्रवासी भारतीयों को यह सम्मान दिया जाता है। कंगालू को सार्वजनिक मामलों की श्रेणी में यह पुरस्कार मिला। अन्य पुरस्कार विजेताओं में अजय राणे (ऑस्ट्रेलिया, सामुदायिक सेवा), मारियालेना जोन फर्नांडीस (ऑस्ट्रिया, शिक्षा), स्वामी संयुक्तानंद (फिजी, सामुदायिक सेवा), सरस्वती विद्या निकेतन (गुयाना, सामुदायिक सेवा), लेख राज जुनेजा (जापान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी), प्रेम कुमार (किर्गिज़ गणराज्य, चिकित्सा विज्ञान) और सौक्थवी चौधरी (लाओस, व्यवसाय) शामिल हैं। भारत के उपराष्ट्रपति की अध्यक्षता तथा विदेश मंत्री की उपाध्यक्षता वाली एक समिति ने पुरस्कार विजेताओं का चयन किया।

## फर्जी मतदाता पंजीकरण को लेकर भाजपा ने केजरीवाल के आवास के पास किया प्रदर्शन



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में उत्तर प्रदेश और बिहार से मतदाताओं के फर्जी पंजीकरण के दावे के संबंध में अरविंद केजरीवाल की टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाते देखा गया जिनमें से कुछ ने केजरीवाल के आवास के पास सुरक्षा अवरोधक पार करने का प्रयास भी किया। प्रदर्शन के दौरान लिट्टी चोखा खाएंगे, केजरीवाल भगाएंगे, छठी मैया की जय और पूर्वांचल विरोधी केजरीवाल मुर्दाबाद जैसे नारे गूंजे। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि पूर्वांचलियों को फर्जी मतदाता कहा गया है। जब तक हम केजरीवाल को यहां से नहीं हटाएंगे, तब तक यह गुस्सा शांत नहीं होगा। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि उन्होंने हमें अपमानित किया है। अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान उन्होंने हमारा इस्तेमाल किया और हमें पुलिस की लाठियां खाने पर मजबूर किया और अब, वे हमें फर्जी मतदाता कह रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा अवरोधक को पार करने की कोशिश की और केजरीवाल के आवास के निकट पहुंच गए। हालांकि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने और उन्हें तितर बितर करने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बिना वैध अनुमति के प्रदर्शन करने के आरोप में 20 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया। उन्हें पुलिस की बसों में भरकर विभिन्न थानों में ले जाया गया।

## जापान ने रूस पर लगाये नये प्रतिबंध

तोक्यो। जापान ने यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ शुक्रवार को अतिरिक्त प्रतिबंधों को मंजूरी दे दी, जिनमें दर्जनों व्यक्तियों और समूहों की संपत्तियों पर रोक लगाना शामिल है। इसके साथ ही रूस एवं कई अन्य देशों के दर्जनों संगठनों को निर्यात किए जाने पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। यह प्रतिबंध रूस को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से बचने में उसकी मदद करने वालों पर लगाए गए हैं।

मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने शुक्रवार को कैबिनेट को बताया कि अतिरिक्त प्रतिबंध यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण उसके खिलाफ प्रतिबंधों को मजबूत करने के जी-7 के प्रयास के प्रति जापान की



प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। जापान ने पहले भी कई बार प्रतिबंध लगाए हैं और नवीनतम कदम प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा द्वारा दिसंबर के मध्य में जी-7 ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में देश की नीति की पुष्टि करने के एक महीने बाद उठाया गया है। हयाशी ने कहा कि यह वैश्विक शांति प्राप्त करने और रूसी आक्रमण के कारण यूक्रेन से जुड़ी समस्याओं के हल की दिशा में अंतरराष्ट्रीय प्रयास के हिस्से के रूप में जापान का योगदान है। जापान ने उन व्यक्तियों, संगठनों और बैंकों की एक सूची बनाई है, जिनकी संपत्तियों पर रोक (फ्रीज) लगायी जाएगी। इस सूची में 11 व्यक्ति, 29 संगठन और तीन रूसी बैंक शामिल हैं। इसके अलावा उत्तर कोरिया और जॉर्जिया के एक-एक बैंक भी सूची में शामिल हैं, जिन पर आरोप है कि उन्होंने रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद की है। कैबिनेट ने प्रौद्योगिकी और मशीनरी निर्माताओं सहित रूस के 22 सैन्य-संबंधी संगठनों पर पूर्ण निर्यात प्रतिबंध लगाने को मंजूरी दी। जापान ने 335 वस्तुओं की एक सूची को भी मंजूरी दी है, जिन्हें 23 जनवरी से रूस को निर्यात नहीं किया जा सकेगा।

## कनाडा के भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने पीएम पद के लिए दावेदारी की घोषणा की

ओटावा। कनाडा के भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने घोषणा की है कि वह देश के प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल होंगे।

आर्य ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब लिबरल पार्टी ने निवर्तमान प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के स्थान पर नये नेता को चुनने के लिए नौ मार्च की तारीख निर्धारित की है। यह घटनाक्रम कुछ दिन पहले ट्रूडो के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे की घोषणा और नया नेता चुने जाने तक पद पर उनके बने रहने की बात कहे जाने के बाद हुआ है। ओटावा के नेपियन से सांसद आर्य का जन्म कर्नाटक में हुआ था। उन्होंने स्थानीय समयानुसार बृहस्पतिवार सुबह अपनी दावेदारी की सोशल मीडिया मंच पर घोषणा की। उन्होंने एक्स पर किये गए पोस्ट में कहा कि मैं अपने देश के पुनर्निर्माण और भावी पीढ़ियों के लिए समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एक छोटी, अधिक कुशल सरकार का नेतृत्व करने के वास्ते कनाडा के अगले प्रधानमंत्री की दौड़ में शामिल हो रहा हूं। कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (सीबीसी) ने यह रेखांकित किया है कि आर्य एक छोटी, अधिक कुशल सरकार का नेतृत्व करना चाहते हैं, जिसमें कैबिनेट सदस्यों का चयन योग्नता के आधार पर किया जाएगा।

**इंटरटेनमेंट...**

## फिर रिलीज होगी ऋतिक की 'कहो ना...प्यार है'

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन ने बताया कि जब उनके पिता राकेश रोशन ने उन्हें कहा कि वह उनके साथ कहो ना प्यार है बनाएंगे तो वह दंग रह गए थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि यह फिल्म शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान जैसे बड़े सितारों के लिए लिखी जा रही है। राकेश रोशन द्वारा निर्देशित, कहो ना प्यार है 2000 में रिलीज हुई थी और इस फिल्म से ऋतिक रोशन के करियर की शानदार शुरुआत हुई थी। ऋतिक की फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल की यात्रा का जश्न मनाने के लिए, इस फिल्म को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। बृहस्पतिवार शाम को एक विशेष फैन स्क्रीनिंग में देश भर से प्रशंसक इस लोकप्रिय फिल्म को देखने के लिए एकत्रित हुए। इस फिल्म में अमीषा पटेल भी थीं। एक संवाद सत्र के दौरान ज तिक ने फिल्म की कास्टिंग के बारे में बात की। राकेश रोशन के साथ बतौर सहायक निर्देशक किंग अंकल, करण- अर्जुन और कोयला में काम कर चुके ऋतिक रोशन ने बताया कि जब उनके पिता इस फिल्म की कहानी लिख रहे थे, उस समय उन्होंने अपने पिता से कहा कि इस भूमिका के लिए कोई




भी अभिनेता उपयुक्त नहीं है। ऋतिक रोशन ने बताया, तब मेरे पिता ने कहा कि वह मेरे साथ यह फिल्म बना रहे हैं, तो मुझे बहुत आश्चर्य हुआ। उन्होंने बताया कि शुरुआत में मुझे लगा कि यह कहानी शाहरुख खान, आमिर खान या सलमान खान जैसे बड़े सितारों के लिए लिखी जा रही है। उन्होंने बताया मैंने कहा, पापा, इनमें से कोई भी अभिनेता इस फिल्म के लिए ठीक नहीं रहेगा। मैंने उन्हें उनकी पहली फिल्मों में यह सब करते देखा है। इस पर उन्होंने कहा, चुप रहो। मैं यह फिल्म तुम्हारे साथ बना रहा हूं। तो हां, यह थोड़ा चौंकाने वाला था। शुक्रवार को 51 साल के हुए ऋतिक ने कहा कि यह सुनने के बाद वह अपने कमरे में चले गए और सोचने लगे कि कैसे मैं ये सब कर पाउंगा। ऋतिक ने याद करते हुए बताया पापा आए और दरवाजा खटखटाया।

## ऑल वी इमेजिन एज लाइट को मिला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

नयी दिल्ली। प्रख्यात हॉलीवुड अभिनेत्री, फिल्म निर्माता और आस्कर पुरस्कार विजेता जोडी फोस्टर ने ऑल वी इमेजिन एज लाइट फिल्म दो बार देखी है। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया ने यह बात कही। इस फिल्म को पुरस्कार समारोहों में लगातार सराहा जा रहा है। न्यूयॉर्क फिल्म क्रिटिक्स सर्किल (एनवाईएफसीसी) द्वारा बुधवार शाम कपाड़िया को इसके लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फिल्म का पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार प्राप्त करते समय उन्होंने हालीवुड में कई लोगों से जुड़ने में मदद करने के लिए अमेरिका में फिल्म वितरक का आभार जताया। उन्होंने 82वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स समारोह को याद किया जहां इस फिल्म को दो श्रेणियों में नामांकित किया गया था। उन्होंने कहा हम कुछ दिन पहले गोल्डन ग्लोब्स में थे और जोडी फोस्टर ने हमारी फिल्म दो बार देखी। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि यह फिल्म सफल होगी। कनी कुसरूति, दिव्या प्रभा और छाया कदम अभिनीत यह फिल्म तीन महिलाओं पर आधारित है।

## शरीर साथ देगा, तो मैं काम करती रहूंगी : हिना खान

मुंबई। स्तन कैंसर से जूझ रही टेलीविजन अभिनेत्री हिना खान का कहना है कि 2024 और 2025 के बीच सिर्फ इतना फर्क आया कि वह पहले से ज्यादा मजबूत हो गई हैं।

हिना ने जुलाई 2024 में सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर तीसरे चरण के कैंसर से पीड़ित होने की जानकारी दी थी। ये रिश्ता क्या कहलाता है और कसौटी जिंदगी की-2 जैसे धारावाहिक से लोकप्रिय हुईं 37 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि खुद को सामान्य रखने के लिए वह उपचार के दौरान भी पेशेवर रूप से सक्रिय रहीं। हिना ने कहा, मैं अब भी वही हिना हूं। पुरानी हिना जो साहसी और मजबूत थी और यह हिना



भी बेहद मजबूत और साहसी है। वास्तव में, मैं और मजबूत हो गई हूं। उन्होंने कहा इस पूरे साल के दौरान मैं काम करती रही। मैंने इसे (कैंसर के निदान) सामान्य मानने और खुद को सामान्य महसूस कराने पर ध्यान दिया।

## ईमानदारी के साथ बनायी थी सत्या : राम गोपाल वर्मा

नयी दिल्ली। फिल्म निर्माता-निर्देशक राम गोपाल वर्मा का कहना है कि उनकी 1998 की फिल्म सत्या बहुत सोच समझ कर नहीं बल्कि ईमानदारी से बनाई गई थी और यह फिल्म उन निर्माताओं के लिए एक सबक होनी चाहिए, जो बड़े बजट और बड़े सितारों के साथ फिल्म बनाने की होड़ में हैं। सत्या एक गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अब भी उसकी कलात्मकता के लिए सिनेमा के शौकीन सराहते हैं। यह फिल्म 17 जनवरी को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज़ होने वाली है। सौरभ शुक्ला और अनुराग कश्यप द्वारा लिखित इस फिल्म में जेडी चक्रवर्ती द्वारा निभाये गये मुख्य किरदार की नज़र से अपराध की दुनिया पर ध्यान केंद्रित किया गया है। वर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक लंबे पोस्ट में कहा



कि बिना किसी बड़े कलाकार या बजट के, सत्या ने अपना संदेश दिया और यह हिंदी फिल्म उद्योग के सभी कहानीकारों के लिए आंख खोलने वाली रचना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्या चतुराई से नहीं बल्कि ईमानदार प्रवृत्ति से बनाई गई थी और इसे जो दर्जा मिला है, वह वर्तमान और भविष्य के सभी फिल्म निर्माताओं के लिए एक सबक होना चाहिए, जिसमें हम, इसके मूल निर्माता भी शामिल हैं।

वर्मा (62) ने कहा जब पूरा उद्योग भारी बजट, महंगे वीएफएक्स, विशाल सेट और सुपर स्टार के पीछे दौड़ रहा है, तो ऐसे में हम सभी के लिए सत्या पर फिर से गौर करना और गहराई से सोचना समझदारी होगी कि यह उपरोक्त वर्णित आवश्यकताओं के बिना इतनी बड़ी ब्लॉकबस्टर कैसे बन गई, यही सत्या के लिए सही सोच होगी। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने फिल्म बनाने का फैसला किया, तो टीम को विषय वस्तु पर वास्तविक सहज ज्ञान के अलावा इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी कि हम क्या बना रहे थे। उन्होंने कहा हम में से हर एक को एक-दूसरे की प्रतिभा का एहसास तभी हुआ जब फिल्म हिट हो गई और फिर दूसरों से अपनी प्रतिभा की प्रशंसा सुनने को मिली।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com